श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 250, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



खेलों के महाकुंभ में पदकों की दहाई का लक्ष्य 15

बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती है सोनम 16

## दरबार हॉल नहीं, अब गणतंत्र मंडप

नई दिल्ली, एजेंसी

**बदला नाम**

- राष्ट्रपति भवन का अशोक हॉल अब कहलाएगा अशोक मंडप

राष्ट्रपति भवन के प्रतिष्ठित दरबार हॉल और अशोक हॉल के नाम गुरुवार को बदलकर क्रमशः गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप कर दिए गए। पिछले साल राष्ट्रपति भवन परिसर में प्रसिद्ध मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान कर दिया गया था।

राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि भारत के राष्ट्रपति का कार्यालय और निवास राष्ट्रपति भवन, राष्ट्र का प्रतीक और देश की एक अमूल्य धरोहर है। लोगों के लिए इसे और अधिक सुलभ बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। दरबार हॉल राष्ट्रीय पुरस्कारों की प्रस्तुति जैसे महत्वपूर्ण समारोहों और कार्यक्रम के आयोजन का स्थान है। बयान में कहा गया कि भारत के गणतंत्र बनने के बाद दरबार की प्रासंगिकता खत्म गई। गणतंत्र मंडप आयोजन स्थल के लिए एक उपयुक्त नाम है। अशोक शब्द का अर्थ किसी ऐसे व्यक्ति से है जो सभी कष्टों से मुक्त है। भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ है। जिसके अनुसार अशोक हॉल का नाम बदलकर अशोक मंडप रखा गया है। इस हॉल का उपयोग दूसरे देशों के प्रमुखों द्वारा परिचय पत्र प्रस्तुत करने के स्थल के रूप में किया जाता है।

### सरकार के लिए दरबार नहीं, शहंशाह का सिद्धांत



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदले जाने के बाद केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस सरकार के लिए दरबार का नहीं, बल्कि शहंशाह का सिद्धांत है। दोनों हॉलों के नाम बदले जाने पर प्रियंका गांधी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि सरकार के पास दरबार का नहीं, शहंशाह का सिद्धांत है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा की नई तिथियों की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अगस्त में 23, 24, 25, 30 व 31 तारीख को प्रतिदिन दो पालियों में होगी परीक्षा
- 60,244 सिपाहियों की भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने से फरवरी में हुई थी स्थगित

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से सिपाही भर्ती परीक्षा की नई तिथियों की घोषणा कर दी गई है। 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन अगस्त माह की 23, 24, 25, 30 व 31 तारीख को किया जाएगा। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में होगी। प्रत्येक पाली में लगभग 5 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि परीक्षा फरवरी माह में निरस्त कर दी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निर्देश दिया गया था कि यह परीक्षा छह महीने के अंदर पुनः आयोजित होगी। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए परीक्षा संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं यथा, परीक्षा की तैयारियों, परीक्षा केंद्रों के चयन, परीक्षार्थियों का सत्यापन आदि के लिए विस्तृत दिशा निर्देश शासन द्वारा 19 जून को जारी किए गए हैं। यह परीक्षा इन सभी मानकों के अनुसार आयोजित की जा रही है।



### परीक्षा संबंधी अपराध में उम्रकैद व एक करोड़ का जुर्माना

प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों, जैसे प्रश्नपत्र लीक होना, उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ आदि को रोकने के लिए उप्र सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश-2024 पहली जुलाई 2024 को अधिसूचित किया गया है। इस अधिनियम में प्रावधान किया गया है कि परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना अथवा कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरूपण करना अथवा षड्यंत्र करना आदि अपराध की श्रेणी में आएगा। ऐसे प्रकरणों में संलिप्त पाए जाने पर उम्रकैद अथवा एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकता है।

### परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को मिलेगी फ्री बस सेवा

परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परिवहन विभाग निशुल्क बस सेवा की सुविधा देगी। अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार इसका लाभ ले सकते हैं। इसके लिए बस से यात्रा करने वाले अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र की अतिरिक्त दो प्रतियां रखनी होगी। एक प्रति परीक्षा केंद्र के जनपद तक की यात्रा और दूसरी प्रति परीक्षा उपरांत अपने जनपद तक की यात्रा के लिए कंडक्टर को देना है।

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
— वास्तविक छूट —
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर
ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती
फुटवियर, पर्स, साड़ियां, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## सत्ता पक्ष-विपक्ष में तीखी नोकझोंक

**बजट पर चर्चा**

- हंगामे के चलते दो बार स्थगित हुई लोकसभा की कार्यवाही
- कांग्रेस सांसद चन्नी और केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू के बीच चले शब्द बाण
- किसानों को एमएसपी की गारंटी के बयान पर बिफरे केंद्रीय मंत्री गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी



रवनीत सिंह बिट्टू — चरण जीत सिंह चन्नी

लोकसभा में गुरुवार को केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच अलग-अलग मुद्दों पर तीखी नोकझोंक हुई जिसके बाद सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। सबसे पहले केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी के बीच तीखी नोकझोंक हुई, बाद में सत्तापक्ष एवं तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों के बीच कहासुनी देखने को मिली।

सदन में केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा के दौरान जालंधर से कांग्रेस के सांसद और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि ये देश के हवाई अड्डे समेत सबकुछ बेच रहे हैं। चन्नी ने कहा कि आप (सरकार) देश की संपत्तियों के संरक्षक हैं, मालिक नहीं हैं। इन्हें बेचने की और देश को बर्बाद करने की गलती मत कीजिए। कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से करते हुए आरोप लगाया कि इनमें (सत्तापक्ष) और अंग्रेजों में कोई फर्क नहीं है, सिर्फ रंग का फर्क है। पहले ये सत्ता में काबिज हुए और फिर सत्ता के रास्ते ये देश के उद्योगों पर अपने लोगों का कब्जा करा रहे हैं। इस पर रेल राज्य मंत्री और पूर्व कांग्रेस सदस्य बिट्टू ने कुछ टिप्पणी की। जवाब में चन्नी ने उनका नाम लेते हुए कहा कि आपके पिताजी शहीद हुए थे। लेकिन वह उस दिन मरे, जिस दिन आपने कांग्रेस को छोड़ा। इस पर पीठासीन सभापति संध्या राय ने कांग्रेस सदस्य से व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करने को कहा। बिट्टू ने कहा कि इन्होंने (चन्नी ने) मेरा नाम लिया। मेरे दादा सरदार बेअंत सिंह ने कुर्बानी देश के लिए दी थी, कांग्रेस के लिए नहीं दी थी। उन्होंने कहा कि चन्नी गरीबी की बात कर रहे हैं, लेकिन सारे पंजाब में अगर ये सबसे अमीर और सबसे भ्रष्ट आदमी नहीं हुए तो मैं अपना नाम बदल दूंगा। इस पर दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक होने लगी। हंगामे के कारण कार्यवाही दोपहर 1:25 बजे दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दो बजे सदन की कार्यवाही दोबारा आरंभ हुई तो रक्षा मंत्री और सदन के उपनेता राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों तरफ के सदस्यों के भाषणों को देखा जाए और जो भी असंसदीय है उसे कार्यवाही से हटा दिया जाए। इसके बाद चन्नी ने अपना अधूरा भाषण आगे बढ़ाया और कहा कि सरकार ने किसानों को (एमएसपी की) कानूनी गारंटी देने का लिखित वादा किया था। इस पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस सदस्य अपनी बात प्रमाणित करें या माफी मांगें। सदन में एक बार फिर से नोकझोंक शुरू हो गई। बिरला ने कहा कि कांग्रेस सदस्य को अपनी बात प्रमाणित करनी होगी। चन्नी के बाद जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सदस्य सुनील तटकरे ने बोलना शुरू किया तो तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने बैठने के स्थान को लेकर कुछ आपत्ति जताई। इसके बाद फिर दोनों पक्षों के सदस्यों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। हंगामे के बीच पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने सदन की कार्यवाही दो बजकर करीब 25 मिनट पर अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### मर्यादा रखें, आसन को चुनौती नहीं दें : बिरला



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय तथा तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में सदस्यों से कहा कि वे सदन की मर्यादा रखें तथा आसन को चुनौती नहीं दें। बुधवार को गंगोपाध्याय के वक्तव्य के दौरान कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने गोडसे को लेकर टिप्पणी की जिस पर गंगोपाध्याय ने आपत्तिजनक शब्द कहे थे।

### बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष कर रहा राजनीति



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने संसद में केंद्रीय बजट पर बहस के दौरान महत्वपूर्ण पहलुओं पर बोलने के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गाली देना शुरू कर दिया। रीजीजू ने कहा कि जिस तरह से कुछ विपक्षी नेताओं ने अपने भाषण दिए, वह सदन का अपमान करने और बजट सत्र की गरिमा को कम करने जैसा है।

## जौहर विवि में शत्रु संपत्ति पर गृह मंत्रालय ने लिया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- नौ अप्रैल को दिए गए हाईकोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई
- 13.8 हेक्टेयर रकबे पर चारों ओर खंभे लगे, कराई तारबंदी

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री आजम खां के मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में लखनऊ से आई टीम ने शत्रु संपत्ति को कब्जे में ले लिया। गुरुवार को शत्रु संपत्ति को चिन्हित कर खंभे लगवाने के बाद तारबंदी करवा दी गई। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात रही। जौहर विवि में करीब 13.8 हेक्टेयर शत्रु संपत्ति है। नौ अप्रैल के हाईकोर्ट के आदेश पर गृह मंत्रालय की टीम ने शत्रु संपत्ति को कब्जे में लेने की कार्रवाई की है।

सपा सरकार में मंत्री रहे आजम खां ने 2006 में तहसील सदर स्थित आलियागंज में जौहर विश्वविद्यालय की स्थापना का काम शुरू किया था, लेकिन सपा सरकार के बाद भाजपा की सरकार ने आजम खां की घेराबंदी शुरू कर दी थी। निर्माण के दौरान जौहर विश्वविद्यालय में शत्रु संपत्ति को भी मिला लिया था। यह संपत्ति करीब 13.8 हेक्टेयर है। इसके बाद उच्चाधिकारियों द्वारा जांच कराने पर मामला सही पाया गया था। तभी से इसकी जांच चल रही है। कुछ दिनों पहले लखनऊ से आई टीम ने स्थानीय प्रशासन के साथ जमीन को चिहिन्त करके खंभे लगवाकर तारबंदी करा दी थी। हालांकि बाद में आजम खां के अधिवक्ताओं ने इस जमीन पर कुछ समय के लिए कोर्ट से स्टे ले लिया था। इसके बाद खंभे हटा दिए गए थे। स्टे का समय पूरा होने के बाद गुरुवार को फिर गृह मंत्रालय से आए शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक प्रशांत सैनी, नायब तहसीलदार गौरव विश्वनोई राजस्व टीम के साथ जौहर विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने शत्रु संपत्ति को चिहिन्त करने के बाद खंभे लगवाए और तारबंदी कराई।

### सीयूईटी-यूजी की अंतिम कुंजी जारी, नतीजे जल्द

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार को संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) की अंतिम कुंजी जारी कर दी। इसी के साथ स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परिणाम घोषित करने का रास्ता साफ हो गया। एनटीए ने 7 जुलाई को सीईयूटी-यूजी की वैकल्पिक कुंजी जारी की थी जबकि करीब एक हजार विद्यार्थियों की शिकायत पर उनकी दोबारा परीक्षा 19 जुलाई को ली गई। एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि परिणाम जल्द घोषित किए जाएंगे।

### गूगल मैप्स ने भारत में कई नई सुविधाएं पेश कीं

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने अपने गूगल मैप्स पर कई नई सुविधाएं की पेशकश की है। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की सूचना, फ्लाईओवर कॉलआउट और चार-पहिया वाहन चालकों के लिए संकरी सड़क के उपयोग को कम करने के लिए एआई-संचालित रूटिंग क्षमता शामिल है। गूगल मैप्स ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जबकि उसे घरेलू कंपनी ओला मैप्स से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। गूगल मैप्स ने गुरुवार को नई विशेषताओं की घोषणा करते हुए कहा कि यह मैपिंग के लिए एक रोमांचक समय है।

## कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ाई



- सिसोदिया और के कविता की हिरासत भी बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को सीबीआई की ओर से दर्ज दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि आगामी 8 अगस्त तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज धनशोधन के एक अन्य मामले में मुख्यमंत्री की हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई। केजरीवाल को तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। विशेष अदालत ने धन शोधन मामले में आप के नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि भी 31 जुलाई तक बढ़ा दी है।

## राज्यों के पास खनिजों पर टैक्स वसूलने का कानूनी अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीजेआई की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय पीठ ने दिया निर्णय

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि खनिजों पर देय रॉयल्टी कोई कर नहीं है और संविधान के तहत राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार है। इस फैसले से झारखंड और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से केंद्र द्वारा खदानों और खनिजों पर अब तक लगाए गए हजारों करोड़ रुपये के करों की वसूली पर फैसला करने का आग्रह किया था। राज्यों ने शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि केंद्र से करों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए फैसले को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू किया जाए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हालांकि दलीलों का कड़ा विरोध किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्र और राज्यों से इस पहलू पर लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा और कहा कि वह 31 जुलाई को इस मुद्दे पर फैसला करेगी।

## अनपरा की दो इकाइयां ठप, बिजली संकट बढ़ा

**लखनऊ।** भारी उमस के बीच प्रदेश में बिजली उत्पादन इकाइयों के ठप होने का सिलसिला लगातार जारी है। गुरुवार को अनपरा की दो इकाइयां ठप हो गई हैं। इससे बिजली संकट गहरा गया, जबकि स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादतर इलाके बिजली संकट की चपेट में रहे। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार दोपहर में अनपरा की पांच सौ मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई। अपरान्ह करीब तीन बजे 210 मेगावाट क्षमता की दूसरी इकाई भी ठप हो गई। सूत्रों का कहना है कि सिंगरौली की दो सौ मेगावाट की इकाई 20 जुलाई से बंद चल रही है। सूत्रों का कहना है कि गर्मी व उमस के कारण बिजली की मांग बढ़ी हुई है। बिजली आपूर्ति के लिए निर्धारित समय सारिणी के तहत गांवों में छह घंटे, नगर पंचायतों-तहसील मुख्यालयों में ढाई घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र में चार घंटे की घोषित बिजली कटौती जारी रही। इस दौरान लोग परेशान रहे।

## आगरा व मेरठ से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करें सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र का प्रस्ताव इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भेजा पत्र

केंद्र ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजे) को पत्र लिखकर कुछ मामलों की मेरठ और आगरा से वीडियो कांफ्रेंस के जरिये सुनवाई करने का प्रस्ताव भेजा है तथा उसे उम्मीद है कि कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी।

कानून एवं विधि राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में गुरुवार को एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की पीठ मेरठ और आगरा में स्थापित हो, यह विषय लंबे समय से चल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 'ई-कोर्ट प्रोजेक्ट-तृतीय' के माध्यम से ऐसा प्रयास कर रही है। मेघवाल ने कहा कि हमने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा है कि कुछ सुनवाई मेरठ और आगरा से की जा सकती है। जवाब अभी आया नहीं है। सकारात्मक उत्तर आने की संभावना है। मेघवाल ने हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने के प्रश्न पर कहा कि इस तरह का कोई प्रस्ताव अभी सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है।

## अब्बास की बेल पर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार से विधायक अब्बास अंसारी की जमानत (बेल) याचिका पर जवाब मांगा। अंसारी ने उस मामले में जमानत का अनुरोध किया है जिसमें उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए विभिन्न लोगों को जबरन वसूली के लिए धमकाया। अंसारी की पत्नी चित्रकूट जिला जेल में बंद अपने पति अंसारी से मुलाकात के लिए जाती थी। मऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक अंसारी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के एक मई के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

## बंदूक दिखाकर नाबालिग से दुष्कर्म, इमारत से नीचे फेंका

नई दिल्ली, एजेंसी

- दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका इलाके की घटना, अस्पताल में भर्ती

दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका में बंदूक दिखाकर 16 वर्षीय एक लड़की से दुष्कर्म करने के बाद उसे इमारत की पांचवीं मंजिल से नीचे फेंक दिया गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि नीचे गिरने से लड़की के पैरों में फ्रैक्चर हो गया। दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक सोमवार को जब पीड़िता के माता-पिता घर में नहीं थे तभी पड़ोसी उसके घर में जबरन घुस गया और लड़की को पास की एक इमारत में ले गया, जहां उसने नाबालिग से दुष्कर्म किया और उसे इमारत की पांचवीं मंजिल से नीचे फेंक दिया। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की काउंसलिंग कर उसका बयान दर्ज किया गया, जिसमें उसने आरोप लगाया कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 127 (2) (बंधक बनाना), 65 (1) (16 साल से कम उम्र की युवती से दुष्कर्म) व 109 (1) (हत्या का प्रयास) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## उत्तराखंड आने वाले पर्यटक वाहनों में लगाने होंगे डस्टबिन

**राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता को बनाए रखने को फैसला**

ब्यूरो, देहरादून



मुख्य सचिव राधा रतूड़ी

- पर्यटकों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसी व वाहन चालकों को पालन कराने के निर्देश
- उत्तराखंड परिवहन विभाग ने उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के परिवहन आयुक्तों को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की प्राकृतिक स्वच्छता व सुंदरता को बनाए रखने के लिए पर्यटक वाहनों में अब डस्टबिन/कचरा बैग रखना अनिवार्य होगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसियों व टैक्सी चालकों को सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। पर्यटकों से भी वाहन में कचरा बैग रखने की अपील की है।

मुख्य सचिव ने नियमित रूप से चेकिंग एवं चालान करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि परिवहन विभाग द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। पूर्व में इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चण्डीगढ़, राजस्थान व मध्य प्रदेश के परिवहन आयुक्तों को भी पत्र लिखा गया था। परिवहन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार चारधाम यात्रा के दौरान स्वच्छता अभियान के तहत वाहन में बैठे यात्री सड़कों पर कचरा नही फेंक सकते तथा सभी वाहनों में डस्टबिन / कचरा बैग लगाना अनिवार्य है। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों को ट्रिप कार्ड जारी करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रत्येक वाहन में डस्टबिन/ कचरा बैग हो। आमजन को व्यापक स्तर पर इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने इस संबंध में टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसी व वाहन चालकों से भी संवाद व समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।

### बदरीनाथ, केदारनाथ और गंगोत्री हाईवे बंद

**देहरादून।** उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जारी बारिश व भूस्खलन के चलते चमोली व रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ, केदारनाथ हाईवे समेत कई सड़कें बंद हो गई हैं। उत्तरकाशी में भटवाड़ी-गंगनानी के बीच बोल्डर गिरने से गंगोत्री हाईवे बंद हो गया है। चमोली जिले में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग जगह-जगह बंद है। रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ हाईवे पर फाटा के निकट डोलिया देवी में मलबा आने से हाईवे बंद है। केदारघाटी में लगातार बारिश से केदारनाथ हाईवे पर जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है।

**कठुआ आतंकी हमला**

## आतंकवादियों के दो मददगार गिरफ्तार

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सेना के गश्ती दल पर हुए आतंकी हमले में संलिप्तता के लिए आतंकवादियों के दो कथित मददगारों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि जिले के दूरस्थ मछेड़ी इलाके में आतंकवादियों द्वारा 8 जुलाई को घात लगाकर किए गए हमले में एक जूनियर कमीशन अधिकारी सहित सेना के पांच जवान शहीद हुए थे और पांच अन्य लोग घायल हुए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बिलावर के कलना धानू परोल के रहने वाले लायाकत अली उर्फ पावू और मल्हार के बौली मोहल्ला के मूल राज उर्फ जेनजू के रूप में हुई है। मल्हार थाने में अली और राज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा और इग्रेस एंड इंटरनल मूवमेंट कंट्रोल अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में 100 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

### छत्तीसगढ़ में 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में पांच नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि नक्सलियों पर कुल 19 लाख रुपये का इनाम घोषित है।

## एक नजर

### लॉ कॉलेज के प्राचार्य के पिता को दी श्रद्धांजलि

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जय शंकर ओझा के पिता राम अनुज ओझा का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। महाविद्यालय में शोकसभा आयोजित कर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोकसभा में प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश कुमार मिश्रा, डॉ. पवन कुमार गुप्ता, डॉ. अनिल कुमार शाह, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, अमित सैनी, गौरव गुप्ता, सुनील चौहान समेत समस्त स्टाफ के सदस्य और छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### सूफी संत सोसाइटी के अध्यक्ष बने राशिद



**शाहजहांपुर।** साबरी सूफी संत वेलफेयर ज्वाइंट सोसाइटी उत्तराखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी खलीक अहमद साबरी ने एमनजई जलालनगर निवासी राशिद हुसैन खां को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। खलीक अहमद ने राशिद हुसैन की साहित्यिक, सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है।

# शहीद रमेश के गांव पहुंची कारगिल की मिट्टी, जयघोष से गूंजा क्षेत्र

## लद्दाख, जम्मू और कश्मीर अध्ययन केंद्र ने निकाली कलश यात्रा, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत, अर्पित की श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाई जा रही है। गुरुवार को महानायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए लद्दाख, जम्मू और कश्मीर अध्ययन केंद्र के बैनर तले मीरानपुर कटरा के शहीद स्तंभ से कारगिल बलिदानी रमेश चंद्र के पैतृक गांव काबिलपुर तक कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में कारगिल की मिट्टी लाकर उसका वंदन किया गया।

मीरानपुर कटरा के शहीद स्तंभ पर कारगिल से कलश में लाई गई मिट्टी पर पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों और जांबाज सैनिकों को याद किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संपर्क प्रमुख ईशपाल और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग प्रमुख मचकेंद्र सिंह के नेतृत्व में भव्य मोटरसाइकिल शोभायात्रा भी निकाली गई, जो कलश यात्रा की अगुआई करते हुए बलिदानी रमेश चंद्र के गांव तक पहुंची। अमर शहीद के गांव में संघ के विभाग प्रचारक धर्मेंद्र धवल, बलिदानी की पत्नी सुनीता देवी, पुत्र अशोक कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह और सर्वेश कुमार सहित सैकड़ो ग्रामवासियों ने शोभा यात्रा में शामिल लोगों और मिट्टी कलश का स्वागत किया। इस दौरान बलिदानी रमेश अमर रहें, भारत माता की जय के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने बलिदानी रमेश चंद्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात रमेश चंद्र के घर के बाहर, उनके आंगन, खेत, गांव के स्कूल और मंदिर परिसर में शहीद की याद में पौध भी रोपित की। इस अवसर पर लद्दाख जम्मू और कश्मीर अध्ययन केंद्र के स्थानीय प्रभारी डॉ. आलोक कुमार सिंह ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित बहादुरी की याद दिलाता है। पूरा देश उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दे रहा है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा करते हुए बलिदान दिया। ईशपाल सिंह ने बलिदानी के जीवन पर प्रकाश डाला। विभाग प्रचारक धर्मेंद्र धवल ने कहा कि आगामी वर्षों में रमेश चंद्र के बलिदान दिवस को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। आयोजन में पूर्व सैनिक शिव शर्मा, एनसीसी कैडेट विकास यादव, कुलदीप, अभिजीत सिंह, सुनील कुमार, अर्जुन, नरेश पाल, प्रदीप कुमार सहित ग्रामीण शामिल रहे।

- बलिदानी रमेश चंद्र के घर, खेत और गांव के मंदिर में रोपी पौध



गांव काबिलपुर में शहीद रमेश की पत्नी सुनीता देवी को कलश सौंपते आयोजक। ● अमृत विचार



घर के बाहर पौध रोपित करतीं शहीद रमेश की पत्नी सुनीता देवी।

### मशाल यात्रा में गूंजे भारत माता के जयघोष

- कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर भाजयुमो ने निकाली यात्रा
- शहीद उद्यान शहीद स्तंभ के समक्ष मोमबत्तियां जलाकर अमर शहीदों को किया नमन

**शाहजहांपुर।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर भाजपाइयों ने गुरुवार देर शाम मशाल यात्रा निकालकर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को याद किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के बैनर तले निकली मशाल यात्रा के समापन पर कार्यकर्ताओं ने शहीद उद्यान में शहीद स्तंभ के समक्ष मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता के नेतृत्व और मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्जुन ठाकुर के संयोजन में मशाल यात्रा के लिए तमाम कार्यकर्ता खिरनीबाग जीआईसी मैदान में एकत्र हुए। यहां से बैनर और कारगिल शहीद रमेश चंद्र के फोटो के साथ कार्यकर्ता मशालें लेकर भारत माता की जय, कारगिल शहीद अमर रहें आदि जयघोष करते हुए सदर बाजार, टाउनहाल होते हुए शहीद उद्यान पहुंचे, जहां सभी ने शहीद स्तंभ के समक्ष मोमबत्तियां जलाकर महानायकों का भावपूर्ण स्मरण किया। मशाल यात्रा में पार्षद सुधीर गुप्ता, मुकेश राठौर, अवधेश दीक्षित, हेमा अग्रवाल, संकेत श्रीवास्तव, ज्योति गुप्ता, नलिनी ओमर, मंजुला बाथम, स्वप्निल शर्मा, आशीष वर्मा, सुनील मालवीय, नितेश गुप्ता, सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि, दिवाकर सिंह, अग्निवीर गुर्जर, श्याम बाबू दीक्षित, संजीव, दिलीप, आशीष शुक्ला समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।




कारगिल शहीदों की स्मृति में मशाल यात्रा निकालते भाजपाई। ● अमृत विचार

## सांसद ने उठाई कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग

- संसद में शून्यकाल के दौरान बोले अरुण सागर, देश के सच्चे हितैषी थे कांशीराम

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सांसद अरुण कुमार सागर ने गुरुवार को संसद भवन में शून्यकाल के दौरान बोलते हुए कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग की है। वह भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उनको भारत रत्न से सम्मानित करना सभी के लिए गर्व की बात होगी। भाजपा सांसद अरुण सागर ने बताया कि कांशीराम को बहुजन नायक और मान्यवर के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने बहुजनों और देश के सबसे निचले स्तर पर अछूत समूहों सहित पिछड़ी जातियों के उत्थान के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वास्तव में वह जमीनी कार्यकर्ता थे। उन्होंने सादगी से जीवन व्यतीत करते हुए दलितों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। किसी से छिपा नहीं है कि कांशीराम ने दलित राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है, लेकिन वह एक राजनीतिक से ज्यादा देश के दबे कुचले और पिछड़े समाज के उत्थान के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहे। सांसद अरुण सागर ने सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध किया है कि कांशीराम के समाज और देश के प्रति योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। कहा कि कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करने पर पूरे देश वासियों को गर्व का अहसास होगा।



अरुण कुमार सागर।



कांशीराम।

# स्थायीकरण तक मानदेय बढ़ाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शिक्षामित्रों ने गांधी भवन में सभा कर सरकार से किया समस्या समाधान का आग्रह
- पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा सीएम को संबोधित ज्ञापन

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने प्रांतीय आह्वान पर गुरुवार को गांधी भवन स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित कर सभा की। इसके बाद जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए शिक्षामित्रों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चित्रा निर्वाल को दिया।

सभा को संबोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष डॉ. रत्नाकर दीक्षित ने कहा कि शिक्षामित्र पिछले 23 वर्षों से परिषदीय विद्यालयों में सेवाएं दे रहे हैं। इस दौरान शिक्षामित्रों ने कई उतार-चढ़ाव देखे। 2250 रुपये मानदेय से लेकर 40,000 रुपये नियमित वेतन का सफर तय करने के बाद 25 जुलाई वर्ष 2017 को सर्वोच्च न्यायालय से सरकार की लचर पैरवी के कारण शिक्षामित्रों का समायोजन रद्द हो गया। शिक्षक भर्ती में वेटेज आदि की व्यवस्था दी गई, लेकिन सरकार ने खेल कर शिक्षामित्रों को शिक्षक बनने से रोक दिया। अब सरकार शिक्षामित्रों को मात्र 10,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय दे रही है। इतने कम मानदेय में गुजारा करना मुश्किल हो रहा है। कहा कि सरकार चाहे तो अन्य प्रदेशों की तरह शिक्षामित्रों को स्थाई कर सकती है।

इसके बाद शिक्षामित्र पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और 7 सूत्रीय मांग पत्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा, जिसमें शिक्षा मित्रों को नई शिक्षा नीति में शामिल करते हुए स्थायीकरण किए जाने, स्थायीकरण होने तक मानदेय में बढ़ोतरी करने, मूल विद्यालय में शिक्षामित्रों को पुनः भेजे जाने, महिला शिक्षामित्रों को ससुराल के पड़ोस के विद्यालय में स्थानांतरित करने, ईपीएफ आयुष्मान योजना में शामिल करते हुए मृतक आश्रितों को आर्थिक सहायता और एक सदस्य को नौकरी देने आदि मांगे शामिल की गईं।




पैदल मार्च निकालकर ज्ञापन देने जाते शिक्षामित्र। ● अमृत विचार

### ज्ञापन देने वालों में ये लोग रहे शामिल

इस मौके पर जूनियर हाई स्कूल के जिला अध्यक्ष मगरे लाल, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष ऋषिकांत पांडेय, एसटीएससी संघ के जिलाध्यक्ष अजय वर्मा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री अंकुर त्रिपाठी, यूटा के जिलाध्यक्ष विनीत गंगवार, अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष रवि वर्मा, श्यामलाल यादव, राम पूत पाल, वेद वर्मा, जितेंद्र दीक्षित, मिथलेश यादव, आलोक वर्मा, सुबोध वर्मा, विश्राम सिंह, हरिशंकर, उषा मिश्रा, शबाना नाज, मंजू, कविता, सच्ची, मीना, पूजा सिंह, धर्मेंद्र, सिकंदर खां, सुनीता, राधा, पिंकी, अर्चना, रजनी वाला, गीता, पुष्पा देवी, अरुण शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह, विचित्र पाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक शामिल रहे।


















# जल्द कराएं फसल बीमा, पांच दिन शेष

- 5 लाख किसानों में से अब तक सिर्फ 6 हजार किसानों ने ही कराया बीमा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत फसलों को बीमित कराने के लिए 5 दिन शेष रह गए हैं। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि कृषि विभाग की ओर से 31 जुलाई रखी गई है। जनपद में 5 लाख किसानों में से मात्र अब तक सिर्फ 6 हजार किसानों ने फसल बीमा कराया है। डीडी कृषि धीरेंद्र सिंह ने किसानों से जल्द बीमा कराकर योजना का लाभ उठाने की अपील की।

योजना के तहत दैवीय आपदा से फसलों की सुरक्षा के लिए किसान फसलों को बीमित कर जोखिम को कम कर सकते हैं। खरीफ फसलों में बीमित राशि का 2 प्रतिशत प्रीमियम मात्र (कृषक अंश) फसल बीमा के लिए देय होता है। इच्छुक किसान गैर ऋणी कृषक के रूप में अपनी फसलों को बीमित कर सकते हैं और जिन कृषकों की ओर से अपने केसीसी पर फसली ऋण ले रखा है उनका प्रीमियम (कृषक अंश) बैंक की ओर से सीधे काट कर बोयी गयी अधिसूचित फसल को बीमित कर दिया जाता है।

किसान अपनी बैंक शाखा में तत्काल संपर्क कर अपनी फसल का बीमा किए जाने के लिए सूचित करें, जिससे ससमय प्रीमियम की कटौती कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पोर्टल पर फीडिंग कर फसलों को बीमित किया जा सके। इंश्योरेंस कंपनी के टोल फ्री नम्बर 14447 पर कॉल कर फसल बीमा की जानकारी और अपनी फसलों में होने वाले नुकसान की सूचना दर्ज करवा सकते हैं।



भावलखेड़ा ब्लॉक में किसान को मिनीकिट वितरण करते डीडी कृषि धीरेंद्र सिंह।

### 75 किसानों को बांटीं मिलेट्स की मिनी किट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** केंद्र व राज्य सरकार की ओर से मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती व उसका उपयोग किए जाने को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को भावलखेड़ा ब्लॉक में 75 किसानों को मिलेट्स की मिनीकिट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में डीडी कृषि धीरेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख राजाराम ने किसानों की समस्या का समाधान भी किया।

### बौद्ध भिक्षुओं को भेंट किए टॉर्च और छाता



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सहयोग संस्था ने गुरुवार को पुवायां रोड स्थित भगवान बुद्ध विहार में वर्षावास में प्रवास पर निकले बौद्ध भिक्षुओं को छाता, टॉर्च और अनाज भेंट किया। इस दौरान सभी भिक्षुओं ने संस्था के सदस्यों के साथ पौध भी रोपित की। मुख्य अतिथि संजय वर्मा ने कहा कि दान व्यक्ति के जीवन को सुखमय बनाता है। संस्था संरक्षक प्रधान अनिल गुप्ता और शाहनवाज़ खां ने बताया कि संस्था समाजसेवा के क्षेत्र में काम करने के लिए वर्षभर की भूमिका बनाकर कार्य कर रही हैं। अध्यक्ष नेहा यादव ने कहा कि समय-समय पर दान के साथ जरूरतमंदों की मदद भी की जाएगी। इस दौरान महेंद्र दुबे, शालू यादव, शिवम वर्मा, हरजीत सिंह, बुद्ध विहार के संरक्षक जगदीश प्रसाद, ज्ञानेंद्र सिंह, उमेश कुमार आदि मौजूद रहे। महासचिव एडवोकेट अनूप कुमार ने आभार व्यक्त किया।









# हाईवे पर दोनों ओर जमे थे अतिक्रमणकारी, चला बुलडोजर

## सिंधौली में 35 अस्थाई अतिक्रमण हटाए, भारी संख्या में मौजूद रहा पुलिस फोर्स

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर / सिंधौली

**अमृत विचार :** दिल्ली-पलिया नेशनल हाईवे के दोनों किनारों पर किए गए अस्थाई अतिक्रमण पर गुरुवार को बुलडोजर चला। लकड़ी और टीन के खोखा हटाने के साथ ही झोपड़ियों आदि को तोड़ दिया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा और व्यापारी चुपचाप खड़े कार्रवाई देखते रहे। इस दौरान करीब 30-35 अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। चेतावनी दी कि यदि दोबारा हाईवे किनारे जमीन पर कब्जा किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गुरुवार दोपहर करीब 2:30 बजे नायब तहसीलदार सगीर अहमद के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस फोर्स और बुलडोजर के साथ अतिक्रमण की कार्रवाई शुरू की गई। थाने गेट के पास से लेकर ब्लॉक कार्यालय गेट के पास तक सड़क किनारे ठेला व काउंटर व जमीन में सामान लगाकर व्यापार करने वाले छोटे व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन की कार्रवाई देखकर अपना-अपना सामान समेटना शुरू कर दिया और मौके से चले गए। वहीं कुछ लोग जो टीन और लकड़ी के खोखे में सामान रखे हुए थे वह भी सामान समेट, खोखा छोड़ गए। कुछ लोगों ने झोपड़ी डालकर उसमें सब्जी आदि का व्यापार करना शुरू दिया था, उन्हें भी हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। बुलडोजर से खोखा और झोपड़ी को तहस-नहस कर दिया गया। हालांकि कुछ लोगों ने अपना सामान कुछ दिन में हटा लेने की मोहलत मांगी लेकिन पुलिस ने एक नहीं सुनी और उन्हें सड़क किनारे से हटा दिया।


अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई के दौरान मौजूद भारी संख्या में पुलिस फोर्स और एकत्र लोग। ● अमृत विचार

> हाईवे के किनारे अतिक्रमण के कारण हर वक्त भीड़-भाड़ रहती है। अतिक्रमण और अनावश्यक भीड़ के कारण राजमार्ग से गुजरने वाले हाई स्पीड वाहनों से दुर्घटना होने की आशंका है। प्रशासनिक आदेश के अनुसार अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।
> – **धर्मेंद्र गुप्ता**, प्रभारी निरीक्षक, सिंधौली

> उच्चाधिकारियों के स्पष्ट निर्देश हैं कि राजमार्ग के किनारे सर्विस रोड और फुटपाथ अतिक्रमण मुक्त रखे जाएं। समय समय पर कार्रवाई होती रहेगी।
> – **सगीर अहमद**, नायब तहसीलदार


बुलडोजर से ध्वस्त किया जा रहा अस्थाई अतिक्रमण। ● अमृत विचार

### ...तब लोगों को स्वेच्छा से हटाना पड़ा था अतिक्रमण

वर्ष 2022 में जब हाईवे चौड़ीकरण के कार्य की शुरू हुई तो सबसे पहले सिंधौली में पक्के स्थाई अतिक्रमण हटाए जाने के लिए व्यापारियों को नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद लोगों को स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाना पड़ा था और जिन लोगों ने लापरवाही बरती उनके पक्के निर्माण ध्वस्त करते हुए अतिक्रमण को हटा दिया गया था लेकिन मौका लगते हुए फिर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया।

### व्यापारियों के पक्ष में आए ब्लॉक प्रमुख पति

अतिक्रमण के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के दौरान व्यापारियों ने ब्लॉक प्रमुख पति मुनेश्वर सिंह से मदद की गुहार लगाई, तब उन्होंने नायब तहसीलदार और इंस्पेक्टर से बात की, जिस पर दोनों अधिकारियों ने कहा कि जिन किसी को दुकानें लगानी हैं, वह स्थाई निर्माण नहीं करेंगे और इस तरह से दुकानें लगाए, जिससे कि हाईवे पर किसी तरह से आवागमन बाधित न हो।

### चल रहा हाईवे चौड़ीकरण का काम, फिर भी सड़क पर कर रखा था कब्जा

सिंधौली कस्बे में जमुनिया मोड़ से लेकर पेट्रोल पंप तक लगभग एक किलोमीटर के दायरे में सड़क के दोनों ओर लोग बसे हुए हैं और दोनों ओर दुकानें भी है। 2022 में हाईवे चौड़ीकरण का काम शुरू हुआ तो यहां से अतिक्रमण हटाना पड़ा। दोबारा अतिक्रमण न होने पाए, इसलिए मुख्य सड़क चौड़ी किए जाने के साथ ही दोनों ओर एक वाहन निकलने भर कर फुटपाथ दिया गया लेकिन अतिक्रमणकारियों की वजह से फुटपाथ का ज्यादातर हिस्सा वाहन स्टैंड के रूप में इस्तेमाल होने लगा। इससे फुटपाथ संकरा हो गया और लोगों के आवागमन में दिक्कत और आए दिन जाम लगने लगने से दिक्कतें बढ़ गई। यह हालत तब है, जब हाईवे के चौड़ीकरण का काम अभी भी चल रहा है। लोगों की दिक्कतों को देखते हुए तहसील प्रशासन ने पुलिस फोर्स के साथ अतिक्रमणकारियों को हटाने के लिए कई बार मौखिक तौर पर कहा लेकिन वर्षों से व्यापार जमाए बैठे लोग हटने को तैयार नहीं थे, तब फिर गुरुवार को नायब तहसीलदार ने कार्रवाई की।

### आज का मौसम



| 34.0° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.25 | सूर्यास्त 07.8 |

## एक नजर

### बैंक का दस लाख रुपये न देने पर ट्रैक्टर जब्त

**पुवायां, अमृत विचार :** बकाया न दे पाने पर राजस्व टीम ने एक ग्रामीण का ट्रैक्टर खींच लिया। नायब तहसीलदार सृजीत कुमार ने बताया कि शासन की राजस्व वसूली योजना के अंतर्गत बंडा में अभियान चलाया गया। जिसमें सुभानपुर गांव के 10 लाख के बकाएदार रामनरेश से कई माह से क्षेत्रीय अमीन की ओर से वसूली का प्रयास किया जा रहा था। गुरुवार को ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया। नायब तहसीलदार ने बताया कि बकाएदार रामनरेश पर यूपी बड़ौदा ग्रामीण बैंक शाखा बंडा का 10 लाख रुपए बकाया था। जिसकी काफी समय से आरसी तहसील में लंबित थी। कोई भी भुगतान न देने की वजह से यह कार्रवाई की गई है।

### ग्राम्य विकास एसोसिएशन की बैठक कल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की एक आवश्यक बैठक कल 27 जुलाई को अपराह्न 2 :00 बजे विकास भवन स्थित संघ कार्यालय में होगी। जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और संगठन के हितों पर चर्चा की जाएगी। बैठक की सूचना जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी को भेज दी गई है। महामंत्री ओमकार ने बताया कि सभी सदस्य और पदाधिकारी समय से बैठक में पहुंचे।

### उपचुनावः तीन प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

**तिलहर, अमृत विचार :** एडीओ पंचायत सुनील कुमार त्रिवेदी ने बताया कि तिलहर के ग्राम बिलहरी में ग्राम प्रधान चंद्रमोहन की मृत्यु हो जाने के कारण यहां पर पद 4 महीने से रिक्त चल रहा था। जिस पर आगामी 6 अगस्त को मतदान और 8 अगस्त को मतगणना होनी है। प्रधान पद पर पूर्व प्रधान चंद्र मोहन गंगवार की पत्नी वेदवती, विद्यावती पत्नी बनवारी लाल और जंग बहादुर पुत्र मथुरा प्रसाद ने नामांकन कराया था, लेकिन विद्यावती द्वारा नामांकन पत्र वापस लेने के बाद अब जंग बहादुर और वेदवती ही चुनावी मैदान में है। उन्होंने बताया कि खड़करी ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 9 पर जोगेंद्र पाल, डभौरा के वार्ड नंबर एक पर आमना, हुसैनपुर कबरा के वार्ड नंबर 5 में सरिता व रजपुरा के वार्ड नंबर 13 में आजाद एकल नामांकन के चलते निर्विरोध रूप से सदस्य चुने गए।

# स्काउट गाइड में नौकरी को दिया था फर्जी नियुक्ति पत्र, आरोपी पकड़ा

संवाददाता, पुवायां

- 6 दिसंबर 2023 को पीड़ित के पिता ने दर्ज करवाई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** पुवायां पुलिस ने गुरुवार को भारत स्काउट एवं गाइड फेडरेशन इंडिया के असिस्टेंट स्काउट मास्टर के पद पर नियुक्ति के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र देकर धोखाधड़ी करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।


आरोपी रतिराम वर्मा।

6 दिसंबर 2023 को वेद प्रकाश पांडे निवासी मोहल्ला आनंद वाटिका थाना पुवायां ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि आरोपी रतिराम वर्मा निवासी ग्राम जन्यूरी थाना तिलहर, जगपाल व एक अज्ञात ने उनके पुत्र उपेंद्र पांडे के साथ भारत स्काउट और गाइड फेडरेशन इंडिया में नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी की है। सिक्योरिटी के रूप में 185000 रुपये ले लिये। रुपये मांगने पर वापस नहीं किए। पुलिस ने वेद प्रकाश पांडे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को पुवायां कोतवाल प्रदीप राय को मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी रतिराम वर्मा निगोही रोड सखी बाबा मंदिर के सामने खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रतिराम वर्मा पुत्र मूलाराम निवासी थाना तिलहर बताया। जिसकी उम्र करीब 60 वर्ष है। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस टीम में कोतवाल प्रदीप राय, दरोगा सकतावत सिंह, अतुल कुमार, सचिन आदि रहे।

# 21 लाख रुपये हड़पने को युवती ने रची फर्जी लूट की साजिश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पुलिस ने भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद
- बेचे गए मकान के पूरे रुपये लेना चाहता था युवक इसलिए युवती ने गढ़ी झूठी कहानी

**अमृत विचारः** बेचे गए मकान के 21 लाख रुपये हड़पने के लिए युवती ने लूट की फर्जी साजिश रची और दो साथियों के साथ मिलकर स्वयं के साथ लूट की झूठी कहानी गढ़ दी। विवेचना के दौरान पुलिस ने फर्जी लूट कांड का भंडाफोड़ कर दिया और युवती समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त बाइक को बरामद कर लिया है।

सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला फैक्ट्री स्टेट निवासी सुमनलता उर्फ सोनम ने 22 जुलाई की रात आठ बजे थाने पर सूचना दी थी कि रजनीश मिश्रा निवासी न्यू फ्रैंड्स कालोनी कच्चा कटरा चौक कोतवाली समेत दो अज्ञात लोग टाउनहॉल रोड पर गोल्ड जिम के पास बिना नंबर प्लेट की बाइक से उसके हाथ से 21 लाख रुपये से भरा बैग लेकर भाग गए है। सोनम ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान सोनम से घटना को लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई और घटना स्थल व उसके आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की गई। अवलोकन एवं कॉल रिकार्ड के आधार पर तथ्य प्रकाश में आया कि आरोपी रजनीश मिश्रा व सोनम सक्सेना का आपस में मेलजोल है। दोनों ने मिलकर एक मकान खरीदा था। सोनम ने मकान को बेच दिया था। मकान की बिक्री के पूरे रुपये रजनीश मिश्रा लेना चाहता था, लेकिन सोनम आधा हिस्सा ही देना चाहती थी। आरोपी ने पूरे रुपये लेने के लिए उसे गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी थी।


सदर पुलिस हिरासत में आरोपी सोनम।


पुलिस हिरासत में लूट के षड़यंत्र में शामिल आरोपी। ● अमृत विचार

प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि सोनम ने अभियुक्त शकीब अहमद उर्फ रफी व कामरान निवासी जलालनगर थाना सदर बाजार के साथ मिलकर फर्जी लूट की योजना बना डाली ताकि रजनीश मिश्रा को 21 लाख रुपये न देने पड़ें। पुलिस ने फर्जी लूट की घटना को अंजाम देने वाली सोनम निवासी फैक्ट्री स्टेट थाना सदर बाजार और शकीब अहमद उर्फ रबी व कामरान निवासी जलालनगर को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बाइक को बरामद कर लिया है। गुरुवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर दिया। पुलिस आरोपी रजनीश मिश्रा की तलाश कर रही है। टीम में उप निरीक्षक दिलशाद खां, सुनील कुमार, ललित, काजल पवार आदि थे।

### 40 हजार रुपये में 8 हजार दिए थे एडवांस

प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि सोनम ने शकीब अहमद व कामरान से 40 हजार रुपये में सौदा तय किया था। उसने एडवांस में आठ हजार रुपये दिए थे। काले रंग के पिट्ठू बैग में पुरानी किताबें थी। आरोपी रजनीश मिश्रा द्वारा बताए गए युवक को देने निकली थी, लेकिन वह बैग उसे न देकर षडयंत्र के तहत तैयार किए गए अभियुक्तों से गोल्ड जिम के पास अपना बैग छिनवाकर फर्जी लूट की घटना को अंजाम दिया था।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचारः** क्षेत्र के जेवां गांव में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव बसखेड़ा बुजुर्ग निवासी सुशील सिंह(40) पुत्र राजपाल सिंह गुरुवार को साइकिल से किसी काम से जेवां आया था। घर वापस जा रहा था कि तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने जेवां गांव में सुशील की साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सुशील सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली का ड्राइवर वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है और ड्राइवर की तलाश की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज रफ्तार वाहन से आएदिन दुर्घटनाएं होती हैं।


हादसे के बाद लोगों से पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

### ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**पुवायां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बसखेडा बुजुर्ग के रहने वाले सुशील सिंह(42) पुत्र राजपाल सिंह किसी काम से जेवां गांव साइकिल से गए थे। जब वह जेवां पहुंचे तो वहां से निकल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सुशील सिंह गंभीर घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से घायल को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी बबली और बेटे भोलू का रो-रो कर बुरा हाल है।

### पुलिया से टकराई बाइक, ग्रामीण की मौत

**तिलहर।** तिलहर-जैतीपुर मार्ग पर सड़क हादसे में एक ग्रामीण की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरुवार शाम लगभग छह बजे गुरगवां कॉलोनी निवासी राजपाल सुबह किसी काम से जैतीपुर गया था। शाम को वापस अपने घर बाइक से आ रहा था, तभी तिलहर जैतीपुर मार्ग स्थित गांव भुड़ेली के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई और उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। उधर, से गुजर रहे राहगीरों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची घायल राजपाल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक राजपाल के सात बच्चे हैं, जिसमें चार बेटे और तीन बेटियां हैं। बेटे सुल्तान और जितेंद्र की शादी हो चुकी है, धर्मेंद्र और सोनू अविवाहित हैं। बेटियों में किरण, कीर्ति, श्वेता में अभी किसी की भी शादी नहीं हुई है। वहीं परिजनों ने बताया कि राजपाल किन्नर मंडली में ढोलक बजाने का काम करता था, जिससे उसका परिवार का जीवन यापन चल रहा था।


रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार


मृतक राजपाल।

# चार दिन पहले दोस्त से मिलने गया युवक लापता

संवाददाता, तिलहर

- पुलिस को युवक की बाइक राजनपुर गांव के एक घर में मिली
- हिरासत में लिए गए युवक ने बताया एक युवक डाल गया गिरवी

**अमृत विचार :** चार दिन पहले बाइक से दोस्त से मिलने गया युवक रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने लापता युवक की बाइक एक युवक के घर से बरामद कर ली लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। पुलिस ने उसकी बरामदगी के लिए प्रयास शुरू कर दिए है, साथ ही कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

खिरिया उदैत गांव के राजेश सिंह ने बताया कि उनका पुत्र अमित सिंह(20) 22 जुलाई की दोपहर लगभग दो बजे बुलेट से तिलहर में किसी दोस्त से मिलने गया था। इसके बाद से वह घर नहीं पहुंचा। घर वालों ने मोबाइल फोन बंद होने से किसी अनहोनी की आशंका जताई है और कोतवाली पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने बुधवार को बिलहरी गांव के एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। इसके बाद पुलिस ने राजनपुर गांव के एक घर से अमित की बाइक को बरामद कर लिया। जिस घर में बाइक मिली है उसने बताया कि बिलहरी गांव का युवक बाइक गिरवी डाल गया था। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि अमित का सुराग लगाने के लिए उसके फोन की डिटेल निकलवाई जा रही है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, जलालाबाद

- ससुराल में रहता था डब्लू माता-पिता का हो चुका निधन
- ससुराली बोले, आत्महत्या क्यों की, जानकारी नहीं

**अमृत विचारः** मडैया गोसाई गांव में एक युवक ससुराल में रहता था। गुरुवार को उसका शव गांव के बाहर पेड़ से रस्सी लटका हुआ मिला। घटना का कारण अज्ञात है।

कलान थाना क्षेत्र के गांव सनैया निवासी डब्लू(30) की ससुराल जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव मड़ैया गोसाई में है। उसकी पत्नी मायके में रह रही है। वह यहां पर रहकर मजदूरी करता था। उसने बुधवार की रात आठ बजे खाना खाया और कमरे में सोने के लिए चला गया।

उसकी पत्नी रुबी गुरुवार सुबह पांच बजे उठी तो देखा कि डब्लू नहीं है। उसने सोचा कि लघुशंका करने गए होंगे। थोड़ी देर और देखने पर उसने परिजनों को जानकारी दी। सब चिंता में डूब गए। इधर सुबह छह बजे गांव वाले खेत पर जा रहे थे। गांव वालों ने गांव के बाहर एक युवक का शव रस्सी से पेड़ से लटका हुआ देखा। चप्पलें पेड़ के नीचे थी। खबर मिलने पर उसकी पत्नी रुबी परिवार वालों के साथ मौके पर गई। उसने देखा कि शव उसके पति का था। प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह सिपाहियों के साथ पहुंचे और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। उसका एक भाई कलान के बाराकला गांव में रहता है। ससुराल वालों ने कहा कि आत्महत्या क्यों की है, कुछ जानकारी नहीं है। वह दो दिन से टेंशन में था।


रोते-बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाते रिश्तेदार। ● अमृत विचार

# गुरुद्वारा गेट से 13 वर्षीय छात्र का अपहरण, मची खलबली

संवाददाता, खुटार/ मकसूदापुर

- बंडा मकसूदापुर के पास मारूति कार से कूदकर भाग निकला छात्र, लोगों को सुनाई अपहरण की कहानी
- अपहरणकर्ता हो गए फरार सूचना पर बंडा थाने पहुंचे परिजन, बेटे को सकुशल देख छलके आंसू

**अमृत विचारः** खुटार के गांव पुनौती गुरुद्वारा गेट से गुरुवार शाम करीब सात बजे गुरनाम सिंह उर्फ काला के 13 वर्षीय बेटे हरमनप्रीत सिंह का मारुति कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया और उसे बंडा की तरफ लेकर चले गए। अपहरण की सूचना मिलते ही बंडा और खुटार पुलिस में खलबली मच गई। पुलिस ने लोगों की निशानदेही पर सीमा बार्डर के साथ मुख्य चौराहों पर चेकिंग शुरू कर दी। इधर, बंडा के मकसूदापुर के एक गांव के पास छात्र कार से कूद कर भाग निकला और शारदा नहर पुल पर पहुंचकर लोगों को अपहरण की कहानी सुनाई। सूचना पर बंडा पुलिस हरमन प्रीत सिंह थाने ले आई। इसके बाद परिजनों से संपर्क कर उन्हें सूचना दी, तो राहत की सांस ली।

गुरुवार रात करीब नौ बजे हरमनप्रीत के परिजन थाने बंडा पहुंचे। पुलिस पूछताछ में गुरनाम सिंह ने बताया कि वह खुटार के पुनौती का रहने वाला है। उसका 13 वर्षीय पुत्र हरमन प्रीत सिंह खुटार के गोल्डन फ्लावर स्कूल में नौ का छात्र है। गुरुवार को हरमनप्रीत गुरुद्वारा में मत्था टेकने गया था। लौटने के दौरान वाहन सवार बदमाशों ने उसका अपहरण कर लिया। गुरुद्वारा के आसपास सेवादार और मौजूद लोगों ने सूचना परिजनों के साथ ही पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस में खलबली मच गई और वहीं परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी और वहीं परिजन भी बेटे की तलाश में इधर-उधर जानकारी करने में जुट गए। अपहरणकर्ता बंडा की ओर भागे थे, इसलिए बंडा पुलिस ने भी चेकिंग शुरू कर दी। कार मकसूदापुर के पास अजोधापुर में किसी कार्य से रूकी, तभी हरमनप्रीत कूदकर भाग गया। एक किसान की मदद से मकसूदापुर नहर के पुल पर पहुंचा, वहां उसने शोर मचाते हुए लोगों को इकट्ठा कर लिया। उसने अपहरण की कहानी भी लोगों को सुनाई। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस मौके पर पहुंच कर छात्र को बंडा ले आई। जहां परिजनों को उसके सकुशल बरामदगी की सूचना दी, परिजन भी बंडा थाने पहुंच गए। बेटे को सकुशल पाकर खुशी में उनके आंसू छलक आए। हालांकि अपहरण करने वालों का पता नहीं चल सका।


पीड़ित छात्र हरमनप्रीत सिंह से घटना की जानकारी लेते बंडा इंस्पेक्टर राकेश मौर्या।

> मामले की जानकारी नही है और न ही किसी के द्वारा कोई तहरीर दी गई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – **संजय कुमार** थानाध्यक्ष, खुटार

> अपहरण की सूचना मिली थी, छात्र थाने में है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।
> – **राकेश मौर्य**, प्रभारी निरीक्षक बंडा

### बेटे को अगवा कर ले गया रिश्तेदार, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा थाना क्षेत्र के गांव पोसिल निवासी स्नेहलता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पुत्र दिव्यांशु यादव(6) मंगलवार की शाम छह बजे घर के बाहर खेल रहा था। उसके दूर के रिश्तेदार रक्षपाल निवासी कंजा थाना रोजा उसके घर पर आया। वह उसके बेटे को गोद में लिए हुए था। वह चाय बनाने के लिए चली गई। चाय लेकर बाहर आई तो उसका बेटा व रिश्तेदार नहीं थे। महिला ने सोचा कि बेटे को रिश्तेदार दुकान पर ले गया होगा। लेकिन जब वह रात नौ बजे तक नहीं आया, तो तलाश किया गया लेकिन उसका बेटा नहीं मिला। आरोप है कि उसका रिश्तेदार बेटे को अगवा कर ले गया है। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि आरोपी रक्षपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000



बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर





डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें-
7417389433, 7017678157

# ...स्कूलों में अधूरे छोड़ दिए गए दिव्यांग शौचालय

## खुटार के रुजहा कलां गांव का हाल, अधिकारियों के आदेश हवा हवाई, जिम्मेदार कर रहे अनदेखी

संवाददाता, खुटार

- अधिकतर बंद रहता है सामुदायिक शौचालय
- खेत-खलिहानों में शौच करने को मजबूर ग्रामीण
- गलियों में गंदगी से लोगों को निकलने की दिक्कत

**अमृत विचार :** अधिकारियों ने आदेश दिए थे कि दिव्यांग छात्रों की सुविधा के लिए स्कूल में दिव्यांग शौचालय का निर्माण कराने के साथ ही सफाई व्यवस्था पर ध्यान रखा जाए। लेकिन आलम यह है कि इन आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यह हालत ब्लॉक क्षेत्र के गांव रुजहां कलां में स्थित माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालय की है। जहां दिव्यांग शौचालय अधूरे पड़े हैं। देखरेख के अभाव में गंदगी पसरी हुई है। इसके अलावा गांव में रास्तों पर जलभराव हो गया है। जिससे गंदगी और कीचड़ होने से रास्तों से निकलना काफी मुश्किल है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों का जरा भी ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है।

गांव रुजहा कलां में पूर्व माध्यमिक विद्यालय में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए दिव्यांग शौचालय बना है। शौचालय तक जाने में सीढ़ीनुमा चढ़ने को बनी रेलिंग की ग्रिल टूट गई है। इससे हादसे का डर हर वक्त रहता है। शौचालय में सफाई व्यवस्था तक ठीक नहीं है और टैंक खुला ही छोड़ दिया गया है। उधर, प्राथमिक विद्यालय में शौचालय बनाने के लिए दीवार खड़ी कर दी गई है।

लेकिन इसमें अभी भी सीट रखने के साथ ही टैंक बनाने की जरूरत नहीं समझी गई। यहां गंदगी की भरमार है। सफाई व्यवस्था पर तो बदहाल है ही। जबकि अधिकारियों के आदेश है कि व्यवस्था को दुरुस्त रखें।

वहीं गांव में सामुदायिक शौचालय भी ज्यादातर समय बंद रहता है। जिससे लोगों को शौचालय की सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता है और उन्हें खुले में शौच करने जाना पड़ता है। लोगों ने बताया कि कई दिनों से शौचालय बंद है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नालियां गंदगी से भरी हुई हैं और गंदगी सड़कों पर फैल गई, इससे दुर्गंध आने लगी है। रास्तों में जलभराव की आफत भी बनी है। ऐसे में आने जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। कीचड़ भरे रास्ते में कई लोग फिसलकर चोटिल हो चुके है। सफाईकर्मी का कही अता पता नहीं है। सफाई व्यवस्था के नाम पर खानापूर्ति होती है।

वजह है कि जिम्मेदार अधिकारी ध्यान देने की जहमत नहीं उठा रहे है। इसके अलावा गांव में मंदिर के पास में भी गंदगी जमा है। यहां भगवान के दर्शन करने आ रहे लोगों को इस गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने तमाम फैली अव्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है।

> पंचायत भवन नियमानुसार खोलने के आदेश हैं। जांच कराई जाएगी यदि पंचायत भवन बंद रहता हैं तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दिव्यांग शौचालय यदि पूरे नहीं है तो जांचकर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। सफाई व्यवस्था आदि भी कराई जाएगी।
>
> – **वीरेंद्र मिश्रा**, बीडीओ, खुटार



खंडहर बना प्राइमरी विद्यालय का दिव्यांग शौचालय। • अमृत विचार



खुला पड़ा पूर्व माध्यमिक विद्यालय रुजहा कलां का दिव्यांग शौचालय का गड्ढा।



अधूरा पड़ा पूर्व माध्यमिक विद्यालय रुजहा कलां का दिव्यांग शौचालय।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
जांचों पर विशेष छूट
1499/- ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

## पंचायत घर में लटक रहा था ताला



गांव रुजहा कलां में गुरुवार सुबह करीब 10 :39 बजे पंचायत घर बंद था और गेट पर ताला लटक रहा था। यहां अधिकारी समय के अनुसार, नहीं पहुंच पाए। गेट बंद देख कई लोग बिना काम कराए वापस लौट गए। लोगों ने बताया कि पंचायत घर जाते है, लेकिन अधिकारी नहीं पहुंच रहे है। इससे खुटार में दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते है। जबकि अधिकारियों के आदेश है कि अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में बने सचिवालय पहुंचे और आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनें और समय से निस्तारण करें। इसके बावजूद ध्यान नहीं दिया गया है।



गांव के रास्तों पर भरा बरसात का पानी। • अमृत विचार

## पॉक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** कलान प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद ने बताया कि अभियुक्त छविराम निवासी सैदापुर थाना कलान के खिलाफ पॉक्सो आदि की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को गांव जखिया के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक यशपाल सिंह आदि थे।

## जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि अभियुक्त शिवनंदन निवासी बरतारा थाना रोजा को छह माह के लिए जिला बदर किया गया था। पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली कि अभियुक्त बरतारा चौराहे पर खड़ा है। पुलिस ने जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

## किशोरी लापता

**शाहजहांपुर।** अल्हागंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि 6 जुलाई को सुबह आठ बजे उसकी 15 वर्षीया पुत्री जलालाबाद में एक इंटर कॉलेज में प्रवेश लेने गई थी। वह वापस लौटकर नहीं आई। वह उसकी तलाश करती रही। लेकिन नहीं मिली। वह 23 जुलाई को थाने गई और तहरीर दी। उसे शक है कि उसकी पुत्री को कोई अगवा कर ले गया है। पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

# आफताब और सौम्या बने मिस्टर एंड मिस फेयरवेल



मिस्टर एंड मिस फेयरवेल के साथ विभागाध्यक्ष शिशिर शुक्ला व अन्य शिक्षक।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसएस कॉलेज में एमएससी के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में गुरुवार को एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को समारोहपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर आफ़ताब अहमद को मिस्टर फेयरवेल एवं सौम्या पाल को मिस फेयरवेल चुना गया।

विभागाध्यक्ष शिशिर शुक्ला ने कहा कि प्रसन्नता एवं दुख के इस संगम में भावनात्मक उथल-पुथल होना स्वाभाविक बात है। विज्ञान संकाय के सहसंकायाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार सिंह ने कहा कि पढ़ाई की तो एक सीमा हो सकती है, लेकिन सीखने की प्रक्रिया जीवन पर्यंत चलती रहती है। उन्होंने कहा कि सभी को भविष्य में भी आपस में एक-दूसरे से मिलते रहने की योजना बनानी चाहिए। सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थी केवल महाविद्यालय परिसर को छोड़ रहे हैं, भौतिकी के क्षेत्र में उनकी किसी भी तरह की सहायता के लिए विभाग सदैव तत्पर रहेगा। इस अवसर पर जूनियर एवं सीनियर विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं।

जूनियर्स ने अपने सीनियर्स को उपहार भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संचालन शिवांग यादव एवं आकाश द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में राजनंदन सिंह राजपूत, नितिन शुक्ला, हर्ष पाराशरी, सुधाकर गुप्ता, प्रशांत शर्मा, देवेंद्र कुमार आदि का सहयोग रहा।



डॉ. डीपी सिंह महाविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट में मिले रोजगार पत्र दिखाते छात्र। • अमृत विचार

## डीपी महाविद्यालय में 31 छात्रों को मिला रोजगार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नवोदय विद्यालय मार्ग स्थित डॉ. डीपी सिंह महाविद्यालय में गुरुवार को कैंपस प्लेसमेंट के तहत 31 छात्रों को रोजगार प्रदान किया गया। जेनेवा क्रॉप साइंस अलीगढ़ की टीम ने छात्रों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया और सभी चयनित छात्रों को चयन पत्र प्रदान किए। महाविद्यालय प्रबंधक डॉ. केडी सिंह और निदेशक रुचि सिंह की उपस्थिति में चले कैंपस प्लेसमेंट में रोजगार के लिए 120 छात्रों का साक्षात्कार कंपनी के प्रतिनिधियों ने लिया, जिसमें 31 छात्र सफल रहे। साक्षात्कार टीम में कंपनी के सीनियर ब्रांच मैनेजर संदीप सिंह, एचआर रवि कुमार भारद्वाज शामिल रहे। व्यवस्था में विजय भारती, धर्मवीर सिंह यादव, विपिन कुमार यादव, सुरजीत वर्मा, प्रमोद वर्मा, मो. असलम, नीतू सिंह, सुधीर वर्मा, अनम सिद्दीकी, सचिन कुमार, प्रह्लाद राय आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल

RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC

यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।



BRACHYTHERAPY
24 Channel



PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन



FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)

द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है

Immunotherapy & Chemotherapy

Dedicated Cancer Modular OT's

आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज

हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा दिलाने को सड़क पर उतरे सपाई

## खिरनीबाग मैदान में दिया धरना, प्रदर्शन करते हुए जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बाढ़ पीड़ितों, किसानों और जनहित की विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को सपाइयों ने सड़क पर उतरकर शासन- प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में विभिन्न समस्याओं को लेकर सपाइयों ने खिरनी बाग बाग चौराहा पर धरना प्रदर्शन करने के बाद 8 सूत्रीय ज्ञापन राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को कलेक्ट्रेट गेट पर सौंपा।

खिरनी बाग चौराहे पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एकत्रित हुए जहां पर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और बाढ़ पीड़ितों को शासन व प्रशासन की ओर से दी जा रही राहत सामग्री में हो रहे भेदभाव, प्रत्येक क्षेत्र में जहां कावड़ यात्रा का मार्ग नहीं है, वहां पर लाइसेंसी मीट की दुकानें व होटलों को खुलवाने के संबंध में, जलालाबाद में कोलाघाट पुल पर से हल्के चार पहिए वाहन व मोटरसाइकिल को निकलवाने आदि मुद्दों को लेकर केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जुलूस के



मांगों को लेकर सड़क पर धरना देते सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **राज्यपाल को संबोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा**
- **कहा, जो मीट की दुकानें कावड़ मार्ग पर नहीं है, उनको बंद न कराया जाए**

रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां प्रदर्शन करने के बाद 8 सूत्रीय ज्ञापन दिया।

सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि जिले में जहां-जहां बाढ़ की चपेट में लोग घर से बेघर हुए हैं और उनके पास खाने के लिए कुछ नहीं बचा है व किसानों की करोड़ो, अरबों रुपये की फसल का नुकसान हुआ है, उनकी निष्पक्ष



चौराहे पर तैनात पुलिस फोर्स। ● अमृत विचार

जांच करवा कर अधिक से अधिक मुआवजा दिया जाए। कांवड़ यात्रा जहां से नहीं गुजरती है उन मार्गों को चिन्हित भी नहीं किया गया है। ऐसे स्थान पर प्रशासन द्वारा व पुलिस प्रशासन द्वारा होटलों व लाइसेंस मीट की दुकानों पर रोक न लगाई जाए। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, रंणजय सिंह यादव, विजय सिंह, रामसूरत यादव, अतिउल्लाह सिद्दीकी, चौधरी रामकुमार भोजवाल, रुक्मणी, नितिन राजपूत, नन्ही, सुनीता, रुखसाना आदि रहे।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**तिलहर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को एसडीएम अंजलि गंगवार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें समस्याओं को समाधान नहीं होने पर 15 दिन बाद धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि तिलहर–निगोही मार्ग पर रेलवे लाइन के ऊपर ओवरब्रिज लंबे समय से निर्माणाधीन है। जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। रेलवे लाइन के आगे निगोही की ओर पुल बनकर तैयार हो गया है, इसलिए किनारे से एक वैकल्पिक रास्ता बना दिया जाए, जिससे राहगीरों का निकलना आसान हो जाएगा। तिलहर से निगोही मार्ग पर गांव रुजवारी के पास गड्ढा युक्त सड़क को दुरुस्त किया जाए। छुट्टा गोवंश को गोशाला भिजवाया जाए और बाढ़ में फसलों के नुकसान का आंकलन कर पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलवाया जाए। इस दौरान तहसील अध्यक्ष गेंदन लाल लोधी, युवा अध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह, रमेश शर्मा, विजय प्रजापति, रामदुलारे, प्रेमवती, महेश चंद्र आदि लोग शामिल रहे।



ज्ञापन देने के दौरान एसडीएम अंजलि गंगवार से वार्ता करते किसान नेता।

## ई-रिक्शा में नहीं बैठेंगी चार से ज्यादा सवारियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **पुलिस लाइन में ई-रिक्शा चालकों की हुई बैठक**

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन प्रेक्षागृह में गुरुवार को सीओ ट्रैफिक वीएस वीर कुमार सिंह ने ई-रिक्शा चालकों की बढ़ते जाम के निस्तारण को बैठक ली। निर्देश दिए गए कि ई-रिक्शा पर चार सवारियों से अधिक न बैठें।

बताया गया कि ई-रिक्शा के लिए 9 रूटों का निर्धारण किया गया है, जिसमें प्रत्येक रूट पर 400 ई-रिक्शा के संचालन करने की व्यवस्था की गई। प्रत्येक सप्ताह मंगलवार, बुधवार, गुरुवार को कैंप लगाकर ई-रिक्शा का सत्यापन होगा। जिसके बाद ई-रिक्शा को रूट नंबर आवंटित होगा। कैंप में पहले जो चालक आएगा, उसको सुविधानुसार रूट निर्धारित किया जाएगा। कहा कि आरटीओ कार्यालय में रजिस्ट्रेशन करा लें। ई-रिक्शा पर चार सवारियां ही बैठाई जाएं व चालक अपने पड़ोस में सवारी बैठाता है तो चालान किया जाएगा। नाबालिग चलाते हुए पकड़े गए तो कार्रवाई होगी। इस दौरान सीओ सिटी, एआरटीओ प्रवर्तन, यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हत्या को आत्महत्या नहीं कहा तो पुलिस ने की पिटाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **पुलिस पर लगाया आरोप हत्याकांड की जांच को लेकर पीड़ितों ने दिया धरना**
- **पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई का दिया भरोसा, तब समाप्त किया धरना**

**अमृत विचार:** परौर के गांव कलेनापुर मौजा कुंडरिया में हत्या के मामले में मृतक सहवाग के परिजन घटना की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग को लेकर गुरुवार को धरने पर बैठ गए। एसपी अशोक कुमार ने पीड़ित परिवार को कार्रवाई का भरोसा दिया, तब धरना समाप्त किया। आरोप है कि पुलिस हत्यारोपियों से मिली हुई है। पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है।

कलेनापुर मौजा कुंडरिया निवासी उदयवीर के पुत्र सहवाग का शव नौ जून को गांव के बाहर पेड़ पर फंदे पर लटका मिला था। मां दयावती ने गांव के ही पांच लोगों पर हत्या



कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठा पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार

का आरोप लगाया था। परिजनों का कहना है कि आरोपियों ने सहवाग के दोनों हाथ बांधकर फंदे पर लटका कर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। आरोप है कि थाना पुलिस व विवेचक ने आरोपियों से साथ गांठ कर ली है।

बुधवार को पुलिस ने मृतक की मौसेरी बहन प्रांशी को साक्ष्य के लिए थाने पर बुलाया। आरोप है कि पुलिस ने मृतक की बहन पर दबाव बनाया कि वह कह दे कि उसके भाई ने आत्महत्या की है। प्रांशी के साथ पुलिसकर्मियों ने लात घूसों से मारपीट की। परेशान होकर पीड़ित परिजन गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर धरने पर बैठ गए। परिजनों ने मामले की विवेचना उच्च अधिकारियों से कराए जाने की मांग की है। अधिकारियों के आश्वासन पर धरना समाप्त किया।

## नदी में डूबे दो बच्चे, कंट्रोल रूम से मिली सूचना पर पीएसी के जवानों ने किया रेस्क्यू

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** उप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बाढ़ आपदा से बचाव व सुरक्षा के लिए खन्नौत नदी पर माक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के पर्यवेक्षण में खन्नौत नदी पर गुरुवार सुबह दस बजे मॉकड्रिल कराया गया। विभिन्न विभाग के राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, पुलिस विभाग, सिंचाई विभाग, चिकित्सा विभाग, पीएसी, अग्निशमन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। मॉकड्रिल में जिले के कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई कि खन्नौत नदी में 40 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा



बाढ़ आपदा बचाव से खन्नौत नदी मॉकड्रिल करते पीएसी जवान। ● अमृत विचार

- **बाढ़ आपदा बचाव के लिए खन्नौत में किया मॉकड्रिल**

गया है। खन्नौत नदी के तटवर्ती कॉलोनियों को खाली करा लिया गया। लोधीपुर में जलभराव की स्थिति है। क्षेत्र के लोगों को राहत शिविर में लाया गया। कंट्रोल रूम से दो बच्चों के डूबने की सूचना मिली। पीएसी के इंचार्ज को डूबते हुए बच्चों को रेस्क्यू किए जाने के निर्देश दिए गए। पीएसी के जवानों ने पहुंचकर दोनों बच्चों को रेस्क्यू किया और मेडिकल कॉलेज भेजा। राहत शिविर में पानी, भोजन आदि की व्यवस्था की गयी।



चालान कटने के बाद सवारी गाड़ी के पास खड़ीं सवारियां। ● अमृत विचार

## सवारी गाड़ी में 6 की जगह बैठी थीं 25 सवारियां

संवाददाता, खुटार

- **क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने पर पुलिस ने काटा चालान**

**अमृत विचार:** सवारी गाड़ी में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने पर पुलिस ने पांच हजार रुपये का चालान कर दिया और दोबारा मिलने पर गाड़ी को सीज करने की चेतावनी दी।

गुरुवार को दरोगा प्रमोद कुमार गोला बाईपास रोड पर गश्त पर जा रहे थे। तभी उन्हें खुटार की तरफ से गोला की ओर एक सवारी गाड़ी जाती हुई दिखाई दी। जिसमें क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां भरी हुई थी। जिस पर उन्होंने गाड़ी को मौके पर ही रुकवा लिया और उसमें भरी सभी सवारियों को उतारकर उनकी गिनती की, तो उसमें कुल 25 सवारियां थी। 6 सीटर सवारी गाड़ी में क्षमता से कहीं अधिक सवारियां भरी होने पर दरोगा प्रमोद कुमार ने पहले चालक की जमकर फटकार लगाई। इसके बाद पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए चालान कर दिया। चालक को हिदायत दी कि अगर दोबारा से क्षमता से अधिक सवारियां बैठी मिलीं, तो गाड़ी सीज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 10 गांवों में शुरू होगा ऑयल बॉल पायलट प्रोजेक्ट



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह को भी समाजसेवी नेहा यादव सक्सेना की डेंगू व मच्छर जनित रोगों की रोकथाम को तैयार की जा रही ऑयल बॉल पसंद आ गई है। मौजूदा समय में प्रशासन भी बाढ़, बरसात के बाद पनप रही मच्छरजनित बीमारियों से निपटने के ठोस उपाय ढूंढ रहा है। ऐसे में मच्छरों, लार्वा को नष्ट करने वाली ऑयल बॉल भी मददगार साबित हो सकती है। इसको लेकर जब नेहा यादव ने सीडीओ को ऑयल बॉल से होने वाले फायदे, निर्माण विधि बताई तो उन्होंने प्रक्रिया समझते हुए सहमति जताई और मौके पर डीपीआरओ घनश्याम सागर को निर्देशित किया कि ऑयल बॉल का प्रयोग दस ग्राम पंचायतों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर कराया जाए। रिजल्ट अच्छा आता है तो अन्य जगहों पर लागू किया जाएगा। डीपीआरओ ने जल्द गांवों की सूची तैयार कर इस कार्य को करने की बात कही। नेहा ने सीडीओ को बताया कि पिछले साल जब डेंगू फैली थी, उसमें मच्छर जनित बीमारी की रोकथाम में ऑयल बॉल तैयार की गई थी।

### राहत सामग्री बिक्री करने का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला ककरा कलां व ककरा खुर्द के वाशिंदों ने बाढ़ पीड़ितों के लिए शासन से आई राहत सामग्री को बिक्री किए जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ को सौंपा है। गुरुवार को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि बाढ़ में हम लोगों का काफी नुकसान हो गया। शासन से बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री आई थी, उस राहत सामग्री को पीड़ितों में वितरित करने के बजाय बिक्री कर दिया गया। आरोप लगाया कि टेंट लगाकर रहने के लिए जो तिरपाल दिया गया था, उसे भी बेच दिया गया। पीड़ितों ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ज्ञापन पर हेम कुमारी, शिवनाथ, अजीम, अनीता, जावेद सरदार, सौरभ लता, जयवीर सिंह, आरती आदि के हस्ताक्षर हैं।

शाहजहांपुर की खबरें पेज 10 पर भी पढ़ें

कसी कमर

**बोले, अनशनकारी 8 करोड़ रुपये खर्च, फिर भी नहीं निकलने दिए जा रहे हल्के वाहन**

## कोलाघाट पर भूख हड़ताल में बदला अनशन

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** कोलाघाट पुल पर हल्के वाहनों का आवागमन शुरू करने की मांग को लेकर चल रहा अनशन गुरुवार को चौथे दिन भूख हड़ताल में बदल गया है। धरने को दर्जनों लोगों ने समर्थन देकर अनशनकारियों की हौसला अफजाई की।

कोलाघाट पुल के निकट चल रहा क्रमिक अनशन गुरुवार को भूख हड़ताल में बदल गया है। भूख हड़ताल पर तीन जिला पंचायत सदस्य रामकुमार राठौर, ओमपाल कुशवाहा, रामदास राठौर के अलावा सपा विधान सभा अध्यक्ष सूरजपाल यादव, रामवीर सिंह सोमवंशी, मोहित शर्मा व प्रभाशंकर गुप्ता बैठे है। समाजवादी शिक्षक सभा सभा के जिलाध्यक्ष विनोद सिंह यादव व आप पार्टी के वरिष्ठ नेता संतराम चौहान ने साथियों के साथ धरने का समर्थन



कोलाघाट पुल के पास भूख हड़ताल पर बैठे अनशनकारी। ● अमृत विचार

- **पुल बंद होने से सभी परेशान, लग रहा 70 किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा, विकास रुका**

किया। अगुवाई कर रहे रामकुमार राठौर ने कहा कि पुल से जल्द हल्के वाहनों का आवागमन शुरू किया जाए। धरने को संबोधित करते हुए रामवीर सिंह सोमवंशी ने कहा कि क्षेत्र की जनता पुल बंद होने से परेशान है। विकास की गतिविधियां रुक सी गई है। 70 किलोमीटर का चक्कर लगाने से लोगों का समय और पैसा फालतू में बर्बाद हो रहा है। संतराम चौहान ने कहा कि 8 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी दो वर्षो से क्षेत्र की जनता हल्के वाहनों को पुल से निकालने के लिए तरस रही है। धरने का संचालन चौधरी विनोद यादव ने किया।

इस दौरान रवीशपाल कुशवाहा, रामसिंह शाक्य, सुरेन्द्र सिहं, कन्हैयालाल मिश्रा, जाहर सिंह, ध्यान पाल सिंह, निखिल यादव, उदयवीर सिंह यादव, डा. वेदप्रकाश शर्मा, साजिद अली, चरण सिंह, रूपेंद्र सिंह, विकास शुक्ला, रामदास सक्सेना आदि मौजूद रहे।



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr.M. Nadeem ®
(BUMS)

यूनानी चिकित्सक

Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोडों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोडों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

9634499693
9837338306

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज

मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.

मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली

डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।

मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।

ADMISSION OPEN

AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified

PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग

PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग

NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में

सुविधायें

♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)

कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122

सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755

सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006

सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581

Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PRE ACCREDITED

कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL



डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm

डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm



डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm

डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm

डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

# कमरा बंद कर फंदे से लटककर युवक ने दी जान, वजह को लेकर परिजन अंजान

## चाय देने पहुंची मां तो बेटे का शव लटकता देख उडे होश, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। मां जब उसे चाय देने के लिए पहुंची तो कमरे में बेटे का शव लटका देख होश उड़ गए। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस छानबीन में जुट गई है।



मृतक आकाश।



घटना की जानकारी देते परिजन। ● अमृत विचार

शहर के मोहल्ला मोहम्मद फारुख के रहने वाले आकाश शर्मा (28) पुत्र वेद प्रकाश धार्मिक कार्यक्रमों में ढोलक बजाते थे। वह काफी समय से अपने परिवार से अलग पड़ोस के ही मकान में किराए पर अकेले रहते थे। बुधवार रात को युवक घर गया और परिवार के साथ ही खाना खाया।

इसके बाद वापस किराए के मकान में आ गया। गुरुवार सुबह करीब सात बजे मां ऊषा देवी बेटे के लिए चाय लेकर पहुंची। कमरे का दरवाजा भीतर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी जब बेटे की ओर से कोई जवाब नहीं मिला तो मां को भी अनहोनी का डर सताने लगा। शोर मचाकर आसपास के लोगों को जमा किया। खिड़की से झांककर देखा तो आकाश का शव गमछे से बने फंदे से लटका हुआ था। यह देख परिजन के होश उड़ गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। परिजन ने खुदकुशी की बात तो कही लेकिन इसके पीछे वजह नहीं बता सके। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन ने किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है।

B.I.U. BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
प्रवेश प्रारम्भ
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

B.I.U. BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
प्रवेश प्रारम्भ
FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
● एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

अमृत विचार

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# खेत देखने निकला रिटायर्ड पोस्टमास्टर लापता, तहरीर दी

संवाददाता, बरखेड़ा

- **बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम नारायनपुर का मामला**
- **बेटे से तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुटी**

**अमृत विचार:** रहस्यमय ढंग से सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर लापता हो गए। वह घर से खेत पर जाने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद से कुछ पता नहीं चल सका। बेटे ने पुलिस को तहरीर देकर पिता को बरामद करने की गुहार लगाई है।



लापता रामचंद्रलाल।

थाना क्षेत्र के ग्राम नारायनपुर के रहने वाले मोहन स्वरूप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके 63 वर्षीय पिता रामचंद्र लाल सेवानिवृत पोस्ट मास्टर हैं। 24 जुलाई की रात खाना खाकर पिता घर से रोज की तरह खेत देखने के लिए गए थे। 25 जुलाई की सुबह पांच बजे तक जब पिता वापस नहीं आए। कॉल करने पर भी संपर्क नहीं हो सका। इस पर परिवार वालों को चिंता हुई। खेत पर जाकर चेक किया तो वहां पर भी पिता नहीं थे। काफी तलाशने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल सका है। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि लापता ग्रामीण के बारे में जानकारी की जा रही है। गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# आर्थिक सहायता की अर्जी पर जिलाधिकारी को नोटिस

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- **विशेष न्यायाधीश एससी एसटी महेशानंद झा ने तीन अगस्त तिथि सुनवाई के लिए की नियत**

**अमृत विचार:** रिपोर्ट दर्ज कराने छह माह बाद भी एससी एसटी एक्ट के तहत सरकार से आर्थिक सहायता न मिलने पर मुकदमा वादी ने न्यायालय की शरण ली। इस पर विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट ने डीएम को नोटिस जारी करते हुए अर्जी की सुनवाई को तीन अगस्त तिथि नियत की है।

शहर के मोहल्ला कुंवरगढ़ के रहने वाले अमित कुमार सिंह ने न्यायालय में अर्जी दी। जिसमें बताया कि उसने तीन जनवरी 2024 को सदर कोतवाली में जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार और लिपिक संजय तोमर के विरुद्ध जानलेवा हमला, एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में उन्हें अभी तक कोई आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई। जबकि नियमानुसार एक सप्ताह के भीतर आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए थी। अमित कुमार सिंह ने एससीएसटी नियम के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता दिलाने की न्यायालय से मांग की। विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट महेशानंद झा ने इस मामले में जिला मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी करते हुए अर्जी की सुनवाई के लिए तीन अगस्त की तिथि नियत की है। यहां बता दें कि विवेचना के बाद पुलिस द्वारा इस मामले में अंतिम आख्या न्यायालय में प्रस्तुत की जा चुकी है।




ड्री महोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

# स्प्रिंगडेल कॉलेज में मनाया गया ड्री महोत्सव

**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज में गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश की समृद्ध परंपराओं से प्रेरित प्रमुख कृषि त्योहार ड्री महोत्सव का आयोजन किया गया। बताया गया कि अरुणाचल प्रदेश में अपतन जनजाति के लोगों में उन्हें ड्री फ्लो कहा जाता है, उनके उत्थान के लिए एक महीने को समर्पित करना इसका मुख्य उद्देश्य होता है।

विद्यालय की निदेशिका सरोज जगोता, कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमंत जगोता जगोता, प्रधानाचार्य प्रिया आनंद ने शुरुआत कराई। प्राइमरी विंग की छात्रा आशी और शिवन्या ने कार्ड देकर स्वागत किया। बच्चों ने ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी। जिसमें अंशिका, तृषा, गौरी, रिद्धिमा, याशिका, नीतू आदि ने हिस्सा लिया। पोस्टर और फुटबॉल प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें ब्रह्मपुत्र हाउस ने जीत दर्ज की। प्राइमरी विंग की छात्रा निमरा, जूनियर विंग से छात्रा अदिति मिश्रा और सीनियर विंग की छात्रा परवीन कौर व नेहा वर्मा ने विचार व्यक्त किए। संचालन जूनियर विंग के विद्यार्थी वंदना व आयुष ने किया।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के साथ बारिश का अनुमान

33.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### महिला को घर से निकाला

**बीसलपुर।** ग्राम रसिया खानपुर के रियाज हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी शबाना बी का निकाह मोहल्ला ग्यासपुर के शानू से हुआ था। कुछ समय बाद से ही ससुरालियों ने पांच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। बिना मांग पूरी किए आने पर मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में पति शानू, ससुर पप्पू, सास अजीमा बेगम, ननद नेहा, देवर अमन, मुन्ना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**घुंघचिहाई।** थाना क्षेत्र के ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 जुलाई को उसकी 19 वर्षीय पुत्री को गांव का प्रेमपाल बहला फुसलाकर ले गया। काफी तलाशने के बाद भी पुत्री नहीं मिल सकी है। बेटी के साथ अनहोनी का अंदेशा जताया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश में जुट गई है।

# रफ्तार का कहर...वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत, एक की हालत गंभीर

## पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर बरखेड़ा चीनी मिल के पास बुधवार रात हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंपा, वाहन की तलाश में जुटी

**अमृत विचार:** वाहनों की तेज रफ्तार एक बार फिर हादसे का सबब बन गई। पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर बरखेड़ा चीनी मिल के नजदीक बाइक सवार तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें दो की मौत हो गई जबकि तीसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी की। शवों को पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने में जुटी है।

जनपद बरेली के थाना बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम बहापुर के रहने वाले अर्जुन ने बताया कि उसका भाई गुड्डू (26) पुत्र अहिबरन सिंह दिल्ली एनसीआर में फर्नीचर की ठेकेदारी करता था। गांव का ही तेजपाल (20) पुत्र सुंदरलाल भी उनके साथ ठेकेदार था। जबकि बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुकटिया का पवन कुमार (18) पुत्र पातीराम हेल्पर के तौर पर साथ रहता था। तीन दिन पहले ही तीनों काम निपटाकर बहेड़ी आ गए थे। इसके बाद बहेड़ी में ही रुके हुए थे। बुधवार रात को तीनों बाइक पर सवार होकर पवन के घर जा रहे थे। पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर बरखेड़ा चीनी मिल के नजदीक एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रुप से घायल हो गए।

टक्कर मारने वाला वाहन लेकर उसका चालक भाग गया। राहगीरों ने सड़क पर घायलों को पड़ा देखा तो भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। बरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में तीनों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने गुड्डू और तेजपाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि पवन को प्राथमिक इलाज के बाद बरेली रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतकों के बारे में जानकारी जुटाई और परिवार वालों को सूचना दी। देर रात परिवार वाले भी आ गए। दूसरे दिन गुरुवार को पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। कार्रवाई के लिए परिजन से तहरीर मांगी गई है।


हादसे की सूचना पर पहुंचे मृतकों के परिजन। ● अमृत विचार


मृतक गुड्डू।


मृतक तेजपाल।

> बाइक सवार दो युवकों की हादसे में मौत हो गई है। एक युवक घायल भी हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
> – **राजकुमार सिंह**, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

### भाई से हुई बात तो कहा बहेड़ी में हैं जल्दी आएंगे

तीन दिन पहले ही काम निपटाकर दिल्ली एनसीआर से आए तीन में से दो लोगों की मौत की सूचना से उनके परिवार में मातम पसर गया है। दोनों मृतक अविवाहित थे। मृतक तेजपाल आईटीआई भी कर रहा था। उनके परिजन का रोकर बुरा हाल रहा। मृतक गुड्डू से उसके भाई अर्जुन की हादसे से कुछ ही समय पहले बुधवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे फोन पर बात भी हुई थी। बताते हैं कि इस दौरान उसने कहा था कि वह बहेड़ी में ही है, जल्दी घर पहुंच जाएगा। उसके बाद नंबर नहीं लगा। रात करीब नौ बजे के बाद जब कॉल लगाई तो हादसा हो चुका था और मौत की खबर मिल गई। जिससे परिवार में कोहराम मचा रहा।

### वाहन को लेकर पुलिस तलाशती रही सुराग

हादसे में दो युवकों की मौत की सूचना पर पुलिस गहनता से पड़ताल में लगी रही। पहले तो हादसे से जोड़कर तमाम चर्चाएं चलती रही। फिर एक राहगीर ने बताया कि एक चार पहिया वाहन उसने तेजी से जाते हुए देखा। जिससे अंदाजा लगाया जाता रहा कि शायद उसी से हादसा हुआ होगा। हालांकि इसकी पुष्टि दूसरे दिन तक नहीं हो सकी। पुलिस मार्ग पर प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चेक करती रही।

# पशुओं को नहलाने गए दो ग्रामीण नदी में डूबे, मौत

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

- सदर कोतवाली और बरखेड़ा क्षेत्र में हुए हादसे, मचा कोहराम

**अमृत विचार:** पशुओं को नहलाने गए दो ग्रामीणों की देवहा नदी में डूबकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने गोताखोरों की मदद से शवों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। हादसों के बाद दोनों के परिवार में चीख पुकार मची रही।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के रायपुर गांव के रहने वाले 50 वर्षीय प्रेमराज पुत्र जयमल प्रसाद खेती करते थे। गांव के बाहर से ही देवहा नदी गुजरी है। गुरुवार सुबह वह पशुओं को नहलाने के लिए देवहा नदी पर ले गए थे।

बताते हैं कि पशुओं को नहलाते वक्त वह नदी में डूब गए। किनारे पर बैठे अन्य ग्रामीणों की नजर पड़ी तो वह उसमें से कुछ लोग जोकि तैरना जानते थे।

वह उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद गए। ग्रामीण के नदी में डूबने का शोर मचते ही काफी लोग इकट्ठा हो गए। करीब आधे घंटे बाद प्रेमराज को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी जान जा चुकी थी। जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी आ गए। पुलिस ने हादसे के बारे में मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। परिजन ने भी किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया। उनका रोकर बुरा हाल था। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।


मृतक प्रेमराज।

उधर, शहर से सटे ग्राम नावकूड़ के रहने वाले 60 वर्षीय शोभाराम पुत्र छेदालाल खेती करते थे। बुधवार दोपहर को वह पशुओं को नहलाने के लिए गए थे। इस दौरान देवहा नदी में डूब गए। ग्रामीणों ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# अवैध कटान की लकड़ी ले जा रहा ठेकेदार पकड़ा


पकड़ी गई लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली। ● अमृत विचार

**बीसलपुर, अमृत विचार:** जनपद में वनकर्मियों की साठगांठ से हरे पेड़ों का धड़ल्ले से कटान हो रहा है। बीसलपुर में जहां अवैध कटान के मामले में पुलिस साठगांठ कर मामले दबा दी जाती है। वहीं, बिना परमिट आम के पेड़ को काटने के बाद लकड़ी ले जा रहे ठेकेदार को वनक्षेत्राधिकारी ने पकड़ लिया। इस कार्रवाई के बाद अवैध तरीके से पेड़ों को कटाने करने वालों में खलबली मची है।

बता दें कि ग्राम अखौली के लकड़ी ठेकेदार ने वन विभाग से बिना परमिट लिए ही आम के पेड़ काट लिये। इसकी लकड़ी ट्रॉली में भरकर बिक्री करने के लिए गुरुवार को ले जा रहा था।

इसकी सूचना मिलने पर वन क्षेत्राअधिकारी रोहित जोशी टीम के साथ पहुंचे और लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली और ठेकेदार बबलू को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वाचर की भूमिका की भी जांच चल रही है।

# मान गया मटैया लालपुर का प्रधान, मगर डंडे के जोर से...

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** राज्यपाल के दौरे के सात माह बाद भी जो फर्नीचर वापस संबंधित स्कूल में पहुंचाने में प्रधान जी आनाकानी कर रहे थे। अमृत विचार में जब यह मामला खबर प्रकाशित से प्रकाशित किया तो जहां अफसरों ने सख्ती दिखाई वहीं प्रधान के तेवर ढीले पड़ गए। सुबह होते ही उसने प्रधानाध्यापक को फोन कर सारा फर्नीचर लौटाने की जानकारी दी। जिसके बाद छात्रों ने राहत महसूस की। उनको अब जमीन पर बैठकर शिक्षा ग्रहण से राहत मिलेगी।

बता दें कि करीब सात माह पूर्व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल जनपद भ्रमण पर आई थी। उस दौरान राज्यपाल के भ्रमण कार्यक्रम के चलते पूरनपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत मटैया लालपुर के स्कूल में पास की ही ग्राम पंचायत पुरैना ताल्लुके महाराजपुर के स्कूल से फर्नीचर मंगवाकर डलवाया गया था। अफसरों ने राज्यपाल के जाने के बाद उक्त सभी फर्नीचर को वापस पुरैना ताल्लुके महाराजपुर भिजवाने की हिदायत भी दी थी। राज्यपाल तो चलीं गई, लेकिन ग्राम प्रधान ने फर्नीचर को मटैया लालपुर की संपत्ति मान उसे स्कूल में रख लिया। मामला अफसरों तक पहुंचा तो ग्राम प्रधान से फर्नीचर वापस करने को भी कहा गया, लेकिन प्रधान टस से मस नहीं हुए। इसके बाद बेसिक शिक्षा विभाग और जिला पंचायत राज विभाग के जिम्मेदारों की ओर से कई बार ग्राम प्रधान से फर्नीचर भिजवाने को कहा गया, लेकिन उन्होंने अनसुना कर दिया।


पुरैना ताल्लुके महाराजपुर स्कूल में गुरुवार सुबह पहुंचा फर्नीचर।


प्रधान जी! वोट दिए थे... अपने बच्चों का हक लूटने का लाइसेंस नहीं

सात माह से स्कूल का फर्नीचर दबाए बैठा है प्रधान, बच्चे जमीन पर बैठकर कर रहे पढ़ाई

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

- सात माह से दबाए था फर्नीचर समाधान नहीं करा पा रहे थे दो विभागों के जिम्मेदार
- अमृत विचार में प्रकाशित खबर का डीएम ने लिया संज्ञान और हो गया समस्या का समाधान

> ग्राम प्रधान को अंतिम चेतावनी देते हुए स्कूल का फर्नीचर वापस करने को कहा गया था। गुरुवार सुबह सारा फर्नीचर ग्राम पंचायत पुरैना ताल्लुके महाराजपुर में भिजवा दिया गया है। – **सतीश कुमार**, जिला पंचायत राज अधिकारी

इधर बीएसए अमित कुमार को पुरैना ताल्लुके महाराजपुर स्कूल में बच्चों के जमीन पर बैठकर पढ़ाई करने की जानकारी हुई तो उन्हें स्कूल के स्टाफ ने पूरे मामले की जानकारी दी। इस पर बीएसए ने प्रधान की हठधर्मिता के बारे में डीपीआरओ सतीश कुमार को बताया। बार-बार कहने के बाद भी स्कूल का फर्नीचर वापस न किए जाने की जानकारी मिलने पर डीपीआरओ खासे नाराज हो उठे।

इधर अमृत विचार समाचार पत्र ने गुरुवार के अंक में पूरे प्रकरण को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर को संज्ञान लेते हुए डीएम संजय कुमार सिंह ने गुरुवार सुबह डीपीआरओ से पूरे प्रकरण की जानकारी ली। डीपीआरओ ने पूर्व ग्राम पंचायत मटैया लालपुर के ग्राम प्रधान एवं सचिव को अंतिम चेतावनी देते हुए तीन दिन के भीतर फर्नीचर वापस करने पर अधिकार सीज करने की कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद सात माह से दो विभागों के जिम्मेदारों के कई बार कहने के बाद भी जो समस्या हल नहीं हो पा रही थी, उसका समाधान चंद मिनटों में ही हो गया। मामला डीएम तक पहुंचने और अपने अधिकार सीज होने का खतरा मंडराता देख ग्राम प्रधान ने गुरुवार सुबह ही पुरैना ताल्लुके महाराजपुर स्कूल के प्रधानाध्यापक को फोन कर फर्नीचर जल्द भिजवाने की जानकारी दी और स्कूल में रखा सारा फर्नीचर ट्रेक्टर-ट्राली से वापस भिजवा दिया गया। स्कूल में पुनः फर्नीचर देख स्कूली बच्चों के भी चेहरे खिल उठे।

# खेत में बाघ, शीशम के पेड़ पर चढ़कर बचाई जान

संवाददाता, ललौरीखेड़ा

- जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव सियाबाड़ी पट्टी का मामला
- गन्ने में स्प्रे लगाते वक्त दिखा बाघ, वन विभाग की टीम ने ट्रेस किए पगचिन्ह

**अमृत विचार :** गन्ने में स्प्रे कर रहे किसान को खेत में बाघ बैठा दिखाई दिया। बाघ को देखकर किसान के पसीने छूट गए। घबराकर वह पड़ोस में लगे शीशम के पेड़ पर चढ़ गया और खुद को बचाया। ग्रामीणों को फोन कर मामले की सूचना दी। इस पर ग्रामीण और कुछ देर में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। हालांकि बाघ जा चुका था। टीम ने पगमार्क ट्रेस कर ग्रामीणों को अलर्ट किया।

जहानाबाद क्षेत्र के गांव सियाबाड़ी पट्टी के नरेश पटेल ने बताया कि गुरुवार को वह अपने खेत में लगी गन्ने की फसल में स्प्रे करने के लिए गए थे। स्प्रे करते हुए वह खेत के अंदर की ओर दाखिल हुए तो उन्हें कुछ आहट महसूस हुई। इस पर उन्होंने छिपकर देखा तो बाघ खेत में लेटा हुआ था।

ये देखकर उनका पसीना छूट गया। घबराकर वह खेत के बाहर की तरफ आए और खुद को बचाने के लिए शीशम के पेड़ पर चढ़ गए। कॉल कर अन्य ग्रामीणों को जानकारी दी। कुछ ही देर में काफी लोग जमा हो गए। जानकारी मिलने पर वन विभाग के डिप्टी रेंजर देवऋषि टीम के साथ पहुंचे।

हालांकि बाघ जा चुका था। किसान पेड़ से उतरा और पूरी बात बताई। टीम ने बाघ के पगचिन्ह ट्रेस कर अलर्ट रहने के निर्देश दिए। निगरानी टीम को भी लगा दिया गया है।


खेत में बाघ के पगमार्क ट्रेस करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। जिसमें क्षेत्र की एक महिला बताया कि उसके पति की तीन साल पहले मौत हो चुकी है। उसके पास नदी किनारे कुछ जमीन है। जिस पर 300 पॉपुलर के पेड़ लगा दिए थे। 70 पेड़ धारदार हथियार से नष्ट कर दिए गए। जिनकी कीमत तीन लाख रुपये थी। गांव के ही भगवान दास ने नौ मई की सुबह पेड़ काटे। विरोध करने पर गाली गलौज कर छेड़छाड़ की। कपड़े भी फाड़ दिए। दुष्कर्म करने की कोशिश की गई। जानलेवा हमला करते हुए गला दबाकर मारने की कोशिश की। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# नशे में सभासद ने पुलिस से की अभद्रता, अभिलेख फाड़े

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

- गुरुवार रात असम पुलिस चौकी परिसर में पहुंचकर किया विवाद
- पुलिस ने आरोपी सभासद को रिपोर्ट दर्ज कर भेजा जेल

**अमृत विचार :** शराब के नशे में धुत होकर सिफारिशी बनकर असम चौकी पहुंचे नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के सभासद ने पुलिस पर पहले रौब झाड़ा। इसके बाद दरोगा-सिपाही से अभद्रता करना शुरू कर दी। समझाने के बाद भी जब वह नहीं माना और मारपीट करते हुए अभिलेख फाड़ दिए। इस दौरान पुलिसकर्मियों की वर्दी भी फट गई। सख्ती करते हुए पुलिस ने सभासद को पकड़ लिया। इसके बाद अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। सिपाही की ओर से आरोपी सभासद पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, हमला करने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई।

मामला बुधवार रात करीब दस बजे का है। पुलिस के अनुसार असम चौकी पर नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के सभासद अल्ताफ हुसैन पुत्र अहमद हुसैन एक मामले में सिफारिश लेकर चौकी पर पहुंचा। उस वक्त चौकी पर दरोगा हिमांशु, सिपाही चंद्रमणी मौजूद थे। आरोप है कि सभासद शराब के नशे में धुत था। चौकी पर पहुंचते ही पहले सिपाही चंद्रमणि से अभद्रता की। जब दरोगा ने समझाने का प्रयास किया तो उनसे भी भिड़ गया। आरोप है कि सभासद ने चौकी पर रखे सरकारी अभिलेख फेंकते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब पकड़ने का प्रयास किया तो उसने दरोगा और सिपाही की वर्दी भी फाड़ दी। इसमें सिपाही मामूली रुप से चोटिल हो गया। चौकी पर हंगामा देखकर मौके पर भीड़ लग गई। चौकी पर मौजूद लोगों की मदद से आरोपी सभासद को पकड़ा। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मनवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। आरोपी सभासद अल्ताफ हुसैन को हिरासत में लेने के बाद घटनाक्रम की सूचना उच्चाधिकारियों को देने के बाद सिपाही चंद्रमणि ने सुनगढ़ी थाने में सभासद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी नगर पंचायत नौगवां पकड़िया का सभासद है। आरोपी को हिरासत में लिया गया है। एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**मिली राहत** | गर्डर लांच करने का कार्य गुरुवार से शुरू, बरसात के चलते थम गया था काम

# असम हाईवे पर नहीं लगेगा जाम, हरदोई नहर पुल का निर्माण शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- असम हाईवे पर 27.41 करोड़ की लागत से बनना है स्टील ब्रिज, सितंबर तक पूरा होगा कार्य

**अमृत विचार:** असम हाईवे से गुजरने वाले वाहनों को जल्द ही जाम से मुक्ति मिल सकेगी। हाईवे पर हरदोई ब्रांच नहर पर पुल निर्माण का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। टीम की देखरेख में गुरुवार से नदी में बने पिलर पर गर्डर लांचिंग शुरू कर दी गई। कार्यदायी संस्था के मुताबिक यदि सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो सितंबर तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

असम हाईवे पर पीलीभीत-पूरनपुर के बीच हरदोई ब्रांच नहर पर 27.41 करोड़ रुपये की लागत से करीब साल भर पहले पुल निर्माण का कार्य शुरू कराया गया था। यह पुल 74.8 मीटर लंबा बनना है। पुल के निर्माण में शुरुआती दौर में बड़ी अड़चन आई। उस दौरान करीब 10 माह तक पुल निर्माण का काम थमा रहा था। सिंचाई विभाग से एनओसी मिलने के बाद पुल निर्माण का कार्य शुरू कराया गया। नहर के अंदर पिलर बनाने का काम पूरा लिया गया था। यहां खास तकनीक से स्टील ब्रिज का निर्माण कराया जाना है। स्टील ब्रिज के डिजाइन को ओडिशा के राउरकेला में तैयार किया गया। पिछले माह ओडिशा से गर्डर समेत अन्य सामान भी यहां ट्रकों के माध्यम से मंगा लिया गया। इन गर्डर को असेंबल करने की तैयारी चल रही थी कि इस बीच बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते असेंबल करने का काम जहां का तहां रुक गया था। कार्यदायी संस्था बारिश थमने की इंतजार कर रही थी। इधर गुरुवार से कार्यदायी संस्था की टीम की देखरेख में नदी में बने पिलरों पर गर्डर रखने का काम तेजी से शुरू कर दिया गया। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों के मुताबिक यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो सितंबर तक सभी कार्य पूरा करा लिया जाएगा।


हरदोई ब्रांच नहर पर पिलर के ऊपर गर्डर लांच करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

> हरदोई ब्रांच नहर पर पुल निर्माण का कार्य बारिश के चलते सुस्त हो गया था। इधर अब कार्य तेजी से शुरू कराया गया है। गर्डर रखने का काम शुरू हो चुका है। सितंबर तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।
> – **सुमन कुमार**, डीपीएम

### संकरा पुल होने से लगता है रोजाना जाम

करीब एक दशक पूर्व असम हाईवे के निर्माण कराया गया था। उस दौरान हरदोई ब्रांच नहर पर बने पुल का निर्माण नहीं कराया गया। असम हाईवे गुजरने वाले सभी छोटे-बड़े वाहन ब्रिटिशकाल में बने इसी संकरे पुल से होकर गुजर रहे है। पुल संकरा होने के चलते यहां आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। घंटों जाम के झाम से जूझने के बाद ही वाहन सवार इस पुल से गुजर पा रहे हैं। हरदोई ब्रांच नहर पर पुल जाने से लोगों को आए दिन लगे वाले जाम से मुक्ति मिल सकेगी।

# महिला और उसकी सास को पीटा

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** छेड़छाड़ की शिकायत करने पर महिला और उसकी सास से मारपीट की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। गांव के ही रिजवान ने बीते दिनों घर में घुसकर छेड़छाड़ की। इसकी शिकायत पुलिस से की गई।जिसके बाद आरोप है कि रिजवान, उस्मान, नाजमी, नूर बी, नाजरीन घर में घुस आए और मारपीट की। बचाने आई सास को भी पीटा। कोतवाल राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।


अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरे पुत्र के शिक्षा के दस्तावेजों में मेरा नाम वृंदा अग्रवाल एवं पति के एल.आई.सी. बॉन्ड में भी वृंदा अग्रवाल अंकित है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। किन्तु मेरे आधार कार्ड सं. 708858336156 में विनय गुप्ता अंकित हो गया है। जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम वृंदा अग्रवाल पत्नी कपिल अग्रवाल है। आधार कार्ड में यही नाम अंकित किया जाये। **श्रीमती वृंदा अग्रवाल पत्नी श्री कपिल अग्रवाल नि. त्रिमूर्ति भवन विश्वनाथ पुरम थाना सुभाषनगर, जिला बरेली**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र प्रदीप व पुत्रवधु ज्योति को उनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण इनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कर्त्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **मीना देवी पत्नी स्व. मोहन लाल, निवासी पसतौर, सी.बी. गंज, बरेली**

**सूचना**

मेरी हाई स्कूल वर्ष 2021 की मार्कशीट अनुक्रमांक 210904686 वास्तव में कहीं खो गई है। तलाश के बावजूद मार्कशीट नहीं मिली। लिहाजा इसका प्रयोग अवैध माना जाएगा। **प्रभजोत सिंह पुत्र श्री मेजर सिंह ग्राम मरौरी खास बिलसंडा पीलीभीत**

**Notice**

Please be informed that my original qualifying examination mark sheets for B.Tech from the years 2015, 2016, and 2017, Roll No. 1401413019, issued by AKTU, Lucknow, have been lost. Mohd Abu Taurab Chak Mehmood, Old City, Bareilly, UP PIN code: 243005 Phone number: 8630210027

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 210883302 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2023 अनुक्रमांक 2235760796 के अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये है। **सतीश पुत्र नरवीर निवासी ग्राम खरगापुर, थाना व तहसील तिलहर, शाहजहांपुर।**

**सूचना**

मेरे घर के बैनामा वही सं. 1, जिल्द सं. 468 के पृष्ठ सं. 1013 से 1022, क्रमांक 1622 दिनांक 20.02.2003 को रजिस्ट्रीकृत SRO बरेली में हुई थी। जो मेरे द्वारा 20.05.2024 को कहीं गुम हो गई है। **यशपाल गुप्ता पुत्र श्री हरी शंकर, निवासी- 179, जौहरपुर, सी.बी. गंज, बरेली**

**आवश्यकता है**

संस्कृत संवर्धन योजनान्तर्गत
**भगवती दुर्गा संस्कृत माध्यमिक विद्यालय**
सिंधौरा बिलसंडा, पीलीभीत
में एक संस्कृत व एक आधुनिक विषय हेतु शिक्षक की आवश्यकता है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली द्वारा निर्धारित बीस हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। परंपरागत को वरीयता, 10 अगस्त 2024 तक ही आवेदन विद्यालय कार्यालय या रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार होंगे।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### लोकतंत्र सेनानी का निधन, शोक

**बरखेड़ा।** लोकतंत्र सेनानी का लंबी बीमारी के चलते गुरुवार को निधन हो गया। राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि की गई। बता दें कि क्षेत्र के गांव बरगदा निवासी 85 वर्षीय लोकतंत्र सेनानी काशीराम करीब एक वर्ष से अस्वस्थ चल रहे थे। गुरुवार सुबह 11 बजे उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली। लोकतंत्र सेनानी के निधन की सूचना पुलिस व राजस्व विभाग को दी गई। दोपहर बाद पुलिस लाइन से गारद गांव पहुंची। नायब तहसीलदार बीसलपुर अवधेश कुमार की मौजूदगी में सलामी दी गई। इसके बाद लोकतंत्र सेनानी की अंत्येष्टि कर दी गई। बड़े पुत्र शिवलाल ने मुखाग्नि दी। मृतक के पत्नी लीलावती, चार पुत्र व एक पुत्री है।

### कहासुनी के बाद मारपीट

**दियोरियाकलां** : ग्राम गझाड़ा की रहने वाली दिलवरी बेगम पत्नी हनीफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भांजे बुंदन की पत्नी दूसरे घर पर अपनी बकरियों के लिए चारा डालने गई थी। इस बीच पड़ोसी सलामत, शरीफ, जीशान, रियाज से कहासुनी हो गई। शोर सुनकर पीड़िता बीच बचाव कराने गई तो उनकी भी पिटाई कर दी गई। ग्रामीणों के जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाल राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

# झटका: मेडिकल कॉलेज की मान्यता अटकी... एनएमसी के मापदंडों पर खरा नहीं उतरा कॉलेज

## हाल ही में एनएमसी टीम के निरीक्षण के बाद इस शैक्षिक सत्र में मान्यता मिलने के लगाए जा रहे थे कयास

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



मेडिकल कॉलेज का भवन। ● अमृत विचार

- 15 जुलाई को दोबारा की गई थी अपील का भी नहीं निकला हल
- संसाधन और स्टाफ की कमी के चलते एनएमसी टीम ने किया इनकार

> – एनएमसी की टीम ने दौरा किया था। एनएमसी की ओर से कुछ आपत्तियां लगाते हुए मान्यता नहीं दी गई है। जिसको लेकर 15 जुलाई को भी अपील की गई थी। गुरुवार को भी अपील दाखिल हुई। उम्मीद है आगे मान्यता मिल सकती है।
>
> **– डॉ. संगीता अनेजा, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज**

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज प्रशासन की नाकामी से कॉलेज में शैक्षिक सत्र को इस साल चालू करने की कवायद पर एक बार पानी फिर गया है। मेडिकल कॉलेज को नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) की ओर से मान्यता देने से इनकार कर दिया गया है। इस निर्णय का कारण कालेज के निरीक्षण में चिकित्सा शिक्षकों एवं अन्य संसाधनों की लेकर मिली खामियां बताई जा रही हैं। हालांकि कॉलेज प्रशासन का दावा है कि 15 जुलाई को फिर से उनकी ओर से मान्यता के लिए अपील की गई, जिसका परिणाम अभी सामने नहीं आया है। इधर, नीट यूजी की काउंसलिंग शुरू होने पर माना जा रहा है कि इस बार भी कॉलेज में पढ़ाई शुरू नहीं हो सकेगी।

सरकार ने वर्ष 2020 में पीलीभीत को राजकीय मेडिकल कालेज दिया था। इसकी परियोजना 27 मार्च 2020 को स्वीकृत हुई थी। निर्माण के लिए 284.60 करोड़ का बजट स्वीकृत कर पूरनपुर हाईवे पर खाग गांव में 15 एकड़ जमीन पर इसका निर्माण कराया जा रहा है। इधर, शासन की ओर से मेडिकल की पढ़ाई को शैक्षिक सत्र 2023-24 में शुरू कराने पर जोर दिया था जो पूरा नहीं हो सका। एक अप्रैल 2023 को प्रथम एलओपी (लेटर ऑफ परमिशन )के संयुक्त चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज के अधीन कर दिया गया था। प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा को बतौर प्राचार्य की जिम्मेदारी देते हुए शासन से भेजा गया ताकि तैयारियों को गति मिल सके। मेडिकल की पढ़ाई के लिए एनएमसी की ओर से मान्यता ली जाती है। इसके बाद ही सीटों का आवंटन होता है।

कयास लगाए जा रहे थे कि जिले में करीब 80 से 100 सीटें मिलेंगी। खाग गांव में एकेडमिक भवन, लैब, प्रशासनिक भवन, प्रोफेसर, कर्मचारी आवास का निर्माण लगभग पूरा करा लिया गया। जिला अस्पताल परिसर में 200 बेड अस्पताल भवन और स्टाफ के हॉस्टल भी बन रहा है। साथ ही आईपीडी क्षमता बढ़ाने के लिए 30 बेड इमरजेंसी भी बनाई जा रही है। बीते 24 जून को एनएमसी टीम के सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

बताते हैं कि निरीक्षण के दौरान उन्हें काफी खामियां मिली। लेकिन संकाय सदस्यों (फैकल्टी )की कमी की वजह से यहां मान्यता नहीं दी गई है। जिले के अलावा पूरे प्रदेश में 13 स्वशासी महाविद्यालयों को मान्यता नहीं मिलने का दवा किया रहा है। यहां वह कॉलेज हैं जहां संसाधन और मानव संसाधन की पूर्ति नहीं हो सकी। इधर, नीट यूजी की काउंसलिंग शुरु चल रही है। जिसके आधार पर ही एडमिशन होना है। इसलिए कयास लगाए जा रहे हैं कि सत्र 2024-25 में भी एमबीबीएस पाठ्यक्रम शुरू नहीं हो सकेगा। मगर अफसर लगातार अपील करने का दावा करते हुए मान्यता मिलने की बात कह रहे हैं। लेकिन मेडिकल पढ़ाई शुरु होने पर अटकलें बनी हुई है।

### आउटसोर्स स्टाफ और अस्पताल का काम भी अधूरा

मेडिकल कॉलेज परिसर में शासन ने आउटसोर्स स्टाफ को भर्ती करने के आदेश दिए गए थे। मगर अभी तक मेडिकल कॉलेज में भर्ती नहीं हो सकी। इस भर्ती में डिप्टी लाइब्रेरियन, सोशल वर्कर, डटाइटिशिय, स्पीच थेरपिस्ट समेत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी समेत करीब 24 पदों पर भर्ती होनी है। जिसकी प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है। इस कारण स्टाफ का अभाव बना हुआ है। तो वहीं 200 बेड के अस्पताल का काम भी अधूरा पड़ा हुआ है। जोकि मान्यता में रोड़ा बना है।

# फरियादियों की समस्या का हो समाधान, वरना होगी कार्रवाई


फरियादियों को सुनते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- राज्यमंत्री ने जनता दर्शन के दौरान सुनी समस्याएं, दिए निर्देश

**अमृत विचार:** जनता दर्शन के दौरान राज्यमंत्री ने फरियादियों को सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि अगर कोई लापरवाही मिली तो कार्रवाई तय है। अधिकांश शिकायतें पुलिस और राजस्व विभाग से जुड़ी रही।

बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने लखनऊ स्थित आवास पर विधायकों की बैठक बीते दिनों की थी। इसी क्रम में गुरुवार को राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने जन सहयोग कार्योलय पर पूर्व की भांति क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी। ग्राम भिखारीपुर के राजीव कुमार, प्रेमचन्द, ब्रहमस्वरूप आदि ने भिखारीपुर में लगे नलकूप का कनेक्शन न्यूरिया विद्युत केंद्र से हटाकर भिखारीपुर फीडर से किए जाने की मांग की। छत्रपति शिवाजी कालोनी की लक्ष्मी देवी ने काशीराम आवासीय कालोनी में आवास आवंटित कराने की मांग की। अमरिया रामलीला कमेटी के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश गुप्ता ने ग्राम पंचायत अमरिया में स्थित घन्नई तालाब की साफ सफाई एवं सौन्दर्यीकरण की मांग रखी। ग्राम सिमरिया गौसू के विजयपाल, अमर सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, पप्पू, प्रेमपाल, ओमशंकर, आनन्द प्रकाश ने गांव में शराब भट्टी से पातीराम के घर तक पक्की सड़क का निर्माण कराने की मांग को प्रार्थना पत्र दिया।

# 18 आरआरसी सेंटर निर्माण की राह हुई आसान

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- जमीन नहीं मिलने की वजह से ओडीएफ प्लस ग्राम पंचायतों में नहीं हो पा रहा था निर्माण
- जिले की छह पंचायतों में बचा आरआरसी सेंटर का निर्माण जमीन की चल रहा तालाब

> ओडीएफ प्लस पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आरआरसी सेंटरों का निर्माण कराया गया है। 24 ग्राम पंचायतों में भूमि उपलब्ध न होने से सेंटर निर्माण नहीं हो पा रहा है। अब 18 ग्राम पंचायतों में भूमि उपलब्ध करा दी गई है। जल्द ही आरआरसी सेंटरों का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। शेष बची ग्राम पंचायतों के लिए भी भूमि तलाशी जा रही है।
>
> **– सतीश कुमार, डीपीआरओ**

**अमृत विचार:** जिले की 18 ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटरों के निर्माण की राह आसान हो गई है। डीएम के निर्देश के बाद इन सभी ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध करा दी गई है। अफसरों के मुताबिक जल्द ही इन सभी ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटरों का निर्माण कराया जाएगा। हालांकि अभी छह ग्राम पंचायतों में सेंटर निर्माण के लिए भूमि की दरकार बनी हुई है।

शासन के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण के तहत गांवों को ठोस एवं तरल अपशिष्ठ प्रबंधन को लेकर काम चल रहा है। जनपद की ओडीएफ प्लस ग्राम पंचायतों में कूड़ा निस्तारण के लिए आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) के निर्माण के साथ, कूड़े का निस्तारण, डोर-टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य कराया जा रहा है। पंचायत विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 में चयनित सभी करीब 419 ओडीएफ ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटरों का निर्माण होना था, मगर अभी तक 361 ओडीएफ प्लस पंचायतों में आरआरसी सेंटरों का निर्माण कराया गया है। जबकि 35 ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर निर्माण का कार्य चल रहा है। शेष 24 पंचायतों में आरआरसी सेंटर के लिए जमीन नहीं मिल सकी है। ऐसे में इन ग्राम पंचायतों में कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। इस मामले को अमृत विचार समाचार पत्र ने बुधवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था। इधर इन सभी ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर के लिए जमीन उपलब्ध कराने क लिए संबंधित तहसीलों के एसडीएम से पत्राचार किया गया था।

मामला संज्ञान में आने पर डीएम ने भी सभी उप जिलाधिकारियों से जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इधर अब आरआरसी सेंटर से अछूती रहीं शेष ग्राम पंचायतों में से 18 ग्राम पंचायतों में सेंटर निर्माण की राह आसान हो गई है। इन सभी ग्राम पंचायतों में सेंटर निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध करा दी गई है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही इन ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटरों का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा।

# पति की मौत ससुराल वालों पर धमकाने का आरोप

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव भगौतीपुर की रहने वाली गीता देवी पत्नी ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पति गंगा सहाय की 25 नवंबर 2023 को हादसे में मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद दोनों बच्चों के साथ पति द्वारा बनाए गए अलग मकान में रह रही है। पति की मधवापुर में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान थी। इस पर ससुरालियों ने कब्जा कर लिया। 25 अप्रैल को घर का सामान भी ले गए और कृषि भूमि भी कब्जा ली। अब बच्चों के साथ गांव न छोड़ने पर मारने की धमकी देने लगे।जिसके डर से पीड़िता मायके में आकर रहने लगी। मामले की जांच कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

# नाला खोदाई के दौरान धार्मिक स्थल की दीवार गिरने पर हंगामा

**संवाददाता, बरखेड़ा**


नाला निर्माण को चल रही खुदाई के दौरान गिरी दीवार। ● अमृत विचार


मौका मुआयना कर मामले की जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

- सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और राजस्व टीम ने आक्रोशित लोगों को किया शांत

**अमृत विचार:** चौड़ीकरण कार्य के दौरान कराए जा रहे नाला निर्माण को की जा रही जेसीबी से खोदाई के बीच एक धार्मिक स्थल की दीवार गिर गई। जिसके बाद काफी लोग जमा हो गए और लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। इसकीसूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। राजस्व टीम को भी बुलाकर स्थिति दिखवाई गई। तहरीर मांग निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन देकर भीड़ को शांत कराया गया। घटना के चलते हड़कंप मचा रहा।

बता दें कि पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। कस्बा बरखेड़ा में निर्माण कार्य पूरा होने के करीब है, लेकिन कस्बे में ब्लॉक तिराहे के पास कुछ निर्माण बाकी है। यहीं पर नाले के निर्माण के लिए गुरुवार को जेसीबी से खोदाई की जा रही थी। नजदीक में ही कादरी मस्जिद है।

खोदाई के दौरान अचानक मस्जिद की दीवार ढह गई। कुछ ही देर में काफी लोग जमा हो गए और विरोध कर काम रुकवा दिया। उनका कहना था कि जेसीबी चालक ने जानबूझ कर दीवार गिरा दी। आरोप लगाया कि कार्यदायी संस्था ने नाला निर्माण को लेकर कई जगह नियम ताक पर रख दिए। मगर मस्जिद की जगह पर जानबूझ कर लापरवाही दिखाकर दीवार गिराई गई है। हंगामे की सूचना पर एसएसआई सिद्धांत शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। भीड़ को बमुश्किल कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया गया। राजस्व टीम ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति जानी। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि रोड के नाले की खोदाई के दौरान दलदल होने की वजह से धार्मिक स्थल की दीवार गिर गई थी। अगर तहरीर कोई देता है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डीसीओ ने गन्ना सर्वे सट्टा प्रदर्शन का किया निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**


सर्वे सट्टा प्रदर्शन के दौरान किसानों को जानकारी देते डीसीओ। ● अमृत विचार

- नए गन्ना किसानों से 30 सितंबर से पूर्व समिति सदस्यता लेने की अपील

**अमृत विचार:** डीसीओ खुशीराम भार्गव ने गन्ना विकास परिषद पीलीभीत के गांव चिड़ियादाह, संतोषपुरा, सिरसा सरदहा तथा गन्ना विकास परिषद मझोला के गांव पकड़िया विजयपुर एवं फुलैया में चल रहे ग्राम स्तरीय गन्ना सर्वे-सट्टा प्रदर्शन कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान गन्ना पर्यवेक्षक एवं चीनी मिल कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए मिले। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को बताया कि किसान गन्ना सट्टे से संबंधित 63 कॉलम की सभी सूचनाएं ठीक से देख लें और किसी प्रकार की आपत्ति होने पर तुरंत गन्ना पर्यवेक्षक को शिकायत दर्ज कराएं। प्रदर्शन के दौरान मिलने वाली आपत्तियों को रजिस्टर में दर्ज कर उनका समाधान किया जा रहा है।

समिति सदस्यता के लिये विशेष जागरूकता अभियान भी चल रहा है। जिन किसानों के पास गन्ना की फसल है और वे समिति के सदस्य नहीं हैं, ऐसे किसान 30 सितंबर से पहले समिति की सदस्यता प्राप्त कर लें। वर्तमान में जिले में 20,170 किसानों का लगभग 18587 हेक्टेयर क्षेत्रफल का गन्ना अनबांडेड है। नये किसान समिति सदस्यता प्राप्त होने पर ही गन्ना चीनी मिलों को आपूर्ति कर सकेंगे। समिति सदस्यता के लिए किसान ऑनलाइन पंजीकरण कराकर चार दिन बाद समिति कार्यालय में 21 रुपये शुल्क देकर रसीद प्राप्त कर लें। समिति कार्यालय में ही तीन प्रतियों में पासपोर्ट साइज फोटो, भू-अभिलेख, बैंक खाता पासबुक प्रति एवं मोबाइल नंबर उपलब्ध करवा दें।

इसके पश्चात विभाग द्वारा स्थलीय सत्यापन करवाया जाएगा। सही पाए जाने पर संबंधित किसान को 35 दिनों में सदस्यता प्राप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद में अब तक 1035 नये किसान समिति सदस्यता के लिए अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। इस दौरान एलएच शुगर मिल के जीएम केबी शर्मा, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मझोला विजय लक्ष्मी एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत राम भद्र द्विवेदी समेत फील्ड कर्मचारी और किसान मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### संविधान की प्रस्तावना की प्रतियां बांटी



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को संविधान की प्रस्तावना की प्रतियां बांटी। शहर के रेहड़ी पटरी, ठेला लगाकर जीविका चलाने वालों के पास कार्यकर्ता पहुंचे और उन्हें प्रतियां दी। प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस की अगुवाई में अभियान के तौर पर कार्यकर्ता इस मुहिम से जुड़े। इस मौके पर जिला चेयरमैन इश्तियाक अहमद अंसारी, सिद्धीक अहमद उस्मानी, मोहम्मद सादिक अल्वी, राशिद हुसैन, रवि कुमार, अकील मियां, लालू अहमद, जब्बार हुसैन, अनवर हुसैन, विरासत हुसैन, बाबू खान, नन्हे मियां, जमाल खान, नवाब हुसैन, मोहित कुमार, राजेश कुमार आदि थे।

### भारतीय लोकनृत्यों का बच्चों ने किया प्रदर्शन



**पीलीभीत।** शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर 22 से 28 जुलाई तक परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को इसी क्रम में सांस्कृतिक दिवस के तहत कई आयोजन किए गए। इसकी शुरुआत विद्यालयों में अतिथियों के और भाषण से कराई गई। शिक्षकों व छात्रों ने स्कूल को सजाया। भारतीय लोकनृत्यों का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न भाषाओं में गीत गाए गए और भारतीय सांस्कृतिक विविधता को दर्शाया। नुक्कड़ नाटक भी बच्चों ने पेश किए। भारतीय कला और संस्कृति पर आधारित प्रश्नोत्तरी कराई गई। प्रेरणादायक पुस्तक, शिक्षण सामग्री आदि के रूप में पुरस्कार भी दिए गए। बीएसए अमित कुमार सिंह ने बताया कि ये आयोजन छात्रों की रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान कर रहे हैं। समाज में समरसता और समन्वय को बढ़ावा भी मिलेगा।

### सील अस्पताल में इलाज करने का शोर



**जहानाबाद** : रिछा रोड पर जून माह में अवैध तरीके से संचालन मिलने पर सील किए गए अस्पताल का मामला अभी भी अफसर स्पष्ट नहीं कर सके हैं। बीते दिनों सील तोड़ दी गई और अस्पताल में लगे बोर्ड हटा दिए गए थे। बुधवार को बिना बोर्ड के ही उसी जगह पर मरीजों को देखने का शोर मचा, जबकि सीएचसी अधीक्षक का कहना था कि सील अस्पताल की चाबी तो उनके ही पास है। अधिकारियों तक मामला पहुंचने के बाद गुरुवार को ललौरीखेड़ा सीएचसी अधीक्षक डॉ .कमलेश कुमार मौके पर पहुंचे और जानकारी की। इस दौरान अस्पताल तो बंद मिला लेकिन वहां पर कोई बोर्ड नहीं था और सील भी गायब थी। रस्सी से दरवाजे बंद किए गए थे। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि वह अपनी रिपोर्ट बनाकर अधिकारियों को देंगे।

**बैठक** | जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक में डीएम की समीक्षा में हुआ खुलासा, अब बीईओ करेंगे जगह चिन्हित

# 885 स्कूलों में नहीं है फर्नीचर, दिव्यांग शौचालय भी कम

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**


गांधी सभागार में हुई बैठक में जानकारी लेते डीएम संजय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति/निपुण भारत मिशन की बैठक में डीएम ने कायाकल्प के अवशेष पैरामीटर की समीक्षा की। इस दौरान कई विद्यालयों में कायाकल्प से जुड़े काम अधूरे मिले। कहीं फर्नीचर, तो कहीं शौचालय का कार्य नहीं होना पाया गया। डीएम ने कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।

गांधी सभागार में गुरुवार को हुई बैठक में डीएम संजय कुमार ने बिंदुवार समीक्षा की। सामने आया कि जिले के 89 विद्यालयों में चारदीवारी, 885 विद्यालयों में फर्नीचर, 117 विद्यालय में दिव्यांग शौचालय और चार विद्यालयों में टाइलीकरण का कार्य अधूरा है। बीएसए अमित कुमार और डीपीआरओ सतीश कुमार ने बताया कि 63 विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय के निर्माण के लिए जगह नहीं है। डीएम ने कहा कि बीईओ भूमि चिन्हित कर काम शुरू कराएं। मुख्यमंत्री अभ्युदय स्कूल एवं मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल की समीक्षा की गई। बीएसए ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय स्कूल के रूप में कंपोजिट विद्यालय नवादा महेश व मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल के रूप में बसंतपुर नौनेर विकासखंड पूरनपुर का चयन कर प्रस्ताव राज्य परियोजना कार्यालय को भेजा जा चुका है। दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाये जाने के लिए सीएमओ के द्वारा 31 जुलाई निर्धारित की गई है। आरटीई पोर्टल पर मैपिंग/रजिस्ट्रेशन के संबध में भी जानकारी ली गई। जिसमें 2024-25 में आरटीई पोर्टल पर 589 विद्यालयों के सापेक्ष 556 विद्यालयों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। आरटीई के तहत विद्यालय आवंटित छात्रों का विद्यालयों द्वारा पोर्टल पर डाटा फीडिंग का कार्य किया जा रहा है। 105 स्कूल द्वारा 592 बच्चों की फीड़िग की जा चुकी है।आरटीई के तहत 825 अभ्यर्थी विद्यालयों में प्रवेश ले चुके हैं, जबकि 147 अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश नही लिया गया है। रसोइया मानदेय को लेकर भी समीक्षा की गई। तो बीएसए ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के शासन द्वारा निर्धारित 10 माहों के मानदेय का भुगतान किया जा चुका है।

## डीएम ने 20 जुलाई को जिले में हुए पौधरोपण अभियान की जानी हकीकत

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** डीएम की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने 20 जुलाई को हुए पौधरोपण अभियान के संबंध में जानकारी ली और रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गांधी सभागार में गुरुवार को हुई बैठक में डीएम संजय कुमार सिंह ने 20 जुलाई को कराए गए पौधरोपण के संबंध में सभी संबंधित विभागों से प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि रोपित किए गए पौधों के लिए सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही कहा कि 20 जुलाई को कराए गए पौधरोपण की सुरक्षा के लिए मवेशियों द्वारा पौधरोपण स्थल पर रोपित पौधों की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए। साथ ही पौधरोपण के श्रमिकों का मनरेगा बजट से भुगतान कराया जाए। बैठक में डीएफओ मनीष सिंह, सीडीओ कुमुदेंद्र कलाकर सिंह, एडीएम वित्त ऋतु पूनिया, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, सीवीओ डॉ. अरविंद कुमार समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# पिटाई से गर्भस्थ शिशु की मौत, महिला की हालत बिगड़ी

**पूरनपुर, अमृत विचार:** घर में घुसकर गर्भवती और उसके पति की पिटाई कर दी गई। आरोप है कि मारपीट से महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। जबकि गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। पति ने पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव आनंदपुर भगंवतापुर के रहने वाले रामू पुत्र तेजराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी ईश्वरवती से किसी बात को लेकर कुछ लोगों की कहासुनी हो गई। आरोपियों से पुरानी रंजिश भी है। जिसके चलते वह लाठी डंडे लेकर उनके घर मे घुस आए। गाली गलौज करते हुए उनकी व गर्भवती पत्नी की पिटाई कर दी। कमरे में बंधक बनाकर रखा। पत्नी के पेट में लात मारी और डंडे से वार किए। जिसमें वह अचेत होकर जमीन पर गिर गई। उपचार के लिए ईश्वरवती को सीएचसी लाए। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आरोप है पिटाई से गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### दुधमुंही बच्ची को छीनकर विवाहिता को निकाला

**पूरनपुर :** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को प्रताड़ित किया। दुधमुंही बच्ची को छीनकर उसे बेघर कर दिया। क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी की शादी नौ साल पहले सेहरामऊ क्षेत्र के युवक से हुई थी। कुछ समय पूर्व अचानक ससुराल वालों ने दहेज में पांच लाख रुपये और बाइक की मांग शुरू कर दी। मना करने पर मारपीट की गई। आरोप है कि ढाई माह की बच्ची को छीनकर घर से निकाल दिया। पति ने अप्राकृतिक यौन शोषण भी किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आम, जामुन, नीम और अशोक के 40 पौधे रोपे

**पीलीभीत :** बी पैक्स बिठौराकलां समिति में पौधरोपण किया गया। यहां कुल 40 पौधे रोपित करना बताया गया। जिसमें नीम, आम, अशोक और जामुन के पौधे थे। दूसरों को भी पौधरोपण के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक शाखा प्रबंधक देवेन्द्र जोशी, सौरभ गंगवार, समिति सचिव मनोज कांत मिश्रा, शिवांशु गंगवार, प्रियांशु गंगवार, प्रताप सिंह, अतुल गंगवार, ग्राम प्रधान राजू गंगवार, राजू आदि मौजूद रह।

# शिक्षामित्रों ने काला दिवस मनाकर जताया विरोध

## उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने बैठक कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के आह्वान पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को काला दिवस मनाया गया। संगठन के बैनर तले शिक्षामित्र सुबह रामलीला मैदान में एकत्र हुए और समायोजन रद्द होने पर आत्मघाती कदम उठाकर जान गंवाने शिक्षामित्रों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

जिलाध्यक्ष हरिओम पांडेय ने कहा कि 25 जुलाई 2017 को शिक्षामित्र का समायोजन रद्द हुआ था। जिस वजह से कई शिक्षामित्रों ने आत्मघाती कदम उठाते हुए अपनी जान दे दी। उन शिक्षामित्रों की दिवंगत आत्मों को शांति प्रदान करने के लिए श्रद्धांजलि दी गई। शिक्षामित्रों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया और निंदा की। प्रांतीय उपाध्यक्ष तीर्थ देव शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने ही शिक्षामित्रों को जन्म दिया। शिक्षामित्र योजना के क्रियान्वयन के समय शिक्षामित्रों को मानदेय उस समय 2250 रुपये मिलता था। जो समय-समय पर बदलता रहा। वर्ष 2014-15 में शिक्षामित्रों का शिक्षक पद पर समायोजन हुआ था।

मगर वर्ष 2017 में समायोजन रद्द होने पर अगस्त 2017 से उन्हें मानदेय के रुप में सिर्फ 10 हजार रुपये दिया जा रहा है। शिक्षामित्र संघ की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि शिक्षामित्रों को नई शिक्षा नीति में शामिल कर स्थायी किया जाए। स्थायी होने तक मंहगाई को देखते हुए समान कार्य समान वेतन देय हो। शिक्षामित्रों को मूल विद्यालय निकटतम और ससुराल के पास जाने की अनुमति दी जाए। ईपीएफ योजना से जोड़ने के साथ ही आयुष्मान योजना का लाभ दिलाने की मांग की। सूर्यकांत मिश्र, वीर सिंह गंगवार, नरेंद्र, इंद्रपाल, राकेश त्रिवेदी, अनुपम शुक्ला, राजेश मिश्रा, वीरेंद्र कुमार, रामनरेश आदि शिक्षामित्र रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### उमस भरी गर्मी में छात्र बेहोश



**पूरनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव जनकापुर के प्राथमिक विद्यालय का छात्र अनुभव अन्य बच्चों के साथ कक्षा में बैठकर पढ़ाई कर रहा था। उमस भरी गर्मी से छात्र व्याकुल थे। तेज धूप होने पर बच्चों को बाहर नहीं बिठाया जा सका। कक्षा में पढाई कर रहे छात्र अनुभव की अचानक तबियत बिगड़ गई और वह अचेत हो गया। शिक्षकों ने हवा की। कुछ देर बाद छात्र को होश आ गया। शिक्षकों ने उसे पानी पिलाया। उसके बाद छात्र को उपचार के लिए भेज दिया गया।

### काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य



**पूरनपुर, अमृत विचार :** समायोजन रदद होने के दिवस को शिक्षामित्रों ने काला दिवस के रुप में मनाया। हाथ में काली पटटी बांधकर उन्होंने शिक्षण कार्य किया। इस दौरान कि शिक्षामित्रों का मानदेय तक नहीं बढ़ाया गया है। कई सालों से शिक्षामित्र मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। शिक्षामित्र प्रति वर्ष 25 जुलाई को काला दिवस के रुप मनाते हैं। गुरुवार को प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षामित्रों ने दाहिने हाथ मे काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर काला दिवस मनाया। उनका कहना था कि समायोजन रदद होने के बाद से शिक्षामित्र काफी परेशान हैं। वह समायोजन करने और मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

## पुरानी मांगों को लेकर गरजे शिक्षक



डीआईओएस को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) की ओर से गुरुवार को डीआईओएस कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का समर्थन मिला। इस दौरान मांगों से जुड़ा ज्ञापन भी सौंपा गया।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दयाशंकर और जिला मंत्री उमेश गंगवार समेत तमाम शिक्षकों ने प्रतिभाग किया| धरना प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों की मांगों को लेकर 23 सूत्रीय ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा। जिसमें कहा गया कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली की जाए। वित्तविहीन विद्यालय के शिक्षकों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन, राजकीय शिक्षकों की भांति माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए नि :शुल्क चिकित्सा सुविधा, आठवें वेतन आयोग का गठन, एनपीएस से आच्छादित शिक्षकों एवं कर्मचारी का 14 फीसदी राज्यांश का अंशदान व सकल धनराशि एनएसडीएल को समय से प्रेषित करने समेत कई मांगे रखी। पुरानी पेंशन योजना को लेकर भी मांग की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा, जिला मंत्री सतीश चंद्र गंगवार, आय व्यय निरीक्षक धर्मेंद्र गंगवार, चोखेलाल रोहताश कुमार, राजेश कुमार, महेश कुमार, राजू शुक्ला, धर्मेंद्र, टीएच खान, नरेंद्र कुमार सिंह, राजाराम भारती, रामप्रीत चौहान, राकेश आदि थे।

# 10 सूत्रीय मांगों को लेकर एनएचएम के संविदा कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम संविदा कर्मचारियों की चल रही मांगों को लेकर एक बार फिर उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय मिशन संविदा कर्मचारी संघ की ओर से डीएम और सीएमओ को ज्ञापन सौंपा गया। 26 जुलाई से काला फीता बांधकर कार्य करने का ऐलान किया। सात अगस्त को लखनऊ में मिशन निदेशक कार्यालय में धरना प्रदर्शन करते हुए घेराव की भी बात कही।

संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र अस्थना ने गुरुवार को प्रदेशीय आवाहन पर कर्मचारियों के साथ डीएम संजय कुमार और सीएमओ डॉ. आलोक कुमार को 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि म्युचुअल एवं रिक्त पदों पर गैर जनपद स्थानांतरण अनुमोदन एवं संविदा कर्मचारियों को भी प्रत्येक वर्ष स्वयं के अनुरोध स्थानांतरण नीति लागू की जाए। अतिरिक्त तीन फीसदी प्राप्त बजट से वेतन विसंगति का निस्तारण कर वेतन वृद्धि की जाए। संविदा कर्मचारियों के ईपीएफ, ग्रेडपे, डीए निर्धारण, नियमित पदों के सापेक्ष होने वाली भर्ती प्रक्रिया में संविदा कर्मचारियों को वरीयता देने की मांग रखी। आरसीएएच कम्प्यूटर ऑपरेटर का जिला स्वास्थ्य समिति में समायोजन करने का भी मुद्दा शामिल किया गया। ज्ञापन देने वालों में जिला मंत्री धर्मेन्द्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार यादव, अवनीश कुमार, अजीत यादव आदि थे। इधर, जिलाध्यक्ष देवेंद्र अस्थना ने बताया कि इन मांगों को लेकर जिले में 26 और 27 जुलाई को कर्मचारी काला फीता बांधकर कर कार्य करेंगे। 29 और 30 जुलाई को निर्धारित ड्यूटी समय से एक घंटे अधिक कार्य करेंगे। 31 जुलाई से दो अगस्त तक जनपद स्तर पर अलग-अलग जगह ज्ञापन सौंपे जाएंगे। तीन से छह अगस्त तक संविदा कर्मचारी डिजिटल कार्य की स्ट्राइक करेंगे।



सीएमओ को ज्ञापन सौंपते संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **विरोध जताने के लिए आज से काली पट्टी बांधकर करेंगे काम**

# चारागाह की जमीन कब्जा कर धान बोया...11 कब्जेदारों पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** चारागाह की जमीन पर अवैध कब्जा कर कब्जेदारों ने धान की फसल बो दी। जिम्मेदार इसे लेकर बेखबर रहे। अब मामला संज्ञान में आने पर कार्रवाई करते हुए जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। मामले में न्यूरिया थाने में 11 अवैध कब्जेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मचा है।

मामला सदर तहसील के गांव रम्पुरिया महोफ का है। गांव में गाटा संख्या 123 की 1.490 हेक्टेयर भूमि एवं गाटा संख्या 199 की 1.780 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में चारागाह के रूप में दर्ज है। बताते हैं कि चारागाह की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा लगातार अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व में भूमि पर कब्जे का प्रयास किया गया तो उस दौरान तहसील प्रशासन ने तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया था। इसके बाद भी कुछ लोगों ने न सिर्फ कब्जा किया, बल्कि धान की रोपाई कर खेती करना शुरू कर दी। प्रशासन के संज्ञान में जब ये बात आई तो राजस्व अधिकारियों को तत्काल भूमि को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए गए। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन के नेतृत्व में टीम बुधवार शाम रम्पुरिया महोफ पहुंची। पुलिस के सहयोग से राजस्व टीम ने चारागाह की जमीन पर अवैध कब्जेदारों द्वारा लगाई गई धान की फसल को ट्रैक्टरों की मदद से जुतवाना शुरू कर दिया।

टीम ने गाटा संख्या 123 की 1.490 हेक्टेयर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। तहसील प्रशासन की ओर से न्यूरिया थाने में चारागाह की जमीन पर कब्जा करने वाले 11 अवैध कब्जेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसमें बलविन्द्र सिंह पुत्र बाबा सिंह, परमजीत सिंह पुत्र बाबा सिंह, गुरदेव सिंह पुत्र महेंद्र सिंह, बलदेव सिंह पुत्र महेंद्र सिंह, सुमित्र सिंह पुत्र सेवा सिंह निवासी रम्पुरिया महोफ, राम भरोसे पुत्र नेतराम, मदन लाल पुत्र नेतराम, केवल प्रसाद पुत्र नेतराम, हेमराज पुत्र नेतराम निवासी ग्राम चौडाखेडा, राधेश्याम पुत्र नरोत्तम निवासी ग्राम पंडरी एवं जहांगरी पुत्र अशरफ उल्ला निवासी पीलीभीत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



चारागाह की जमीन पर खड़ी फसल को ट्रैक्टर से जुताई करते कर्मचारी।



अवैध कब्जा हटवाने मौके पर पहुंची राजस्व टीम व अन्य। ● अमृत विचार

> सदर तहसील के गांव रम्पुरिया महोफ में चारागाह की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया था। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस के सहयोग से उक्त भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया गया है। कुछ रकवा शेष बचा है। जल्द ही उसे भी कब्जा मुक्त कराया जाएगा। सभी अवैध कब्जेदारों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है।
>
> – **राम ऋषि रमन**, तहसीलदार

### बारिश ने लगाए कार्रवाई पर ब्रेक

बताते हैं कि टीम जमीन को कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई कर रही थी। इस बीच तेज बारिश शुरू हो गई। चूंकि जमीन निचले स्थान पर है, ऐसे में कुछ ही देर में जमीन में भारी जलभराव हो गया। जिस कारण गाटा संख्या 199 की जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कराया जा सका। तहसील प्रशासन के मुताबिक पानी कम होने पर शेष रकवे को खाली करा लिया जाएगा।

# सीडीओ और बीएसए ने परिषदीय विद्यालयों में लगाई पाठशाला



बच्चों से सवाल करते बीएसए अमित कुमार सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र शुरु होने के बाद शैक्षिक स्तर और छात्र-छात्राओं के बौद्धिक स्तर का आकलन करने के लिए सीडीओ और बीएसए ने मरौरी ब्लॉक के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण से स्कूलों में अफरा तफरी मच गई। बच्चों से सवाल जवाब भी किया। फिलहाल निरीक्षण में कोई कमी नहीं मिली।

मरौरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हिम्मतनगर में गुरुवार को सीडीओ कुमुद्रेंद कलाकर सिंह ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के शैक्षिक स्तर को परखा। स्कूल में 75 फीसदी बच्चों की उपस्थिति पाई गई। प्रधानाध्यापक को उपस्थिति बढ़ाने के लिए कहा। फिर स्कूल के अभिलेख और मिड डे मील चेक किया। फिलहाल कोई गड़बड़ी नहीं मिली। इसके बाद सीडीओ जूनियर हाईस्कूल टाह पौटा पहुंचे। निरीक्षण में स्कूल में शिक्षण कार्य होता मिला। इसके बाद सीडीओ ने बच्चों से सवाल जवाब किया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को प्रेरित करें कि वह प्रतिदिन स्कूल आए। बच्चों को सामान्य ज्ञान के साथ-साथ देश प्रदेश की भौगोलिक जानकारियां भी दी जाएं। इसी गांव के प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। फिलहाल निरीक्षण में व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली। इधर, बीएसए अमित कुमार सिंह ने भी मरौरी ब्लॉक के प्राइमरी स्कूल मीरापुर, राजीव कॉलोनी ,बरहा, पिपरा भगू, कंपोजिट स्कूल नवादिया घीसी के स्कूलों का निरीक्षण किया। बीएसए ने स्वयं ही बच्चों के बौद्धिक स्तर का आकलन करने के लिए क्लास ली। जहां बच्चों से सामान्य ज्ञान के सवाल जवाब किए। हालांकि कुछ बच्चे अटक गए तो कई बच्चों ने कुछ सवालों के जवाब भी दे दिए। अधिकांश स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति 70 फीसदी मिली।

● **अलग-अलग स्कूलों का किया निरीक्षण, नहीं मिली खामियां**

### साहब, आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही पुलिस

**पूरनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव हरसिंहपुर के मंजीत सिंह पुत्र रक्षपाल सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए पत्र में बताया कि छह जून को रंजीत सिंह, किरनदीप कौर और गुरजीत कौर ने पेट्रोल डालकर उन्हें आग लगा दी थी। इससे वह काफी झुलस गए थे। उनका अभी भी उपचार चल रहा है। शिकायत के बाद पुलिस ने आग लगने वाले आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट तो दर्ज की, लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं की है। आरोप है रंजीत सिंह कई लोगों के साथ पहले भी जालसाजी कर चुका है। रंजीत सिंह और किरनदीप कौर की गिरफ्तारी न होने से भविष्य में कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। इसके बावजूद पुलिस मिलीभगत के चलते उन्हें जेल नहीं भेज रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

## जेठ के बेटे पर अश्लील हरकतें करने का लगाया आरोप

**बरेली, अमृत विचार:** बारादरी थाना क्षेत्र की महिला ने बताया वर्ष 2013 में उसकी शादी पूरनपुर क्षेत्र से हुई थी। शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। बताया कि पति और जेठ चंडीगढ़ में ऑटो चलाते हैं। तीसरे जेठ पानीपत में नौकरी करते हैं। तीनों भाई कभी कभार घर पर आते हैं। तीनों के लोगों का परिवार, सास, ससुर और ननद एक ही घर में रहते हैं। आरोप है चंडीगढ़ में रहने वाले जेठ के 21 वर्षीय बेटा उन्हें मोबाइल पर अश्लील मेसेज भेजता है। 15 जुलाई को रात में जेठ का बेटा उसके कमरे में घुस आया और अश्लील हरकतें करने लगा। इसकी शिकायत उन्होंने फोन पर अपने पति, जेठ, जेठानी, ससुर, सास और ननद से की तो सभी ने उन्हें और उनकी मां के साथ मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया।

# छात्र-छात्राओं को दी स्किल से जुड़ी जानकारी



करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** पुष्प इंस्टीट्यूट में जिला श्रम एवं योजना विभाग की ओर से गुरुवार को करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला सेवायोजन कार्यालय मॉडल कैरियर सेंटर की काउंसलर पारूल चौधरी ने स्किल से जुड़ी जानकारी दी। रोजगारों के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। करियर काउंसलिंग सत्र में बीबीए, बीएड, बीएससी, एमएससी (गृह विज्ञान) के छात्र छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन, प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी।

छात्र छात्राओं को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, नेशनल करियर सर्विस व रोजगार संगम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया से अवगत कराया। उप प्राचार्य डॉ. गीतिका शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बुशरा शहरोज ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र कुमार, प्राचार्य डॉ.मोहम्मद सलीम, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. ओम महेश, बीबीए विभागाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता, मिस्बाह खान आदि शामिल रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से कई मुद्दों पर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनपद के विकास को लेकर कुछ मुख्य बिंदुओं को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गोवंश संरक्षण मुहिम के तहत सुझाव रखा गया। इसके अलावा पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनप्रतनिधियों के साथ लगातार बैठक कर रहे हैं। दो दिन पहले मंडल के कई जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से भेंट की थी। इधर, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह की मुख्यमंत्री से मुलाकात गुरुवार शाम करीब पांच बजे लखनऊ में हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष से मुख्यमंत्री ने जनपद के बारे में कई अहम जानकारी लीं। संगठन को लेकर भी विचार करते हुए बातें हुई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि बीते दिनों जनपद में आई बाढ़ से पीलीभीत में बढ़ी संख्या में लोगों को काफी नुकसान हो गया था।

बाढ़ पीड़ित लोगों को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। इसके अलावा लंबे समय से चली आ रही बंद पड़ी मझोला चीनी मिल को भी चालू कराने की मांग की गई। चूका स्पॉट पर पर्यटन को बढ़ावा देते हुए संसाधन और सुविधाएं बढ़ाने पर भी बात चली। इसके अलावा गोवंश संरक्षण को लेकर भी एक सुझाव भाजपा जिलाध्यक्ष की ओर से रखा गया। उन्होंने आग्रह करते हुए बताया कि जनपद में चार चीनी मिलें संचालित है।

ऐसे में मिल की आरे से एक से डेढ़ हजार की क्षमता वाली गोशालाएं खुलवाई जा सकती है। अगर ऐसा हो सकता है तो काफी संख्या में गोवंशीय पशु आश्रित किए जा सकेंगे। पीलीभीत के अलावा मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में लखीमपुर के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह भी थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह।

● **गोवंश संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने पर भी हुई वार्ता, बंद मिल का मुद्दा भी रखा**

## सार-संक्षेप

### आस्था, अनामिका और दक्षिका ने बढ़ाया मान







**पीलीभीत, अमृत विचार :** केंद्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ संभाग की ओर से आयोजित रीजनल स्पोर्ट्स मीट में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय पीलीभीत की तीन छात्राओं ने पदक तालिका में स्थान बनाकर विशिष्ट उपलब्धि हासिल की। इसमें कक्षा 12 की छात्रा आस्था सिंह बिष्ट ने बैडमिंटन बालिका वर्ग अंडर-19 में रजत पदक प्राप्त किया। उन्हें केंद्रीय विद्यालय संगठन की नेशनल स्पोर्ट्स मीट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कक्षा 11 की अनामिका शर्मा ने बैडमिंटन बालिका वर्ग अंडर-19 में पदक तालिका में पांचवां स्थान प्राप्त करते हुए नेशनल स्पोर्ट्स मीट के लिए क्वालीफाई किया। वहीं कक्षा आठ की दक्षिका राजपूत ने अंडर 17 आयु वर्ग में डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल और शॉट पुट थ्रो में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। तीनों छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर प्राचार्य असलम जावेद ,वरिष्ठ प्रवक्ता एसपी सिंह, मुकेश पाल सिंह, रिचा त्रिवेदी, आदित्य कुमार, योगेंद्र गोस्वामी, जितेंद्र सिंह राणा आदि ने बधाई दी। छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय स्तर की स्पोर्ट्स मीट में पदक हासिल करने की आशा जताई है।

### हादसे में साइकिल सवार घायल, रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कोकिली के सीताराम 50 वर्षीय बुधवार को कस्बा बरखेड़ा में साप्ताहिक बाजार आए थे। शाम करीब सात बजे साइकिल से घर लौट रहे थे। रास्ते में गांव जगीपुर जैतपुर के पास ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से घायल हो गए। टक्कर होने के बाद चालक वाहन लेकर भाग गया। सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजन ने उन्हें एक निजी अस्पताल भर्ती कराया। पुलिस बेटे से मिली तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### कार रोककर युवक को गोली मारी

**उचौलिया (लखीमपुर खीरी), अमृत विचार :** बुधवार की देर शाम अपनी कार से पसगवां जा रहे थाना उचौलिया क्षेत्र के गांव सुनौरा निवासी आरएसएस के खंड कार्यवाह के भाई मयंक दीक्षित को हमलावरों ने रास्ते में रोक लिया और तमंचे से गोली मार दी। गोली उनके पेट में जा धंसी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बरेली के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। घटना की वजह जमीनी रंजिश बताई गई है।घायल मयंक आरएसएस के खंड कार्यवाह दीपेंद्र दीक्षित का भाई और पत्रकार अरविंद शुक्ल का दामाद हैं और नोएडा में रहकर सर्विस करता है। वह अपनी पत्नी को लेकर नोएडा जाने के लिए बुधवार की शाम 7 .45 पर घर से निकले थे। बताते हैं कि करीब एक किलोमीटर दूर गांव मढ़िया से पहले रास्ते में गांव के विजय दीक्षित व श्रवण कुमार पुत्र चंद्रभाल, संजीव पुत्र जगत कुमार, रामनरेश उर्फ गुटकानी पुत्र राम नारायण, अभिषेक दीक्षित पुत्र विजय कुमार और कुछ अज्ञात हमलावरों ने उन्हें घेरकर तमंचे से गोली मार दी। हिम्मत बांधकर वह किसी तरह से घायलावस्था में गाड़ी चलाकर अपनी पसगवां पहुंचे और परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। भाई दीपेन्द्र और ससुर अरविन्द शुक्ल उन्हें सीएचसी ले गए, जहां से डॉक्टर ने पहले शाहजहांपुर और वहां से उन्हें बरेली रेफर किया गया। सूचना पर उचौलिया पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी गणेश प्रसाद साहा, एएसपी नैपाल सिंह, सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह, प्रशिक्षु सीओ स्वर्णिमा सिंह, पसगवां और मैगलगंज की पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने पांच लोगों के नामजद और कुछ अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## एक नजर

### स्टेशन पर चोरी के मोबाइल समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अधिकारियों के निर्देश पर जीआरपी ने चोरों के खिलाफ अभियान चला रही है। जीआरपी ने एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक चोरी का मोबाइल और 5600 रुपये बरामद किए हैं। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां ने बताया कि गुरुवार की सुबह पांच बजे सूचना मिली कि एक चोर प्लेटफार्म एक पर पूर्वी छोर पर खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर चोर को पकड़ लिया। पकड़ा गया चोर राकेश पाठक निवासी रावतपुर जिला कानपुर है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक चोरी का मोबाइल, 5600 रुपये बरामद किए है। अभियुक्त पर कानपुर तथा हरदोई जिले में चोरी आदि के सात मुकदमें है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक रजनीश शुक्ला, हेकां पंकज भारती, मनोज कुमार, सिपाही आदेश कुमार थे।

### रामगंगा के पुल से अटका मिला युवक का शव

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव बिहारीपुर के पास रामगंगा के पुराने पुल को खत्म करके गंगा एक्सप्रेस वे के नए पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। गुरुवार को पुराने पुल से एक युवक का शव अटका मिला। पानी में होने की वजह से शव काफी हद तक सड़ चुका था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। शव को रामगंगा से बाहर निकाला। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में रखवाया है।

### ट्रैक्टर और ट्रक की भिड़ंत

**निगोही, अमृत विचार :** निगोही बीसलपुर राजमार्ग पर गुरुवार रात आठ बजे ट्रैक्टर और ट्रक की भिड़ंत हो गई। इस दौरान 30 मिनट तक रोड जाम रहा। पुलिस ने बमुश्किल जाम खुलवाया। ट्रैक्टर रामकुमार निवासी रामपुर नवदिया थाना बिलसंडा पीलीभीत चला रहा था। उसे मामूली चोट आई।

### दो पक्षों में हुई मारपीट

**निगोही, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बजीरपुर में गुरुवार शाम सात बजे किसी बात को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई और दोनों तरफ से पथराव हुआ। सूचना पर दोनों पक्षों को निगोही पुलिस ने थाने लाकर हवालात में बंद कर दिया। बाद में दोनों पक्षो में समझौता हो गया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि किसी तरफ से कोई तहरीर नहीं आयी है, जांच कर शांतिभंग में चालान किया जाएगा।

# अस्पतालों में बढ़ी बुखार, त्वचा रोगियों की संख्या

## मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को बने 1283 पर्चे, लंबी लाइन में लगकर इंतजार फिर आ रहा नंबर




मेडिकल कॉलेज में दवा काउंटर के बाहर अपनी बारी का इंतजार करते मरीज और तीमारदार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज में वायरल बुखार, डायरिया व त्वचा रोग के मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। डॉक्टर कक्ष व पर्चा काउंटर पर मरीजों की लाइन सुबह से लग जाती है। इधर खून जांच कक्ष में मरीजों की लाइन लगी रहती है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को 1283 पर्चे बने है। सुबह आठ बजे से डॉक्टर कक्ष के बाहर व पर्चा काउंटर पर मरीजों की लंबी कतार लग जाती है। अधिकांश मरीज वायरल बुखार, डायरिया व त्वचा रोग के आ रहे है। फिजिशियन तथा त्वचा रोग डॉक्टर के कक्ष के बाहर अधिक भीड़ रहती है। दोपहर एक बजे तक मरीजों की भीड़ लगी रहती है। दवा काउंटर पर छह काउंटर है और छह काउंटरों पर मरीजों की लंबी कतार लगी रहती है। डॉक्टरों के मुताबिक बाढ़ का पानी खत्म होने के बाद गंदगी से संक्रमण फैल रहा है। डाक्टर मरीजों को सलाह दे रहे है कि बासी भोजन न खाए, कटे हुए फल आदि न खाए और हो सके तो उबला हुआ पानी पीए। त्वचा रोग में दाद, खाज, खुजली के मरीज आदि आ रहे है। पसीने वाले स्थान को पोंछना चाहिए। फिजीशियन डॉ. एमएल अग्रवाल ने बताया कि वायरल बुखार व त्वचा रोग के मरीज अधिक आ रहे है।

### इमरजेंसी गेट पर नहीं मिला स्ट्रेचर, सीएमओ नाराज



- निगोही सीएचसी का किया निरीक्षण, रजिस्टर देखा

**शाहजहांपुर ,अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने गुरुवार को निगोही सीएचसी का निरीक्षण किया। आपातकालीन गेट पर स्ट्रेचर न मिलने से नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि स्ट्रेचर गेट पर रखा जाए।

उन्होंने रजिस्टर चेक किया तो ओपीडी में दोपहर 12 बजे तक 547 मरीज देखे जा चुके थे तथा लैब कक्ष में 33 मरीजों की जांच हो चुकी थी। 30 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की जा चुकी थी। वार्ड में दो मरीज भर्ती पाए गए। दवा वितरण काउंटर पर मरीजों को दवा दी जा रही थी। लाभार्थियों को परिवार नियोजन की सामग्री दी गयी। क्षय रोग कक्ष में छह मरीजों की बलगम की जांच की गयी थी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्टाफ नेम प्लेट लगाए तथा यूनीफार्म में रहे। सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। सीएमओ ने गढ़ा में आयुष्मान आरोग्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नितिन चौधरी, डॉ. स्वाति मलिक, डॉ. साबिया, फार्मासिस्ट निमैल सैनी मौजूद रहे।

# प्रधान, दो सचिवों पर सरकारी धन के दुरुपयोग का केस दर्ज

संवाददाता, पुवायां

- एक सचिव जैतीपुर तो दूसरा खुदागंज ब्लॉक में तैनात

**अमृत विचार:** सरकारी धन का बंदरबांट करने के आरोप में सहायक विकास अधिकारी पुवायां ने एक प्रधान और दो तत्कालीन सचिव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वर्तमान में एक सचिव जैतीपुर तो दूसरा खुदागंज ब्लॉक में तैनात है।

सहायक विकास अधिकारी रमेश चंद्र मिश्रा ने पुवायां कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि जिलाधिकारी कार्यालय के एक पत्र के अनुसार ग्राम पंचायत भटपुरा चंदू में एक कमेटी ने जांच की थी। जांच में ग्राम पंचायत भटपुरा चंदू के सामुदायिक शौचालय निर्माण और पंचायत भवन निर्माण में अनियमितता पाई गई और वसूली का आदेश पारित किया गया। सहायक विकास अधिकारी की तहरीर पर कोतवाल ने ग्राम प्रधान नीरज गौतम पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम भटपुरा चंदू और तत्कालीन सचिव रहे जयप्रकाश मिश्रा निवासी लक्ष्मी नगर कस्बा खुदागंज व इस समय जैतीपुर ब्लॉक में तैनात दूसरे सचिव अशोक गंगवार पुत्र झमन लाल निवासी ग्राम समधाना थाना तिलहर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### छात्राओं से छेड़छाड़ का केस दर्ज

**तिलहर, अमृत विचार :** कोचिंग पढ़ कर घर लौट रही छात्राओं से दूसरे समुदाय के युवकों द्वारा छेड़छाड़ करने व जबरन गाड़ी में खींचने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बताया कि उसकी बहन व बहन की सहेली तिलहर के नितगंजा मोहल्ले में सिलाई कढ़ाई का कोर्स सीखने के लिए कोचिंग जाती हैं। बताया कि 22 जुलाई की शाम कोचिंग से जब उसकी बहन अपनी सहेली के साथ वापस आ रही थी तो तीन लड़कों ने उनके साथ छेड़छाड़ की और अश्लील हरकतें की। बहन ने उसे घर पहुंच कर जानकारी दी तो वह अन्य ग्रामीणों के साथ युवकों को खोजने आया, लेकिन उनका कोई पता नहीं लगा। ग्रामीण ने बताया कि 23 जुलाई को दोबारा जब उसकी बहन अपनी सहेली के साथ कोचिंग से घर वापस जा रही थी तो बाइक से आए तीन लड़कों ने उनके साथ छेड़छाड़ की और हाथ पड़कर जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर ले जाने का प्रयास किया।

# दादा मियां के उर्स में मजार पर लोगों ने की चादरपोशी



दादा मियां के उर्स में जुटे लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, जमुका/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** ब्लॉक भावलखेड़ा क्षेत्र के गांव जमुका में दादा मियां की मजार पर गुरुवार को उर्स का आयोजन हुआ। मोहर्रम के बाद चांद की 18 तारीख को उर्स मनाया जाता है। जहां पर दूर-दराज से आए लोगों ने मन्नतें मांगी। जिनकी मन्नतें पूरी हो गई उन लोगों ने दादा मियां की मजार पर प्रसाद चढ़ाने के साथ ही चादरपोशी की। उर्स में हर तरह के झूले व हर प्रकार की छोटी बड़ी खिलौने से संबंधित दुकानों पर सामान खरीदने वालों की भीड़ लगी थी। उर्स में गांव जमुका, कटिया, बांडीगांव, बल्लिया, हथौड़ा आदि के गांवों से लोगों में दादा मियां की मजार पर चादर चढ़ाने पहुंचे थे। उर्स में हिंदू व मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग चादरपोशी करने पहुंचते हैं।

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**बिल्सी, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव सिरासौल कुंवर सहाय पट्टी में एक युवक का शव उसी के कमरे में लगे पंखे में रस्सी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को फंदे से उतरवाया। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव निवासी मुनीस कुमार (35) पुत्र धर्मपाल का शव कमरे में लगे पंखे से रस्सी से लटका मिला। युवक को फंदे पर लटका देख मृतक की मां रज्जो देवी की चीख निकल गई। शोर शराबा सुनकर अन्य ग्रामीण भी आ गए। कोतवाल बिजेंद्र कुमार सिंह फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों के अनुसार मृतक दिल्ली में मेहनत मजदूरी करता था। बीते दिन वह गांव लौटा तभी से गुमसुम था। मुनीस ने आत्महत्या क्यों की, अभी इसका पता नहीं चल सका है। कोतवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, फिर भी जांच की जा रही है।

# सड़कों की दुर्दशा को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- छुट्टा पशु, पेयजल और कांवड़ यात्रा का भी मुद्दा उठाया

**अमृत विचार:** सड़कों की दुर्दशा, छुट्टा पशु, पेयजल व्यवस्था और कांवड़ यात्रा को लेकर व्यापारियों ने नगरायुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र को ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम के नेतृत्व में व्यापारी नगर निगम परिसर में पहुंचे। यहां उन्होंने समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ ने कहा कि बीते वर्षों से महानगर की सभी सड़कों व गलियों को जल निगम द्वारा सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदा जा रहा है। काम होने के बाद सही प्रकार से सड़क की लेवलिंग नहीं की जाती है, जिससे आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। सचिन बाथम ने कहा कि सावन माह शुरू हो गया है। इसमें हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री पैदल, गाड़ियों और ट्रालियों से महानगर के मार्गों से होकर जाते हैं।



नगरायुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र को ज्ञापन देते महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम व अन्य व्यापारी। ● अमृत विचार

महमंद गढ़ी में सड़क खोदाई के कारण जल आपूर्ति नहीं हो रही है। जनता त्राहि त्राहि कर रही है। महानगर में छुट्टा पशुओं की वजह से महिलाओं व बच्चों को आवागमन में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इन सभी समस्याओं के विषय में जल निगम को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन किसी भी समस्या का कोई समाधान अभी तक नहीं किया गया। हालांकि ज्ञापन देने के बाद नगर आयुक्त ने तुरंत आदेश देकर काम शुरू करवा दिया। ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम, जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ, अमित शर्मा महानगर महामंत्री, कंचन गुप्ता, महेंद्र दुबे, अखिल मिश्रा, रविंदर सिंह, लकी खां, पंकज टंडन, रितेश टंडन, गोपाल गुप्ता, रशीद खां, अमित गुप्ता, सुल्तान अहमद, रईस अंसारी, तारिक सिद्दीकी, विनोद सक्सेना, यासिर, विवेक सहगल, अनुज गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, कमल गुप्ता, विवेक गुप्ता रहे।

### फंस रही गाड़ियां, बाजार नहीं आ रहे ग्राहक

मेन बाज़ारों में गाड़ियां फंस रही हैं। ग्राहक मार्केट में आ नहीं रहे हैं जिससे दुकानदारों को शारीरिक, मानसिक व आर्थिक हानि ही रही है। बताया गया की बरसात होने के कारण जिन सड़कों की गुणवत्ता हीन लेवलिंग की गई थी वो फिर से धंस गई। इसके साथ ही मुख्य मार्गों को दोबारा खोदा जा रहा है। जबकि प्रशासन स्तर पर तय हुआ था कि बरसात में किसी प्रकार की खोदाई का कार्य नहीं किया जाएगा, जिसका पालन बिलकुल नहीं हो रहा है।

# शाहजहांपुर के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

- पुलिस विभाग की अंतर्जनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुई पुरुष और महिला वर्ग की प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पुलिस विभाग की अंतर्जनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर (भारोत्तोलन, योग एवं पॉवर लिफ्टिंग) प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को पुरुष और महिला वर्ग की प्रतियोगिताएं हुईं। पीटीआई रामदास यादव, पतंजलि के जिला योग प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह, भारोत्तोलन कोच राजीव कुमार व गीता सिंह निर्णायक मंडल में रहे।

योग में पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता में 18-28 आयु वर्ग में बदायूं के जितेश पहले, शाहजहांपुर के कौशिक दूसरे। 28-35 आयु वर्ग में रामपुर के सुधीर कुमार पहले, बरेली के पुष्पेंद्र दूसरे स्थान पर रहे। वहीं 35-45 आयु वर्ग में पीलीभीत के सतेंद्र शर्मा पहले, रामपुर के दुष्यंत दूसरे। 45-55 आयु वर्ग में बदायूं के रूप किशोर शर्मा पहले, रामपुर के रविंद्र खेवल दूसरे स्थान पर रहे। योग महिला वर्ग प्रतियोगिता में 18-28 आयु वर्ग में बदायूं की सोनम पहले, मुरादाबाद की निशा दूसरे। 28-35 आयु वर्ग में शाहजहांपुर की रितु ठाकुर पहले, बदायूं की मंजू शर्मा दूसरे स्थन पर रहीं। 35-45 आयु वर्ग में बदायूं की अनुपम पहले, बदायूं की छवि दूसरे। 45-55 आयु वर्ग में मुरादाबाद की मधु कश्यप पहले, शाहजहांपुर की आसमा बेगम दूसरे स्थान पर रहीं।

### वेट लिफ्टिंग पुरुष वर्ग प्रतियोगिता

- 55 किलोभार वर्ग में बदायूं के रोहित कुमार पहले, बदायूं के जितेश दूसरे।
- 61 किलोभार वर्ग में बदायूं के नरेश कुमार पहले, बदायूं के शैलेंद्र कुमार दूसरे।
- 67 किलोभार वर्ग में बदायूं के प्रमोद पहले, रामपुर के जितेंद्र दूसरे।
- 73 किलोभार वर्ग में बदायूं के रूप किशोर पहले, बरेली के पुष्पेंद्र दूसरे।
- 81 किलोभार वर्ग में बदायूं के प्रिंस सिवाच पहले, संभल के जवाहर दूसरे।
- 89 किलोभार वर्ग में शाहजहांपुर के सौरभ राठी पहले, मुरादाबाद के राजेंद्र सिंह दूसरे।
- 96 किलोभार वर्ग में बदायूं के पवन कुमार पहले, मुरादाबाद के फतेह सिंह दूसरे।
- 102 किलो वर्ग में बदायूं के जियाउर्रहमान पहले, बरेली के अनीस अहमद दूसरे।

# प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या, पत्नी गिरफ्तार, प्रेमी की तलाश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शादी का दबाव बना रहा था प्रेमी दोनों ने मिलकर श्यामवीर का गला घोंट दिया
- हत्या करके महिला ने रोने का किया नाटक, फंदा लगाने की फैलाई थी अफवाह

**अमृत विचार :** दातागंज कोतवाली पुलिस ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने की आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने रस्सी से गला घोंटकर हत्या की थी। इसके बाद महिला ने पति के फंदा लगाकर जान देने की अफवाह फैलाई थी। पोस्टमार्टम में हत्या की बात सामने आने पर पुलिस जांच करके महिला तक पहुंची। आरोपी महिला को जेल भेजा गया है। उसके प्रेमी की तलाश की जा रही है।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव सपरेड़ा निवासी पूर्व प्रधान बलवीर सिंह के भाई श्यामवीर पुत्र मेघनाथ 18 जुलाई की दोपहर खाना खाने के बाद अपनी झोपड़ी में चले गए थे जहां उनका शव मिला। युवक के विषाक्त पदार्थ खाने की आशंका जाहिर की गई थी। वहीं श्यामवीर की पत्नी ने फंदा लगाकर जान देने की अफवाह फैला दी। पुलिस ने मौत का कारण जानने को शव का पोस्टमार्टम कराया जिसकी रिपोर्ट ने सभी को चौंका दिया। श्यामवीर की गला घोंटकर हत्या का मामला सामने आया। पुलिस ने अज्ञात पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की थी।

जांच के दौरान पुलिस की शक की सुई श्यामवीर की पत्नी पुष्पा देवी पर टिक गई। सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गई। उसने बताया कि वह बहुत गरीब हैं। ईंट भट्ठे पर मजदूरी करके जीवन यापन कर रहे हैं। पति श्यामवीर नशा करने का आदी था। हमेशा भांग और शराब के नशे में रहता था। जिसकी वजह से आए दिन दोनों में झगड़ा होता रहता था। ईंट भट्ठे पर उसके साथ काम करने वाला पास के गांव कोली निवासी मुकेश पुत्र सोनपाल जरूरत पड़ने पर महिला की आर्थिक मदद करता था। धीरे-धीरे वह परिवार का सहारा बनने लगा। इससे वह मुकेश के करीब आ गई। मुकेश उससे प्यार करने लगा। पुषा देवी का मन भी अपने पति से हटकर मुकेश पर आ गया। मुकेश ने कई बार महिला से शादी करने की इच्छा जाहिर की थी। मुकेश ने महिला की बेटी की शादी अपनी रिश्तेदारी उसावां क्षेत्र के एक गांव में करा दी जिसके बाद वह दोनों मिलने लगे। श्यामवीर को प्रेम प्रसंग का पता चल गया तो पति-पत्नी में रोज झगड़ा होने लगा। वहीं मुकेश उस पर शादी करने का दबाव डाल रहा था।

### पुष्पा ने श्यामवीर को पकड़ा , मुकेश ने गला घोंट दिया

18 जुलाई दोपहर डेढ़ बजे श्यामवीर घेर में गया था। पुष्पा ने मुकेश के साथ मिलकर प्लान बनाया। वो दोनों घेर पर गए जहां पुष्पा ने श्यामवीर को पकड़ा और मुकेश ने रस्सी से उसका गला घोंट दिया। श्यामवीर की मौत हो गई। उसके कहने पर मुकेश खेत की ओर चला गया। वह घर आ गई। कुछ देर के बाद उसने पति की मौत पर रोने का नाटक किया। लोगों से कहा कि श्यामवीर ने फंदा लगाकर जान दी है। इसी दौरान पुलिस भी आ गई। पता नहीं था कि शव का पोस्टमार्टम होगा और वह पकड़ी गई। पुलिस ने आरोपी पुष्पा देवी को जेल भेजा जबकि उसके दोस्त मुकेश की तलाश कर रही है। खुलासा करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ, अपराध निरीक्षक कुलदीप कुमार, उपनिरीक्षक प्रणव कुमार, कांस्टेबिल नितिन शर्मा, गौरन नागर और उर्मिला राणा रहे।

# डकैती और हत्या के 14 दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गुरुवार को न्यायाधीश ने सुनाई सजा, मुकदमा के दौरान दो आरोपियों की हो चुकी है मौत

**अमृत विचार :** डकैती कोर्ट की विशेष न्यायाधीश रेखा शर्मा ने 17 साल पुराने डकैती और हत्या मामले में 14 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। छह दोषियों पर 50-50 हजार रुपये और बाकी पर 30-30 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव खरखोल निवासी हरपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनके गांव निवासी राधेश्याम पुत्र जसवंत की कुछ लोगों ने हत्या कर दी थी। जिसमें उनके बेटे नरेश और परिवार के अन्य लोगों को भी जेल भेजा गया था। 15 फरवरी 2007 सुबह 8 बजे हरपाल के भाई रेवी व आराम सिंह घर पर थे। बदला लेने की नीयत से साधु सिंह, धर्म सिंह व प्रेम सिंह, भरोसे पुत्र राम फूल, अतर सिंह पुत्र साधु सिंह, उरमान पुत्र जसवंत, विनीत, टीटू, राम सिंह पुत्र कोमिल, नरेश पुत्र राम चंद्र, भगवान सिंह पुत्र वेनी, वीरपाल पुत्र बाल किशन व वलवीर पुत्र रोहन अवैध असलाह व फरसा आदि लेकर आए। फायरिंग करते हुए चार डनलप, आठ बैल, एक घोड़ी, बीस भैंस, जेवर और कपड़े लूटकर ले गए थे। हरपाल के बेटे पान सिंह को घर से खींचकर मंदिर पर ले जाकर साधु सिंह, भरोसे, वीर पाल, अतर सिंह व उरमान आदि ने फरसा, कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी थी।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच की। साक्ष्यों को संकलन करने के बाद 16 आरोपियों के खिलाफ डकैती करके हत्या करने के आरोप में कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमा के दौरान साधु सिंह और रामौतार मौत हो गई। तब से मामला न्यायालय में विचाराधीन है। गुरुवार को न्यायाधीश ने उपरोक्त पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन कर विशेष लोक अभियोजक राजेश शर्मा व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद 14 दोषी उरमान, विनीत, वीरपाल, टीटू, भरोसे, अतर सिंह, राम सिंह, भगवान सिंह, धर्म सिंह, प्रेम सिंह, नरेश, बलवीर, धर्मवीर, श्रीपाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

**बदायूं अमृत विचार :** हत्या करने के 11 साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश सौरभ सक्सेना ने दो आरोपियों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एक दोषी पर 25 हजार और दूसरे पर 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। गांव गदरौली निवासी हरिद्वारी ने 4 जुलाई 2013 को पुलिस को तहरीर दी कि उनके गांव निवासी एक लड़की को हरीश भगाकर ले गया था। गांव निवासी भूरे आदि उससे रंजिश मानने लगे। तीन जुलाई की रात लगभग साढ़े नौ बजे भूरा, वेदराम, कल्लू, राम निवास, दाताराम, राजवीर हरिद्वारी के घर पर आए। हरिद्वारी के भाई गंपति के बेटे कल्यान को तलाशने लगे। हरद्वारी का बेटा विजय सिंह सो रहा था। शोर सुनकर वह जाग गया। वे कल्यान समझकर विजय को पकड़ने के लिए भागे। तमंचे से फायर किया। गोली लगने से विजय की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी राजवीर और दाताराम को दोषी माना। गुरुवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करके एडीजीसी मुनेंद्र प्रताप सिंह और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद दोनों दोषियों को सजा सुनाई।

### पत्नी की फावड़ा से हत्या के दोषी को उम्रकैद

**बदायूं, अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश सुयश प्रकाश श्रीवास्तव ने पत्नी की हत्या करने के चार साल पुराने मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मद नगर सुलरा निवासी दिनेश चंद्र ने थाना उसहैत पुलिस को 24 अप्रैल 2020 को तहरीर दी थी कि उनकी बहन विनीता की शादी गांव रिजोला निवासी दुर्वेश कुमार पुत्र राम बहादुर के साथ हुई थी। उस दिन दोपहर तीन बजे उन्हें सूचना मिली कि दुर्वेश कुमार ने फावड़ा से विनीता की गर्दन काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलित किए। आरोपी दुर्वेश के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। गुरुवार को न्यायाधीश ने उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करके दुर्वेश को सजा सुनाई।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बिसौली,अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर कोतवाली बिसौली क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के कस्बा सैदपुर निवासी इकरार (50) पुत्र मुख्तियार कस्बा बिसौली में वाहनों पर डेंटिंग का काम करते थे। गुरुवार देर शाम लगभग साढ़े आठ बजे वह काम खत्म करके बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। एमएफ राजमार्ग के गांव दिसौलीगंज के पास बदायूं की ओर से तेज रफ्तार से आई ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। राजमार्ग से गुजर रहे राहगीर रुक गए। ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ ली है। चालक की तलाश की जा रही है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# सड़क हादसे में बरेली निवासी युवक की मौत

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर हादसे में बरेली निवासी युवक की मौत हो गई। किसी वाहन ने युवक की बाइक को टक्कर मार दी। युवक खंती में जा गिरा। राहगीरों की भीड़ लग गई। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचित किया।

बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला नवादा सेखान निवासी मोहम्मद शोएब सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद जमशेद सिद्दीकी गुरुवार को किसी काम से बाइक से बदायूं आ रहा था। गांव इकराम नगर गौंटिया के पास पीछे से तेज रफ्तार से आए किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मोहम्मद शोएब सिद्दीकी दूर खंती में जा गिरे। उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने राजमार्ग किनारे बाइक और खंती में युवक को देखा तो पुलिस को सूचित किया। पुलिस युवक की पहचान करके उसके परिजनों को सूचना दी। परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।



राजमार्ग किनारे पड़ी मृतक की बाइक।

- गुरुवार को बरेली-मथुरा राजमार्ग के गांव इकराम नगर गौंटिया के पास हुआ हादसा

## पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, मामा और भांजे की मौत

**बदायूं अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र में तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। सड़क हादसे में मामा भांजे की मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

गांव चांदपुर निवासी 27 साल के सर्वेंद्र पुत्र मोरपाल अपने भांजे थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव छोकरपुर निवासी नेमपाल पुत्र बनवारी के साथ कार से बदायूं से सहसवान जा रहे थे। देर रात करीब 10 बजे ज्वालापुर पुलिया के पास गड्ढे की वजह से कार अनियंत्रित हो गई और पेड़ से जा टकराई। कार सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि कोतवाली पुलिस दोनों को अस्पताल ले गई। चिकित्सक ने दोनों की मौत की पुष्टि कर दी। सहसवान कोतवाल ने दोनों के परिजनों को सूचना देकर शव मोर्चरी में रखवा दिए। परिजनों में कोहराम मच गया।

## एक नजर

### ट्रक में पीछे से जा घुसी स्लीपर बस, दो की मौत

**फिरोजाबाद :** बहराइच से सवारियों को लेकर दिल्ली जा रही डबल डेकर बस गुरुवार की सुबह बालू से लदे ट्रक में जा घुसी। बस में करीब डेढ़ सौ सवारियां थीं जिसमें से 2 की मौत हो गई। मौके पर पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी पहुंचकर राहत कार्य पहुंचाने में जुट गए। कुछ घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया है तो कुछ को फिरोजाबाद के जिला अस्पताल में भेजा गया। यात्रियों ने बताया कि हादसा चालक को नींद आने के कारण हुआ है। मृतक की पहचान चालक इमरान और यात्री रामदेव के रूप में हुई।

### पुरानी रंजिश में हमला, युवक का पैर काटा

**अलीगढ़।** इगलास के दुमेड़ी गांव में दो सगे भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने इस दौरान गोली भी चलाई। आरोपियों ने एक भाई के पैर काट दिए। मनोज अपने भाई मन्ना के साथ खेतों पर गया था। कुछ देर मन्ना आ गया और मनोज वहां रह गया। तभी गांव के कुछ युवकों ने हमला कर दिया। मनोज के पैर पर कुल्हाड़ी से वार किया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चली आ रही है।

### कमला नगर में दो भाइयों से दस लाख की लूट

**आगरा।** कमला नगर में बाइक सवार बदमाशों ने फाइनेंस कर्मियों भाइयों से दस लाख रुपये की लूट की। जानकारी के अनुसार नरेंद्र अपने भाई नरेश मोटवानी की साथ कमला नगर की और बाइक से जा रहा था। तभी बाइक सवार बदमाशों ने आंखों में मिर्च डाल दी और उनका बैग छीनकर भाग गए। डीसीपी सिटी सूरज राय मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए थे। लोगों ने बताया की दस दिन में यहां तीसरी वारदात है। कुछ दिन पहले ही दो बाइक भी चोरी हो चुकी हैं।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

### जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में छह माह में 1440 लोगों ने किया रक्तदान

# बीमारी से थे अंजान, रक्तदान किया तो हलक में आई जान

**अंकित चौहान, बरेली**

**अमृत विचार :** रक्तदान को महादान माना गया है, एक यूनिट ब्लड से तीन लोगों की जान बचती है। इसी भाव के साथ दूसरों की मदद के लिए हर महीने सैकड़ों लोग निजी और सरकारी ब्लड बैंक में रक्तदान करने पहुंचते हैं। जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में छह महीने में 1440 लोग रक्तदान करने पहुंचे। यहां जांचों के बाद 84 लोग हेपेटाइटिस,



सिफलिस समेत कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित मिले। जब उन्हें इसकी जानकारी दी गई तो जान हलक में आ गई। अगर वे रक्तदान करने नहीं आते तो शायद उन्हें समय पर गंभीर बीमारियों के बारे में पता भी नहीं चलता।

> ब्लड बैंक में रक्तदान के बाद तुरंत उस यूनिट की एलाइजा जांचें की जाती हैं। जांच में बीमारी सामने आने पर इस यूनिट को नष्ट कर दिया जाता है। इसलिए, हर व्यक्ति को रक्तदान करने से पूर्व जरूरी जांचें करानी चाहिए। -**डॉ. अलका शर्मा**, एडीएसआईसी, जिला अस्पताल

ब्लड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में जनवरी से अब तक कुल 1440 लोगों ने रक्तदान किया है। स्टाफ के अनुसार जांचों के बाद जो लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित मिले, उन्हें इसकी जानकारी दी गई, ताकि उनका समय रहते इलाज शुरू हो सके।

- **खून संबंधी जांचों के बाद 84 लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित मिले**

#### ये है जांच की प्रक्रिया

दरअसल, ब्लड बैंक में आने वाले रक्तदाता की सिर्फ हीमोग्लोबिन और वजन की जांच होती है। स्टाफ संबंधित से मौखिक तौर पर कोई बीमारी होने की जानकारी लेता है, लेकिन अधिकांश को इसकी जानकारी नहीं होती है। रक्तदान करने के बाद संबंधित की हेपेटाइटिस, एचआईवी, मलेरिया, सिफलिस समेत अन्य जांचें की जाती हैं। इन जांचों में करीब चार घंटे का समय लगता है। जांच में गंभीर बीमारी की पुष्टि होने के बाद संबंधित व्यक्ति से पूरी गोपनीयता के साथ संपर्क कर बीमारी की सूचना देकर संबंधित विभाग में इलाज के लिए भेजा जाता है। वहीं, संबंधित व्यक्ति के एकत्र रक्त को नष्ट कर दिया जाता है।

# खेलते समय पानी से भरे ड्रम में डूबकर बच्चे की मौत

**संभल, अमृत विचारः** घर के आंगन में खेलते समय तीन वर्षीय बच्चे की पानी से भरे ड्रम में डूबने से मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से घर में कोहराम मच गया।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर सोत के जितेंद्र का तीन वर्षीय बेटा प्रतीक गुरुवार सुबह 11 बजे घर के आंगन में खेल रहा था। पास में ही मां रुमा काम कर रही थी। खेलते समय बच्चा पानी से भरे ड्रम में गिर गया। काफी देर बाद जितेंद्र घर लौटा तो उसे बेटा दिखाई नहीं दिया जिस पर उसने पत्नी रुमा से पूछा तब उसे बच्चे का होश आया। सभी बच्चे को खोजने लगे। आसपास देखने के बाद जितेंद्र अचानक ड्रम के पास पहुंचा तो देखा कि बेटा प्रतीक पानी में डूबा हुआ था। आनन-फानन जितेंद्र ने बच्चे को ड्रम से निकाला और पास के डॉक्टर के यहां ले गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने बच्चे को रेफर कर दिया। परिजन बच्चे को लेकर संभल के निजी अस्पताल गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# स्नातक में 1.55 लाख छात्रों ने कराया पंजीकरण, 81 हजार छात्रों के प्रवेश हुए

### द्वितीय चरण के तहत गुरुवार तक हुए पंजीकरण, 5 अगस्त तक महाविद्यालयों में होंगे प्रवेश

**बरेली कार्यालय,**

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण के तहत गुरुवार तक पंजीकरण हुए। अब तक प्रथम और द्वितीय चरण में एक लाख 55 हजार छात्रों के पंजीकरण हुए हैं और 81 हजार छात्रों के प्रवेश हो गए हैं। द्वितीय चरण में पंजीकृत छात्रों के 26 जुलाई से 5 अगस्त तक महाविद्यालयों में प्रवेश होंगे।

विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश समन्वयक प्रो. एसके पांडेय ने बताया कि सत्र 2024-25 में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। अब तक 81 हजार प्रवेश हो चुके हैं। द्वितीय चरण के प्रवेश 5 अगस्त तक होंगे। विश्वविद्यालय परिसर और महाविद्यालयों में अन्य



#### एमटेक पीएचडी में प्रवेश को 12 अगस्त तक पंजीकरण

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमटेक पीएचडी और इंजीनियरिंग के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण के पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। कुलसचिव के मुताबिक अब छात्र 12 अगस्त तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर पंजीकरण कर सकेंगे। इन पाठ्यक्रमों में 16 जुलाई से द्वितीय चरण में पंजीकरण हो रहे हैं।

#### परास्नातक - एलएलबी में प्रवेश के लिए आज से पंजीकरण

बरेली कॉलेज में परास्नातक और एलएलबी में प्रवेश के लिए पंजीकरण के लिए शुक्रवार को पोर्टल खोल दिया जाएगा। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि छात्र पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे और मेरिट के आधार पर प्रवेश लिए जाएंगे। कॉलेज में एमए पाठ्यक्रम में हिंदी की 80, अंग्रेजी की 160, संस्कृत की 80, उर्दू की 80, दर्शनशास्त्र की 80, इतिहास की 160, अर्थशास्त्र की 240, राजनीतिशास्त्र की 80, समाजशास्त्र की 160, ललित कला की 25, गणित की 80, सैन्य अध्ययन की 20, सांख्यिकी की 20 और भूगोल की 60 सीटे हैं। इसके अलावा एमएससी में भौतिक विज्ञान की 30, रसायन विज्ञान की 50, जीव विज्ञान की 22, वनस्पति विज्ञान की 20, सांख्यिकी की 25, सैन्य अध्ययन की 40, गणित की 120 और पर्यावरण विज्ञान की 40 सीटे हैं। इसके अलावा एमकॉम की 240 और एलएलबी की 320 सीटे हैं।

#### बीएससी जीव विज्ञान और बीए की सीटें लगभग फुल

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में बीए और बीएससी जीव विज्ञान की सीटें लगभग फुल हो गई हैं। अब सिर्फ बीकॉम और बीएससी गणित की सीटें रिक्त हैं। इन रिक्त सीटों पर शनिवार से प्रवेश शुरू होंगे।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि बीए और बीएससी जीव विज्ञान में प्रथम चरण में पंजीकृत छात्रों के चार मेरिट जारी कर प्रवेश लिए गए। प्रथम चरण में ही लगभग सभी सीटें फुल हो गई हैं। अब बीकॉम और बीएससी गणित में सीटें रिक्त हैं, जिनमें प्रथम और द्वितीय चरण में पंजीकृत छात्र प्रवेश ले सकेंगे।

# सद्दाम की संपत्ति चिह्नित करने बरेली पुलिस प्रयागराज गई

**बरेली कार्यालय, अमृत विचार :** माफिया रहे अशरफ के साले सद्दाम की संपत्ति चिह्नित करने के लिए बिथरी चैनपुर पुलिस प्रयागराज के लिए रवाना हो गई है। पुलिस प्रयागराज में संबंधित विभागों से दस्तावेज खंगालेगी। उसके बाद सद्दाम की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। सद्दाम मौजूदा समय में बदायूं की जिला जेल में बंद है।

माफिया खालिद अजीम उर्फ अशरफ के साले अब्दुल समद उर्फ सद्दाम पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। बिथरी चैनपुर थाने के क्राइम इंस्पेक्टर अजय कुमार और दरोगा रणधीर कुमार प्रयागराज के लिए रवाना हुए हैं। वह पुलिस-प्रशासन की मदद से सद्दाम की संपत्ति चिह्नित कर बरेली आकर रिपोर्ट सौंपेगे। माफिया अशरफ जब जिला जेल में बंद था, तब उस समय सद्दाम ने जेल में सारी सुविधा मुहैया कराई थीं और प्रयागराज के उमेशपाल हत्याकांड के शूटरों से भी अशरफ की मुलाकात कराई थी। इस मामले में थाना बिथरी चैनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सद्दाम ने अशरफ के दम पर बरेली में पूरा नेटवर्क खड़ा किया था। सद्दाम को सितंबर 2023 में दिल्ली से एसटीएफ ने गिरफ्तार कर बिथरी पुलिस को सौंपा था। कुछ दिनों में उसकी जेल बदल दी गई थी। इससे पहले प्रयागराज पुलिस ने सद्दाम की पांच संपत्तियों को चिह्नित की थीं, इनमें एक लग्जरी कार और चार जमीनें हैं, जो हटवा और आसपास के इलाकों में स्थित हैं। पुलिस को गाड़ी से संबंधित विवरण मिल गया है, जबकि जमीनों के संबंध में दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

- **संपति की जाएगी जब्त, माफिया रहे अशरफ का साला बदायूं जिला जेल में है बंद**

> माफिया अशरफ के साले सद्दाम की संपत्ति चिह्नित करने के लिए एक इंस्पेक्टर और एक दरोगा प्रयागराज के लिए रवाना हुए हैं। जो संपत्ति चिह्नित कर रिपोर्ट देंगे। उसके बाद संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। - **संजय तोमर**, थाना प्रभारी बिथरी चैनपुर

# भांजी का जन्मदिन मना युवक ने खुद को गोली से उड़ाया

**आगरा, अमृत विचारः** थाना सदर के अंतर्गत सदर बाजार क्षेत्र में गुरुवार को कारसवार युवक ने खुद को गोली मारकर जान दे दी। गोली चलने की आवाज सुनकर लोग कार के पास गए तो देखा कि युवक खून से लथपथ सीट पर पड़ा हुआ। पुलिस ने कार का शीशा तोड़कर उसके शव को बाहर निकाला। पुलिस उपायुक्त शहर सूरज राय ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक फ्रैंकी रेस्टोरेंट संचालक हिमांशु सचदेवा के बेटे का साला है। वह बहन के घर आया था। कुछ दिन बाद उसकी चार साल की भांजी का बर्थडे है। बर्थडे पर उन्हें थाईलैंड जाना था, ऐसे में उसने पहले ही भांजी का बर्थडे मनाया, केक काटा। इसके बाद बाहर आकर अपनी गाड़ी में कनपटी पर गोली मार ली। चर्चा है कि मृतक अपने मोबाइल फोन में कुछ रिकार्डिंग छोड़ गया है। कुछेक लोगों ने बताया कि मृतक क्रिपटो करेंसी के लेन-देन से भी जुड़ा हुआ था।


## कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, बदायूँ

पत्रांक : सी-2054/स.क./ज.प्र.ना.सर्वो.वि./नीलामी/2024-25 दिनांक : 25.07.25

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (बालिका), समरेर, बदायूँ में खड़े 07 यूकेलिप्टिस पेड़ों की नीलामी दिनांक 30.07.2024 को प्रातः 11:00 बजे की जानी है। इच्छुक क्रय दाता किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से समय 4:00 बजे के मध्य प्रभारी प्रधानाचार्या से पूर्वानुमति प्राप्त कर गेट पर तैनात सुरक्षा गार्डस को अपनी आई.डी. दिखाकर संस्थान में जाकर पेड़ों को देख सकते हैं तथा क्रय सम्बन्धी जानकारी प्रभारी प्रधानाचार्या से प्राप्त कर सकते है।

अतः इच्छुक क्रय दाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वह उपरोक्तानुसार नियत तिथि एवं समय पर जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (बालिका) समरेर, बदायूँ में उपस्थित होकर नीलामी कार्यवाही में भाग लेने का कष्ट करें। नीलामी कार्यवाही वन विभाग द्वारा निर्धारित शर्तो/नियमों के अन्तर्गत की जायेगी।

(मीनाक्षी वर्मा)
जिला समाज कल्याण अधिकारी, बदायूँ।


# ब्लॉक की वजह से एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें रहीं निरस्त, यात्री परेशान

**कार्यालय संवाददाता, बरेली कार्यालय**

**अमृत विचार :** ब्लॉक लेकर रोजा में यार्ड रिमॉडलिंग के कार्य किए जा रहे हैं। इसकी वजह से गुरुवार को बरेली जंक्शन पर एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें निरस्त रहीं। जबकि कई ट्रेनें रिशेड्यूल और नियंत्रित की गईं। बड़ी संख्या में ट्रेनें ऐसी भी थीं, जिनको डायवर्ट किया गया था। इस कारण यह ट्रेनें जंक्शन नहीं पहुंचीं। यात्रियों को दिक्कत हुई। वहीं, मुरादाबाद मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने रोजा में नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों का निरीक्षण किया।

डायवर्ट के चलते गुरुवार को 15211 दरभंगा-अमृतसर जननायक एक्सप्रेस, 14604 अमृतसर-सहरसा जनसेवा एक्सप्रेस, 14241 नौचंदी एक्सप्रेस और 14242 नौचंदी एक्सप्रेस का संचालन निरस्त रहा।

15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस, जननायक एक्सप्रेस और 14603 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस, जनसेवा एक्सप्रेस डायवर्ट रहने के कारण शुक्रवार को बरेली जंक्शन पर निरस्त रहेगी। 15531 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस 28 जुलाई व 4 अगस्त, 15532 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस 29 जुलाई व 05 अगस्त को निरस्त रहेगी। वहीं गुरुवार को 15043 लखनऊ-काठगोदाम एक्सप्रेस, 15044 काठगोदाम लखनऊ एक्सप्रेस, 15119 वाराणसी देहरादून एक्सप्रेस, 15120 देहरादून वाराणसी एक्सप्रेस, 15656 श्री वैष्णो देवी कटरा कामाख्या एक्सप्रेस का संचालन पूरी तरह से निरस्त रहा। परेशान यात्रियों ने टिकट वापस किए और दूसरे साधनों के सहारे अपने गंतव्यों तक पहुंचे।

#### नौ घंटा से ज्यादा लेट पहुंची लोहित एक्सप्रेस

बड़ी संख्या में ट्रेनें ऐसी रहीं जिनको रिशेड्यूल किया गया था। 15652 लोहित एक्सप्रेस जंक्शन को 5 घंटा 45 मिनट रिशेड्यूल किया गया था यह ट्रेन जंक्शन पर 9 घंटा 30 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। इसके अलावा 22199 सुशासन एक्सप्रेस 1 घंटा 3 मिनट, 12212 मुजफ्फरपुर गरीबरथ एक्सप्रेस 2 घंटा 11 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। वहीं 15653 अमरनाथ एक्सप्रेस 4 घंटा 53 मिनट लेट चल रही थी।

- **रोजा में कुछ दिनों से चल रहा है यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य**
- **आज भी ट्रेनों का संचालन जंक्शन पर रहेगा प्रभावित**

# दहेज हत्या में पति को उम्रकैद, सास-ससुर बरी

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज को लेकर पत्नी की हत्या करने के मामले में आरोपी पति को दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश हरेन्द्र बहादुर सिंह ने आजीवन कारावास और कुल 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं, सास सुनीला देवी और ससुर शिव कुमार को बरी कर दिया। गांव कैली कुंवरगांव बदायूं निवासी सुनील सिंह ने जून 2019 को थाना सिरौली में तहरीर देकर बताया कि उन्होंने बेटी पूनम की शादी अप्रैल 2018 में विवेक से हुई थी। शादी के बाद से पति व ससुरालीजन दहेज को लेकर पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। 10 जून 2019 को उसे बुरी तरह से पीटा। उसकी मृत्यु हो गई। सरकारी वकील रीतराम राजपूत ने तर्क दिया कि महिला की हत्या दहेज के लिए की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला जिसमें नाक और मुंह की श्वासन प्रक्रिया अवरोधित करने की बात की गई थी।

# जमीन के लिए भाई का शव बता किया अंतिम संस्कार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** जमीन कब्जा करने के लिए एक भाई ने अपने ही भाई को जान से मारने की कोशिश की। डर की वजह से भाई एक मढ़ी पर रहने लगा। इसके बाद दूसरे भाई ने थाना भमोरा क्षेत्र के देवचरा में मिले अज्ञात शव की पहचान अपने भाई के रूप में की और पोस्टमार्टम कराने के बाद उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया। जीवित भाई ने अब आरोपी भाई के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की है।

जिला बदायूं के थाना दातागंज के गांव गुलड़िया निवासी दिव्यांग मनोहर ने आरोप लगाया कि उसके भाई ने अपने हिस्से की जमीन बेचने के बाद गांव के कुछ लोगों के साथ मिलकर उनकी जमीन कब्जा करने की कोशिश की। उन्होंने दातागंज थाने में 30 नवंबर 2023 को प्रार्थना पत्र दिया था। उसके बाद वह भाई के डर से दातागंज में एक मढ़ी पर रहने लगे। उनके भाई ने जमीन हड़पने की नीयत से कई लोगों के साथ मिलकर किसी अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान उनके नाम से कर 21 जुलाई 2024 को पोस्टमार्टम करा दिया। आरोप है कि सभी ने मिलकर पोस्टमार्टम कराने के बाद अज्ञात शव को गांव में न ले जाकर रामगंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। इसके साथ ही घाट पर ही उसका दसवां संस्कार भी कर दिया। मनोहर ने बताया कि उसकी हत्या का आरोप लगाकर उसके भाई ने गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ झूठी तहरीर दे दी।

- **जमीन कब्जाने के लिए भाई के जिंदा होने पर भी मारने की कोशिश**


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिसौली (बदायूँ)

पत्रांक : 325(4)/न.पा.परि.बि./नि.सू./2024-25 दिनांक : 25.07.24

**निविदा सूचना**

समस्त अर्ह फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि इस निकाय की जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नगर पालिका परिषद बिसौली क्षेत्रान्तर्गत ईदगाह रोड स्थित कूप नं. 09 के रिबोर का कार्य सभी प्रकार की सामग्री लेबर एवं टी एण्ड पी सहित कराये जाने हेतु सीलबन्द निविदाएं दिनांक 16.08.2024 तक समय अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 26.07.2024 तक समय दोपहर 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद बिसौली पर नकद धनराशि जमा करके क्रय किये जा सकते हैं। उक्त कार्य की निविदाएं नगर पालिका परिषद बिसौली में रखे निविदा बॉक्स में दिनांक 16.08.2024 तक दोपहर 2:00 बजे तक डाली जा सकती है। उक्त निविदा तद् दिनांक 16.08.2024 को समय 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओं/निविदा शर्तो से सम्बन्धित समस्त प्रकार की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | प्रस्तावित | मात्रा | अनुमानित लागत | 10% धरोहर राशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य अवधि | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नगर पालिका परिषद बिसौली क्षेत्रान्तर्गत ईदगाह रोड़ स्थित कूप नं. 09 का रिबोर कार्य। | 01 नग | 220400 | 22100 | 300 | 15 दिन | रा.वि. आयोग |

(अनूप राय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बिसौली (बदायूँ)

(अबरार अहमद)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बिसौली (बदायूँ)


# घरेलू हिंसा मामले में अब निदा को शीरान देंगे एकमुश्त 10 लाख

**बरेली, अमृत विचार :** आला हजरत खानदान की बहू रहीं समाजसेवी निदा खान की घरेलू हिंसा मामले की अपील को जिला जज विनोद कुमार ने मंजूर करते हुए आवास किराया भत्ता 4 हजार से बढ़ाकर प्रतिमाह 10 हजार रुपये और एकमुश्त 3 लाख की रकम बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी है। वहीं, सेशन कोर्ट ने पति शीरान और सास शाईस्ता, ससुर उस्मान रजा खान आदि की दो अपीलों को खारिज कर दिया है। निदा के अधिवक्ता भूपेन्द्र भड़ाना के अनुसार 17 जनवरी को सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी कोर्ट ने शीरान रजा खां को पत्नी निदा खान को मुकदमा दायर होने की तिथि से 15 हजार रुपये प्रतिमाह देने, एकमुश्त रकम 3 लाख, आवास किराया भत्ता 4 हजार रुपये माहवार दिए जाने का आदेश दिया था। निचली अदालत के आदेश के असंतुष्ट होकर निदा की ओर से जिला जज की अदालत में अपील दायर की गई थी। सेशन कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा भरण पोषण की रकम प्रतिमाह 15 हजार रुपये दिए जाने के आदेश को बरकरार रखा है।

# आरटीओ में छापा, 13 संदिग्ध दबोचे

**बरेली कार्यालय**

**अमृत विचार :** आरटीओ में जिलाधिकारी ने बृहस्पतिवार को छापा मारा तो अफरा-तफरी मच गई। कार्यालय का गेट बंद कराकर 13 संदिग्धों को पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि दो दलाज फर्जी शपथ पत्र तैयार कर अवैध वसूली कर रहे थे। एआरटीओ प्रशासन मनोज कुमार ने चार दलालों के खिलाफ थाना कैंट में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

आरटीओ में दलाली की कई शिकायतें जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के पास पहुंची थीं। जिलाधिकारी ने बृहस्पतिवार को आरटीओ में दलालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए योजना बनाकर टीम तैयार की। वह सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला, अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय राजेश चंद्रा, नायब तहसीलदार विदित कुमार सहित कई मजिस्ट्रेट, तहसील के कई राजस्व कर्मचारी, पुलिस के जवानों के साथ कई गाड़ियों से दोपहर करीब 1 बजे आरटीओ पहुंचे। काफिले में शामिल कई गाड़ियां कार्यालय के अंदर तो कई बाहर खड़ी हो गईं। आनन-फानन में आरटीओ कार्यालय का मुख्य गेट बंद कराया गया तो लोग इधर-उधर भागने लगे। टीमों ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। कार्यालय परिसर में जितने भी लोग मिले सभी को एक लाइन में खड़ा किया गया। जिलाधिकारी ने सभी से आरटीओ आने का कारण पूछा और उनके दस्तावेजों को जांचा।

करीब 1 घंटे तक पूछताछ के बाद मौके से 13 लोगों को संदिग्ध मानकर कई गाड़ियों से थाना कैंट भेजा गया। पूछताछ और जांच से पता चला कि दो लोग अवैध तरीके से धन अर्जित करने के लिए गलत काम कर रहे थे, जबकि बाकी लोग अपने कार्य से आए थे तो उन्हें जाने दिया गया। सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला ने बताया कि किला क्षेत्र के छीपी टोला निवासी अफजाल हैदर के पास नोटरी की मोहर लगे हुए और नोटरी के हस्ताक्षर वाले करीब 70 ई-स्टांप पेपर मिले हैं जिन पर शपथ पत्र का प्रारूप छपा था, लेकिन शपथकर्ता की कोई जानकारी नहीं थी। जबकि नकटिया निवासी सुनील शर्मा की दुकान में कई वाहन स्वामियों के कागजात और आरटीओ के लिए अलग-अलग तरह के आवेदन प्रारूप पाए गए।

पूछताछ में दोनों की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका। सिटी मजिस्ट्रेट के मुताबिक इससे स्पष्ट है कि दोनों आरटीओ आने वाले लोगों से पैसे लेकर कार्य करा रहे थे और फर्जी शपथ पत्र भी तैयार करते थे। एआरटीओ प्रशासन

- **चार पर रिपोर्ट दर्ज, फर्जी शपथ पत्र तैयार कर अवैध वसूली करने वाले दो दलाल गिरफ्तार**

> आरटीओ परिसर में संदिग्धों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगाने के आदेश अधिकारियों को दिए गए हैं। आगे भी इस तरह की कार्रवाई होती रहेगी। कार्यालय के पास एक मकान के बारे में आरटीओ से रिपोर्ट मांगी गई है। इसके बाद बीडीए से कार्रवाई कराई जाएगी। -**रविंद्र कुमार, डीएम**

#### सिफारिश करने वालों के नाम हमें बता देना

छापेमारी की कार्रवाई के बाद डीएम यहां से निकल रहे थे, तभी उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट और अपर नगर मजिस्ट्रेट से कहा कि मामले में अगर कोई सिफारिश करता है तो हमें उसके नाम बता देना। अगर हमारे पास किसी का फोन आता है तो हम बात कर लेंगे।

# बाह थाने से गायब हो गई दरोगा की सरकारी पिस्टल

**आगरा, अमृत विचार :** आगरा के बाह थाने से एक दरोगा की पिस्टल गायब हो गई। हेड मुहर्रिर ने पिस्टल न होने की सूचना कोतवाल को दी तो पूरे थाने में खलबली मच गई। दरोगा राजा बाबू लोकसभा चुनाव के दौरान पिस्टल को जमा करने की बात कर रहे हैं वहीं हेड मुहर्रिर पिस्टल न होने की बात कर रहे हैं। एसीपी बाह गौरव सिंह ने बताया कि जांच के आदेश दिए हैं। हेड मुहर्रिर ने जब माल खाने को चेक किया है तो पिस्टल गायब मिली उन्होंने दरोगा राजा बाबू से पूछा तो वह सही जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने पिस्टल थाने में जमा कर दी थी जबकि उसका रिकॉर्ड थाने में उपलब्ध नहीं है।


**व अदालत उपजिलाधिकारी (न्यायिक) फरीदपुर**

वाद सं. - टी-202212130301190 सन् 2022
रामगोपाल बनाम चन्द्रपाल आदि ग्राम वीरपुर इ. मेहतरपुर तह. फरीदपुर जिला बरेली
धारा 116 रा.सं. 2006

**बनाम (मुद्दालय)**

1. चन्द्रपाल पुत्र लल्लू सिंह नि. ग्राम शंकरपुर 2. राजीव आयु 15 वर्ष 3. रंजीत आयु 10 वर्ष 4. जतिन आयु 9 वर्ष (पुत्रगण ताराचंद द्वारा संरक्षिका माता सगी गीता देवी पत्नी तारा चंद) 5. गीता देवी पत्नी तारा चंद नि. ग्राम हृदयपुर उर्फ अंधरपुरा तह. फरीदपुर जिला बरेली 6. बाबू राम पुत्र जानकी 7. शिशुपाल पुत्र मेवाराम 8. पारवती पत्नी बालकराम (निवासीगण ग्राम हृदयपुर उर्फ अंधरपुरा तह. फरीदपुर नि. बरेली) 9. मुनीश चंद पुत्र सोहनलाल नि. सी ब्लाक 272/2 राजेन्द्र नगर शहर व जिला बरेली 10. उत्तर प्रदेश पा.का.लि. द्वारा अधिशासी अभियन्ता विद्युत परिषद निकट खण्ड एल.आई.सी. कार्यालय रामपुर बाग बरेली 11. गांव सभा / ग्राम पंचायत वीरपुर इ. मेहतरपुर तह. फरीदपुर जिला बरेली द्वारा प्रधान।

चूंकि मुसम्मी रामगोपाल ने आपके नाम एक नालिश बावत धारा 116 उ.प्र.रा.स. 2006 दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि बतारीख 30/7/2024 असालतन या मारफत किसी वकील के सोहावात मुकदमा से बखूवी वाकि हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो। वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज तारीख 20/7/2024 को मेरे दस्तखत व मोहर से दाखिल किया गया।

आज्ञा से:
उपजिलाधिकारी (न्यायिक), फरीदपुर



## कार्यालय नगर पंचायत हीरागंज बाजार, प्रतापगढ़

पत्रांक : 450/न.पं.ही.बा./निर्माण कार्य/2024-25 दिनांक : 24 जुलाई 2024

**ई-निविदा सूचना**

एतद् द्वारा नगर पंचायत हीरागंज बाजार के सभी पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हीरागंज बाजार में ई-निविदा आंमत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रकाशन डाउनलोड व डालने की तिथि | 25.7.24 | प्रातः 10:00 बजे से सायं 12:00 बजे तक |
| निविदा खुलने की तिथि | 16.8.24 | अपरान्ह 02:00 बजे |

नोट : सम्बन्धित जानकारी कार्यालय व http://etender.up.nic.in पर प्राप्त कर सकते है। नियम व शर्ते पोर्टल पर अपलोड है। अन्य कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत हीरागंज बजार,
जनपद-प्रतापगढ़

अध्यक्ष
नगर पंचायत हीरागंज बजार,
जनपद-प्रतापगढ़



## जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) शाहजहाँपुर

पत्रांक : 414/ई-निविदा सूचना/2024-25 दिनांक : 25.07.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), शाहजहांपुर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना अनुदान सं.-37/83 के अन्तर्गत शासन द्वारा स्वीकृत इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्यो से सम्बन्धित 14 निर्माण कार्यो के लिये तृतीयबार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 26.07.2024 से दिनांक 08.08.2024 तक समय सायं 05:00 बजे तक ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है। जिनके निविदा प्रपत्र www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो कि निर्धारित समयान्तर्गत डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। तदोपरान्त प्राप्त निविदाओं को दिनांक 09.08.2024 को समय पूर्वान्ह 11:00 बजे निविदा समिति के समक्ष परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) शाहाजहाँपुर के कार्यालय कक्ष में खोली जायेंगी। अगर किसी कारणवश कोई अवकाश पड़ जाता है या कार्यालय बन्द होता है तो अगले कार्य दिवस में उसी समय निविदायें खोली जायेंगी।

नोट : कार्यो का विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित आवश्यक नियम व शर्ते वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

परियोजना अधिकारी
जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा)
शाहजहाँपुर।

## विस उप चुनाव के लिए इंडी गठबंधन जल्द तय करेगा सीटें

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधानसभा उप चुनाव में जीत के लिए इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा ने भी तैयारी तेज कर दी है। बताया जा रहा है कि जल्द ही गठबंधन के पदाधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें सीटें तय होंगी।

लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में खाली हुई 10 सीटों पर उप चुनाव होना है। इनमें अंबेडकरनगर की कटेहरी, मैनपुरी की करहल सीट, अयोध्या की मिल्कीपुर, मीरापुर, गाजियाबाद, मझावां, खैर, फूलपुर, कानपुर की सीसामऊ व मुरादाबाद की कुंदरकी सीट शामिल है। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस इन दस सीटों में से तीन सीटें चाह रही है। फिलहाल सीटों को लेकर अभी खुलासा नहीं किया गया है। कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना है कि लोकसभा चुनाव की तर्ज पर उप चुनाव में भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे।

# बलिया में ट्रकों से अवैध वसूली मामले में हटाए गए एसपी और एएसपी

## सीओ सहित पूरी चौकी निलंबित, एसएचओ व एक दर्जन पुलिसकर्मियों पर रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई पुलिस कर्मी फरार, 16 दलालों पर भी हुई रिपोर्ट, कई हिरासत में
- एडीजी वाराणसी जोन व डीआईजी ने बिहार-उप्र सीमा पर मारा था छापा

**अमृत विचार :** उप्र-बिहार सीमा पर पुलिसकर्मियों द्वारा ट्रकों को पार कराने में अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आने पर शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बलिया के पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक को उनके पद से हटा दिया गया है। जबकि सीओ, एसएचओ, चौकी इंचार्ज समेत पूरी चौकी को निलंबित कर दिया है।

सीओ, एसएचओ नरही व चौकी प्रभारी कोरंटाडीह की संपत्ति की जांच के भी निर्देश दिए हैं । कार्रवाई देख कई पुलिस कर्मी मौके से फरार हो गए। थानेदार, चौकी इंचार्ज सहित 16 दलालों समेत आधा दर्जन पुलिस कर्मियों पर भी रिपोर्ट दर्ज की गई है। पूरे मामले की जांच विजिलेंस को सौंपी गई है।

दरअसल एडीजी वाराणसी जोन पीयूष मोर्डिया को सूचना मिली थी कि बिहार से उप्र. की ओर आ रहे ट्रकों से पुलिसकर्मी और दलाल मिलकर रोजाना वसूली करते हैं। इस सूचना पर एडीजी व डीआईजी वैभव कृष्ण की संयुक्त टीम गुरुवार रात्रि करीब 1.30 बजे बलिया के भरौली तिराहे पर अचानक पहुंची। क्षेत्र से गुजरने वाले ट्रकों के संबंध में पुलिस कर्मियों द्वारा ट्रकों से की जा रही वसूली को स्वयं देखा। ट्रक वसूली में लगे रविशंकर यादव, विवेक शर्मा, जितेश चौधरी, वीरेंद्र राय, सोनू सिंह, अजय कुमार पांडेय, वीरेंद्र यादव, अरविंद यादव, आनंद कुमार ठाकुर और दिलीप कुमार यादव आदि को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

### कई पुलिसकर्मी निलंबित, रिपोर्ट भी दर्ज

थानाध्यक्ष नरही पन्नेलाल, चौकी प्रभारी कोरंटाडीह, राजेश कुमार प्रभाकर, मुख्य आरक्षी हरदयाल सिंह, विष्णु यादव, आरक्षी सतीश गुप्ता, दीपक मिश्रा, बलराम सिंह एवं 16 दलालों पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट पंजीकृत कराई गई है। थानाध्यक्ष पन्नेलाल एवं चौकी प्रभारी राजेश कुमार प्रभाकर के अलावा चंद्रजीत यादव, औरंगजेब खान, परविंद यादव, सतीश चंद्र गुप्ता, पंकज यादव, ज्ञानचंद्र व धर्मवीर पटेल, उपनिरीक्षक मंगला प्रसाद, विष्णु यादव, हरदयाल सिंह, दीपक मिश्रा, बलराम सिंह, उदयवीर व प्रशांत सिंह व ओमप्रकाश को निलंबित कर दिया है।

### करीब एक हजार ट्रकों से पांच-पांच सौ रुपये वसूली

बक्सर से आने वाले ट्रकों से पूर्व नियोजित बातचीत करके उनके गुजरने का समय, ट्रक नंबर एवं बलिया में इन ट्रकों से प्रवेश करते ही प्रत्येक ट्रक से 500 रुपये वसूले जाते थे। डीआईजी के मुताबिक लगभग एक हजार ट्रक बक्सर से बलिया में प्रवेश करते थे। इस तरह प्रत्येक रात्रि पांच लाख रुपये की उगाही की जाती थी।

## ट्रेन हादसे का एक यात्री अब भी लापता

**गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप 18 जुलाई को हुए रेल हादसे के मामले में एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। ट्रेन में सवार एक यात्री अब भी लापता बताया जा रहा है। गोंडा जिले के तरबगंज की रहने वाली एक महिला ने इस मामले में डीएम से मिलकर शिकायत दर्ज करायी है। डीएम की संस्तुति पर गुरुवार को रेलवे के अधिकारियों की टीम पिकौरा गांव स्थित घटनास्थल पर पहुंची और लापता यात्री की तलाश में मौके पर खड़ी बोगियों और आसपास के इलाके को खंगाला।

तरबगंज थाना क्षेत्र के उमरापुर उदवतनगर निवासी महिला रामा देवी ने डीएम से मिलकर शिकायत दर्ज करायी थी कि उसका बेटा रामधन भी उस दिन चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ पर सवार हुआ था। लेकिन वह अब तक घर नहीं पहुंचा।

## सार-संक्षेप

### बजट मिला तो बहुरेंगे छात्रावास के दिन

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित छात्रावास और आठ कोचिंग सेंटरों के दिन जल्द बहुर सकते हैं। समाज कल्याण निदेशालय ने इनके जीर्णोद्वार के लिए शासन से दो करोड़ का बजट मांगा हैं। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 230 छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं। इनमें बीस हजार से छात्र-छात्राएं रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं को तैयारी कर रहे हैं। छात्रावासों का फर्नीचर लगभग 15 से 20 वर्ष पुराना हो चुका है। छात्रावासों का उच्चीकरण करने के साथ ही इनमें फर्नीचर भी बदले जाने की योजना है। वहीं वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, अलीगढ़, आगरा, हापुड़ और लखनऊ (2) में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटरों के कायाकल्प की भी जरूरत है। यहां भी फर्नीचर बदलने के साथ ही अन्य काम होने हैं। विभागीय अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रावासों और कोचिंग सेंटरों के कायाकल्प के लिए दो सौ करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। अधिकारियों ने शासन में जाकर बजट दिए जाने के लिए परैवी भी की है। अगर शासन ने बजट की राशि स्वीकृत कर दी तो अगले एक वर्षों में छात्रावास और कोचिंग सेंटरों का कायाकल्प हो जाएगा।

### अनुसूचित जाति के छात्र से अभद्रता , रिपोर्ट तलब

**लखनऊ,अमृत विचार :** गाजियाबाद के ज्ञानस्थली विद्यापीठ के प्रबंधक द्वारा छात्र से जातिसूचक शब्दों के साथ गाली गलौज करने के मामले को अनुसूचित जाति/जनजानति आयोग ने गंभीरता से लिया है। आयोग के अध्यक्ष एवं गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने पुलिस आयुक्त गाजियाबाद से बात कर प्रकरण की जानकारी ली और एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिर में भेदभाव पूर्ण बर्ताव करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कॉलेज के चेयरमैन हरिओम शर्मा पर आरोप लगा है कि उन्होंने बीएड कर रहे अनुसूचित जाति के छात्र से फीस के लिए अभद्रता की। इसका एक ऑडियो वॉयरल हुआ है। पुलिस ने मामले में प्रबंधक हरिओम शर्मा के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है।

### सेवा मामलों में जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनुशासनात्मक जांच के लिए जनहित याचिका के स्वरूप में दाखिल याचिका को खारिज करते हुए कहा कि किसी विशेष कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु अनुशासनात्मक/नियुक्ति प्राधिकारी के खिलाफ निर्देश मांगने के उद्देश्य से जनहित याचिका दाखिल करना उचित नहीं है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सेवा मामलों में दाखिल जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं होती है। उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने मेरठ में एक अभ्यासरत अधिवक्ता चमन भारती द्वारा दाखिल जनहित याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याचिका में मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उनके कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी के खिलाफ अवैध और भ्रष्ट कामकाज के लिए तुरंत विभागीय जांच करने तथा सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की गई थी।

### इरफान सोलंकी के मामले में सरकार से जवाब-तलब

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की आपराधिक अपील पर गुरुवार को सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार को दो सप्ताह के अंदर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा नाम की एक महिला के घर पर कब्जा करने की मंशा से आगजनी और तोड़फोड़ करने के मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट, कानपुर ने विधायक सहित पांच लोगों को 7 साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी ने वर्तमान अपील दाखिल की। बता दें कि इरफान सोलंकी फिलहाल महाराजगंज जेल में बंद हैं। सजा के कारण उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई है। मामले की सुनवाई आगामी 8 अगस्त को सुनिश्चित की गई है।

# सेना से रिटायर 20 कर्मियों को मंदिर की व्यवस्था से जोड़ा

अयोध्या कार्यालय

- रामलला के आभूषणों की सुरक्षा में लगे तीन धर्मगुरु

**अमृत विचार :** राममंदिर के गर्भगृह में रामलला के अंग वस्त्र, उनके आभूषण और अन्य संपत्ति की रखवाली के लिए सेना से सेवानिवृत्त तीन धर्मगुरुओं को तैनात किया गया है। इसके साथ ही में दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था देखने के लिए सेना से सेवानिवृत्त 20 कर्मचारियों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने नियुक्त किया है। यह सभी जवान राम मंदिर और यात्री सुविधा केंद्र में अपनी सेवा दे रहे हैं।

राम जन्मभूमि पर भव्य दिव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। 22 जनवरी को भूतल पर विराजमान कराये जाने के बाद रामलला को सोने-चांदी जड़ित वस्त्र और आभूषण धारण कराए गए हैं। इसके साथ ही श्रद्धालु भी महंगे उपहार भेंट कर रहे हैं। इन सब की देखरेख और सुरक्षा के लिए अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने देश की रक्षा करने वाले सेना से सेवानिवृत्त 20 कर्मचारियों को मंदिर की व्यवस्था में शामिल किया है।

राम मंदिर के पुजारी अशोक उपाध्याय ने गुरुवार को बताया कि भक्तों के द्वारा जो भी सामान चढ़ाया जाता है। चाहे वह पूजन सामग्री हो या सोना-चांदी या फिर अन्य उपहार। इन सबका लेखा-जोखा तैयार करने की जिम्मेदारी भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई है। इसके साथ ही वीवीआईपी दर्शन की व्यवस्था बनाए जाने का कार्य भी सौंपा गया है। राम मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शन की व्यवस्था के लिए भी लगभग 10 रिटायर्ड जवान तैनात किए गए हैं और अन्य जवान यात्री सुविधा केंद्र में लगाए गए हैं।

## महंत पर जानलेवा हमले का आरोपी साधु गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** एसटीएफ और मुंबई पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को अयोध्या कोतवाली के परमहंस आश्रम के पास से एक साधुवेशधारी को गिरफ्तार किया है। उसकी मुंबई पुलिस को एक महंत पर जानलेवा हमले के मामले में तलाश थी। महाराष्ट्र के जिला बृहन मुंबई के थाना कुरार गांव स्थित तपोबल मंदिर के महंत माधवदास पर चाकू से जानलेवा हमला हुआ था। उनका अभी इलाज चल रहा है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी धर्मेश शाही ने बताया कि मुंबई पुलिस के उपनिरीक्षक अविनाश नालवड़े ने एसटीएफ से आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मदद मांगी थी। गोरखपुर इकाई के निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह की टीम ने मुंबई पुलिस के साथ आरोपी सूर्य नरायण दास निवासी छतमा बड़ागांव जिला गाजीपुर को अयोध्या कोतवाली के परमहंस आश्रम के पास से गिरफ्तार किया है।

# 2.50 करोड़ की ठगी में पूर्व विधायक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- राज इंफ्रा हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के एमडी ने फरवरी में दर्ज कराई थी एफआईआर

**अमृत विचार :** मलिहाबाद के पूर्व विधायक इंदल रावत पर गोमतीनगर थाने में ढाई करोड़ ठगी के मामले में गिरफ्तार कर लिए गए। गरुवार शाम को पुलिस ने उनको पूछताछ के बुलाया था। उनके खिलाफ राज इंफ्रा हाउसिंग प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक राजेश पांडेय ने कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज कराई थी। उनके खिलाफ जाली दस्तावेज तैयार करने, फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने और 2.52 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप है। इसके सारे साक्ष्य कंपनी के एमडी ने उपलब्ध कराए थे।



इंदल रावत।

राज इंफ्रा हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश पांडेय ने पूर्व विधायक पर गंभीर आरोप लगाते हुए फरवरी में एफआईआर दर्ज कराई थी। प्रबंध निदेशक ने आरोप लगाया है कि इंदल रावत ने फर्जी तरह से एक जमीन कंपनी के नाम पर ट्रांसफर की और इसके बदले में 2 करोड़ 52 लख रुपए वसूले। 49 लाख रुपए इंदल रावत को सबसे पहले खाते में दिए गए। दूसरी बार एक करोड़ 48 लाख रुपए अकाउंट में ट्रांसफर किए गए। वहीं 55 लाख रुपए इंदल रावत को नकद दिए थे। आरोप है कि पूर्व विधायक इंदल रावत ने बेहटा सबौली स्थित एक जमीन फर्जी तरीके से कंपनी के नाम पर बेची दी। वर्ष 2014 में पूर्व विधायक ने कंपनी से संपर्क किया और बताया कि एक जमीन उनके पास है आप इस पर एग्रीमेंट कर 6 मंजिला बिल्डिंग बनाइये। जिसके बाद कंपनी ने पूर्व विधायक के साथ एग्रीमेंट किया। एग्रीमेंट करने के बाद पूर्व विधायक को धनराशि दी गई। इसी बीच कंपनी को पता चला कि यह जमीन विधायक के नाम है ही नहीं। इसके बाद कंपनी ने विधायक से संपर्क कर समस्या बताई तो विधायक ने कहा कि कुछ समस्या के चलते जमीन उनके नाम पर ट्रांसफर नहीं हो पाई है, जल्द दस्तावेजों में सुधार कर लिया जाएगा। लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इसके बाद रुपये वापस मांगे। पूर्व विधायक ने रुपये वापस देने से इनकार कर दिया।

इस मामले में देर शाम को पूर्व विधायक इंदल रावत को पुलिस ने गोमतीनगर थाने बुलाया। जहां करीब दो घंटे तक पूछताछ की गई। देर शाम को पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# गर्भावस्था जारी रखने या गर्भपात के निर्णय में पीड़िता की सहमति सर्वोच्च

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 15 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता द्वारा गर्भावस्था जारी रखने या गर्भपात कराने के मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी देते हुए कहा कि गर्भावस्था को समाप्त करने या न करने का निर्णय किसी और को नहीं बल्कि खुद महिला को लेना चाहिए। यह मुख्य रूप से शारीरिक स्वायत्तता के स्वीकृत विचार पर आधारित है। यहां उसकी सहमति सर्वोच्च है।

यहां तक कि अगर वह गर्भावस्था को समाप्त करने और बच्चे को गोद देने का फैसला करती है तो भी राज्य का यह कर्तव्य है कि वह यह सुनिश्चित करें कि यह काम यथासंभव निजी तौर पर किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इस देश का नागरिक होने के नाते बच्चे को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों से वंचित ना किया जाए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी.सराफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने पीड़िता और उसके माता-पिता को 32 सप्ताह के गर्भ के चिकित्सीय समाप्ति से जुड़े जोखिमों के बारे में परामर्श देने के बाद गर्भावस्था जारी रखने की अनुमति देते हुए पारित किया।



- यह एक गंभीर और नाजुक मुद्दा: इलाहाबाद हाईकोर्ट

अल्ट्रासोनोग्राफी से गर्भावस्था के उन्नत चरण का पता चलने के बाद याची ने गर्भपात कराने के लिए अनुमति मांगते हुए याचिका दाखिल की थी। दरअसल याची के मामा द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी की जांच में पाया गया कि पीड़िता के साथ यौन संबंध बनाए गए थे। इसके बाद आईपीसी और पाक्सो अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। कोर्ट ने गर्भावस्था समाप्ति की व्यवहार्यता और सलाह का मूल्यांकन करने के लिए प्रसूति एवं स्त्री रोग, एनेस्थीसिया और रेडियो डायग्नोसिस सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाई, जिसकी रिपोर्ट के अनुसार गर्भावस्था के उन्नत चरण में गर्भपात से पीड़िता के जीवन को खतरा हो सकता था।

कोर्ट ने माना कि गर्भावस्था को समाप्त करने का विकल्प एक गंभीर और नाजुक मुद्दा है, जिसे देखभाल और मानवीय ढंग से निस्तारित किया जाना चाहिए। कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए इस बात पर जोर दिया कि राज्य उन पीड़ितों के खर्च को वहन करेगा जो जोखिम के कारण गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए तैयार नहीं है। अंत में कोर्ट ने केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह गोद लेने की प्रक्रिया को सुगम और त्वरित बनाने के लिए लागू कानून के प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही करें।

# बिजली दरों पर पावर कॉरपोरेशन के पत्र पर शुरू हुआ विवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नई बिजली दरों पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की ओर से राज्य विद्युत नियामक आयोग को पत्र लिखे जाने पर गुरुवार को विवाद शुरू हो गया। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस पर सख्त आपत्ति करते हुए कार्रवाई की मांग की।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने अनुसार कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य की ओर से आयोग को पत्र लिखा गया है, जिसमें नई बिजली दरें शीघ्र घोषित किये जाने की मांग की गई है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि आयोग बिजली दरें निर्धारण प्रक्रिया में है। इसको लेकर आयोग की संवैधानिक कमेटी की बैठक होनी है, इसके बाद आयोग दरें निर्धारित करेगा। उन्होंने कहा कि विद्युत अधिनियम 2003 व मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2019 में



- उपभोक्ता परिषद ने कहा, आयोग को निर्देश नहीं दे सकता कॉरपोरेशन

स्पष्ट प्रावधान है कि वार्षिक राजस्व आवश्यकता संबंधी याचिका स्वीकार करने के 120 दिन के अंदर जनता व हित धारकों से प्राप्त सुझाव व आपत्तियों को विचार करने के बाद आयोग टैरिफ आदेश जारी करेगा। परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन लाइसेंसी संस्था है, उसे आयोग को दरें घोषित करने सम्बंधी पत्र लिखने का कोई अधिकार नहीं है। केवल सरकार इस पर पत्र लिख सकती है। नियामक आयोग एक अर्ध न्यायिक स्वतंत्र संस्था है। आयोग के साथ इस प्रकार का पत्राचार संवैधानिक अधिकारों का हनन है।

## वर्ग पहेली-142

**बाएं से दाएं**

2. 1. अलक्ष्य, जो दिखायी न पड़े, अदृश्य 2. अगोचर, इंद्रियातीत।
3. 1. ऐसी शर्त जिससे किसी काम में बाधा या अड़चन पैदा हो, अड़ंगा, प्रतिबंध, रोक 2. झंझट, झगड़ा, विवाद फ़साद 3. दोष, ऐब।
4. एक प्रसिद्ध नीला खनिज पदार्थ जिसका महीन चूर्ण आंखों में अंजन की तरह लगाते हैं, काजल, अंजन।
5. 1. सूर्य 2. बारह आदित्यों में से एक 3. एक वैदिक देवता।
8. 1. घर-गृहस्थी का सामान 2. उड़द की दाल 3. मूंग।
9. 1. पहुंच 2. बुद्धि आदि से कहीं तक पहुंच सकने की शक्ति।
10. जिसमें कोई गुण न हो, गुणरहित, गुणहीन।

**ऊपर से नीचे**

1. दबाना, चापना।
2. ईश्वर, भगवान।
4. 1. अतिशय सुंदरता, परम शोभा 2. प्राकृतिक सौंदर्य 3. नैसर्गिक शोभा या सुंदरता 4. एक प्रकार का वर्णवृत्त 5. (पुराण) कालचक्र का एक आरा।
6. पशुओं के अगले या पिछले पैर बांधने की रस्सी जिससे वे दौड़ नहीं पाते।
7. राजा।



### वर्ग पहेली -141 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 डि | 2 ज़ा | इ | 3 न | दा | 4 र |
| ■ | त | ■ | ग | ■ | शी |
| 5 वी | ■ | 6 ना | री | वा | द |
| 7 र | ई | ■ | क | ■ | ■ |
| सू | ■ | 8 ग | र | री | ■ |
| ■ | 9 पा | र | ण | ■ | 10 दि |
| ■ | ■ | चे | ■ | 11 ख़ | त |

## सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | 1 | | | |
| 2 | | 1 | | 4 | | | 7 | |
| 3 | 7 | | 6 | | | 8 | | |
| | | 7 | 4 | | 8 | | 2 | |
| 8 | | 6 | | | | 1 | | 4 |
| | 3 | | 5 | | 9 | 6 | | |
| | | 8 | | | 7 | | 1 | 3 |
| | 4 | | | 2 | | 7 | | 8 |
| | | | 8 | | | | | 5 |

### सुडोकू -54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 9 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 8 | 6 | 2 | 3 | 7 | 1 | 5 | 9 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 8 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 23 .30 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 14 .30 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** — आज माता की सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी होगी। वैवाहिक जीवन में अनबन हो सकती है। आपको स्वार्थी होने से बचना चाहिए। विधिक मामले लंबित हो सकते हैं। कुछ लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं।

**वृष** — आज व्यापार के नए अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। परिवार का माहौल सुकून भरा होगा। संतान की प्रगति से आपका मन प्रसन्न होगा। कारोबार में बदलाव का विचार बना सकते हैं। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित रहेगा।

**मिथुन** — आज भाग्य का भरपूर सहयोग आपको प्राप्त होगा। अपने स्वभाव में विनम्रता का भाव हमेशा रखें। नजदीकी मित्रों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। व्यापार में नई गतिविधियों को शुरू करने के लिए उपयुक्त समय है।

**कर्क** — आज आपकी वाक्शैली के लोग कायल रहेंगे। उच्च शिक्षा के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र को लेकर कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं। नौकरी में स्थान परिवर्तन के भी संकेत बन रहे हैं।

**सिंह** — आज जीवनसाथी की सलाह से आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। प्रतिद्वंदियों पर आप भारी पड़ेंगे। अपनी योग्यता को लेकर अहंकार का भाव न रखें। आप अपने निजी जीवन में दूसरे व्यक्तियों के हस्तक्षेप से नाराज हो सकते हैं।

**कन्या** — आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। गूढ़ विद्याओं के प्रति आप रुचि लेंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ने की संभावना बन रही है। अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव कर सकते हैं।

**तुला** — आज कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। आपको किसी यात्रा में जाना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। पति-पत्नी के मध्य भावनात्मक संबंध मजबूत होंगे। आय के नए मार्ग खुल सकते हैं। पहले की हुई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति की चर्चा कर सकते हैं। अनावश्यक खर्चों में कमी लाने का प्रयास करें। सरकारी कार्यों में आपको जबरदस्त लाभ मिल सकता है। किसी सामाजिक समारोह का आयोजन कर सकते हैं।

**धनु** — आज छात्रों का मनोबल बढ़ेगा। व्यवसाय में नया लक्ष्य निर्धारित करने के योग बन रहे हैं। होटल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। बेरोजगार लोगों को अपने भविष्य की चिंता रहेगी। परिवार के साथ घूमने जा सकते हैं।

**मकर** — आज धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आकस्मिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। जल्दबाजी के बजाय गंभीरता से सोच-समझकर ही निर्णय लें। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। भोग-विलास में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज विद्यार्थी नए विषयों के अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। परिवार के लोगों के कारण थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। सहकर्मी पीठ पीछे आपकी चुगली कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में तनाव से बचने के लिए आपसी संवाद अच्छा रखें।

**मीन** — आज आय के नए स्तोत्र विकसित हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में सम्मिलित होने के कारण आपका वर्चस्व बढ़ेगा। कारोबार में उत्तम लाभ के योग बन रहे हैं। नई नौकरी के लिए प्रयास कर रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
मि. नटवरलाल — सुबह : 10 .02
कोहराम — रात : 07 .00

**&pictures**
सूर्या एस 3 — सुबह : 10 .46
इंडियन लॉकडाउन — रात : 08 .00

**SONY PIX**
द वॉटर हॉर्स — सुबह : 11 .45
300 — शाम : 07 .12

**ZEE CINEMA**
गदर — दोपहर : 12 .52
स्पाइडर — रात : 08 .00

**colors CINEPLEX**
गोपीचंद चाणक्य — सुबह : 10 .09
डेंजरस खिलाड़ी 3 — शाम : 05 .27

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

वकील- माई लार्ड, कानून की किताब के पेज नंबर 15 के अनुसार मेरे मुवक्किल को बा-इज्जत बरी किया जाए।
जज- किताब पेश की जाए।
किताब जज के सामने पेश की गई।
जज ने पेज नंबर 15 खोला, उसमें 2000 के पांच नोट थे।
जज ने मुस्कुरा कर कहा- इस तरह के 2 सबूत और पेश किए जाएं।

सब्जी वाला - भैया, मैडम जी अंग्रेजी मीडियम से पढ़ी हैं क्या?
पति- आश्चर्यचकित होते हुए - हां लेकिन तुम्हें कैसे पता?
सब्जी वाला- क्योंकि मैडम टमाटर नीचे और कद्दू उसके ऊपर रख रही हैं।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2075, राज श्री 14390, फॉर्चुन कि. 1760, रविन्द्र 1975, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1525, सचिन 1510, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045 । किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19200, जीरा 32500, लाल मिर्च 19500–25000, धनिया 9000–11000, अजवायन 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकिलो) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 । चावल – (प्रति कु) डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन ___ मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7575–7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200–10900, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, चना काला 7800, दाल चना 8350, लाल हिंदुस्तान 8450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8400, डबरा 9800–11700, सच्चा हीरा 11900, मोटा हीरा 13800, अरहर गोला मोटा 15300, अरहर पटका मोटा 16000, अरहर कोरा मोटा 16300, अरहर पटका छोटा 16000–16200, अरहर कोरी छोटी 17000 । चीनी –डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

# शेयर बाजार में पांचवें दिन भी गिरावट

## धातु, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 109.08 टूटा

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में नरमी के रुख के बीच धातु, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से स्थानीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। बजट में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और अल्पावधि के पूंजीगत लाभ पर कर बढ़ाने की घोषणा के बाद से निवेशक अपना रुपया निकाल रहे हैं। बड़े पैमाने पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने निकासी की है। पिछले कुछ सत्रों की तरह गुरुवार को भी बाजार में काफी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही।

बीएसई का सेंसेक्स 109.08 अंक यानी 0.14% की गिरावट के साथ 80,039.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 671 अंक तक लुढ़कते हुए 79,477.83 अंक पर आ गया था। लेकिन टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में तेजी ने गिरावट को थाम लिया। एनएसई का निफ्टी भी 7.40 अंक यानी 0.03% गिरकर 24,406.10 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान यह 202.7 अंक गिरकर 24,210.80 अंक पर आ गया था। इन पांच सत्रों में सेंसेक्स में कुल 1,303.66 अंक यानी 1.60% और निफ्टी में 394.75 अंक यानी 1.59% की गिरावट आई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि बाजार शुरुआत में अमेरिकी बाजार में गिरावट के असर में रहा लेकिन आखिर तक इसने नुकसान की भरपाई की। इसके पीछ तेल एवं गैस, वाहन शेयरों में लिवाली की भूमिका रही।

एक्सिस बैंक के शेयरों में 5% से अधिक की गिरावट आई। एक्सिस बैंक के तिमाही के नतीजे निवेशकों को खुश करने में नाकाम रहे। नेस्ले, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। टाटा मोटर्स में 6% की बढ़त रही। लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस और पावर ग्रिड के शेयर भी बढ़त में रहे।



- पांच सत्रों में सेंसेक्स में 1.60% और निफ्टी 1.59% गिरा

### मिडकैप और स्मॉल कैप में भी आई गिरावट

बीएसई मिडकैप में 0.22% और स्मॉलकैप में 0.14% की गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि उतार-चढ़ाव भरे सत्र के अंत में बाजार कमोबेश स्थिर स्तर पर बंद हुए। बजट में खपत को बढ़ावा देने और ऊर्जा बदलाव की दिशा में प्रयासों से इस खंड को लेकर सकारात्मक धारणा देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। एफआईआई ने बुधवार को 5,130.90 करोड़ मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

## आईडीबीआई के संभावित निवेशकों को सुरक्षा मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक में निवेश की मंशा जताने वालों को गृह मंत्रालय से जरूरी सुरक्षा मंजूरी मिल गई है और जल्द ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से भी मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

- आरबीआई से हरी झंडी जल्द मिलने की उम्मीद

सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी के साथ मिलकर आईडीबीआई बैंक में करीब 61% हिस्सेदारी को बेचने की तैयारी में है। केंद्र सरकार की 30.48% और एलआईसी की 30.24% हिस्सेदारी को बेचा जाएगा। जनवरी 2023 में निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग ने कहा था कि उसे आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी की खरीद के लिए कई रुचि पत्र मिले हैं। गृह मंत्रालय से सुरक्षा और आरबीआई से उचित मानदंडों को पूरा करने की मंजूरी लेनी होगी।

# आयकर कानून का मसौदा तैयार करेगा कर विभाग

नई दिल्ली, एजेंसी



संजय मल्होत्रा

- राजस्व सचिव बोले- विधेयक को अंतिम रूप देने से पहले हितधारकों से लेंगे परामर्श

राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने गुरुवार को कहा कि बजट में प्रस्तावित नए सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभाग की आंतरिक समिति द्वारा तैयार किया जाएगा। विधेयक को अंतिम रूप देने से पहले हितधारकों से परामर्श लिया जाएगा। यह प्रक्रिया नई प्रत्यक्ष कर संहिता लाने से जुड़ी नहीं बल्कि आयकर कानून की व्यापक समीक्षा से जुड़ी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट में घोषणा की थी कि आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा छह महीने में पूरी कर ली जाएगी। इसका मकसद अधिनियम को संक्षिप्त, सुस्पष्ट, पढ़ने और समझने में आसान बनाना है। इससे विवाद कम होंगे, जिससे करदाताओं को कर निश्चितता मिलेगी।

मल्होत्रा ने कहा कि यह कोई नई प्रत्यक्ष कर संहिता नहीं है... यह एक व्यापक समीक्षा है। उन्होंने कहा कि समीक्षा के बाद सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभागों की एक आंतरिक समिति की ओर से तैयार किया जाएगा। उद्योग निकाय फिक्की के साथ एक परिचर्चा सत्र में मल्होत्रा ने कहा कि हम एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहेंगे पहला मसौदा एक आंतरिक दल की ओर से तैयार किया जाएगा। फिर हम देखेंगे कि इसे हितधारकों के परामर्श के साथ आगे कैसे बढ़ना है।

# अनचाहे कॉल, संदेशों पर रोक के लिए दें टिप्पणियां

नई दिल्ली, एजेंसी

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने प्रचार-प्रसार संबंधी कॉल और एसएमएस जैसे अनचाहे एवं अवांछित कारोबारी संचार पर लगाम लगाने के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित की आखिरी तारीख बढ़ाकर गुरुवार को आठ अगस्त कर दी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न महासंघों, संघों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों के मद्देनजर तारीख बढ़ाई है। इस पहले टिप्पणियां प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख 21 जुलाई थी।

मंत्रालय ने कहा कि उसे विभिन्न सुझाव तथा टिप्पणियां मिले हैं, जिन पर गौर किया जा रहा है। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और नियामकों सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद तैयार किए गए निर्देशों में व्यक्तिगत संचार को नहीं रखा गया है। इसमें कारोबारी संचार को प्रचार तथा सेवा संदेशों जैसी वस्तुओं या सेवाओं से संबंधित किसी भी संचार के रूप में परिभाषित किया गया है। ये निर्देश कारोबारी संचार से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं पर लागू होंगे। मसौदे के मुताबिक, व्यक्ति की रजामंदी या पंजीकृत प्राथमिकताओं का ध्यान न रखने वाला कारोबारी संचार अनचाहे और अवांछित के रूप में वर्गीकृत हुआ है। अपंजीकृत नंबर या एसएमएस हेडर का उपयोग करना, कॉल न आने का विकल्प चुनने के बावजूद कॉल करना, डिजिटल सहमति न लेना, कॉल करने वाले और उद्देश्य की पहचान न करना और सहमति बंद करने का विकल्प न देने जैसी स्थितियां भी अनचाही और अवांछित कारोबारी संचार की श्रेणी में रखी जाएंगी।




- उपभोक्ता मंत्रालय ने महासंघों, संघों और हितधारकों के अनुरोधों पर तिथि बढ़ाई की आठ अगस्त

# भारतीय वित्तीय प्रणाली पहले से अधिक मजबूत: डिप्टी गवर्नर

मुंबई, एजेंसी



आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने कहा है कि भारतीय वित्तीय प्रणाली पहले से अधिक मजबूत है और अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद दूसरों से अलग है। राव ने कहा कि भारत ने 2024 में जी20 सदस्यों के बीच उच्चतम जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक स्कोर हासिल किया है, जो इस दिशा में अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

राव ने कहा कि वैश्विक वित्तीय प्रणाली को विभिन्न क्षेत्रों से कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें सार्वजनिक ऋण का उच्चस्तर, परिसंपत्तियों का उच्च मूल्यांकन, आर्थिक एवं वित्तीय विखंडन, भू-राजनीतिक तनाव और बढ़ते साइबर खतरों से उत्पन्न होने वाले जोखिम शामिल हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था कि इन वैश्विक चुनौतियों के बीच, भारतीय अर्थव्यवस्था एक अलग पहचान रखती है, जो वृहद-आर्थिक बुनियादी बिंदुओं को दर्शाती है। आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं, जिसे एक वित्तीय प्रणाली का समर्थन प्राप्त है जो पहले की तुलना में अधिक मजबूत दिखाई देती है।

# सोना 1,000 रुपये टूटा और चांदी 3,500 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट से आभूषण विक्रेताओं की भारी बिकवाली के बीच गुरुवार को सोने का भाव 1,000 रुपये लुढ़ककर 70,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि पिछले कारोबारी सत्र में बुधवार को सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

लगातार तीसरे दिन सोने में गिरावट जारी रही और 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,000-1,000 रुपये घटकर क्रमशः 70,650 और 70,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी का भाव भी 3,500 रुपये की गिरावट के साथ 84,000 रुपये प्रति किलो रह गया। कारोबारी सत्र में चांदी 87,500 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। तीन सत्रों में सोने की कीमत में 5,000 रुपये की गिरावट आई है। 23 जुलाई को सोने की कीमत 3,350 रुपये घटकर 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई थी, जो सबसे बड़ी गिरावट है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### जम्मू में 300 से ज्यादा बंदूक के लाइसेंस बरामद

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को जम्मू के सतवारी इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत से बंदूकों के 300 से ज्यादा लाइसेंस बरामद किये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माणाधीन इमारत से बंदूकों के 300 से अधिक लाइसेंस मिले हैं। इन दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है और जांच की जा रही है कि क्या वे फर्जी हैं, समाप्त हो चुके हैं या मान्य दस्तावेज हैं। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।

### जमानत के लिए विभव कुमार जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में जमानत के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार कुमार ने 19 जुलाई को जमानत याचिका दायर की थी और 24 जुलाई को इसे पंजीकृत किया गया। विभव ने मामले में जमानत देने से इनकार करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 12 जुलाई के आदेश को चुनौती दी है और दावा किया है कि उनके खिलाफ आरोप झूठे हैं।

### अभिनेत्री के विरुद्ध ड्रग्स मामला हो सकता है खत्म

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने 2016 के ड्रग्स मामले में अभिनेत्री ममता कुलकर्णी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को सबूतों की कमी का हवाला देते हुए रद करने का संकेत दिया है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने अभी विस्तृत आदेश जारी नहीं किया है लेकिन संकेत दिया है कि अभिनेत्री की याचिका को खारिज करने की अनुमति दी जा सकती है। अभिनेत्री ने दावा किया कि उन्हें ड्रग घोटाले में बलि का बकरा बनाया गया है जिसका पर्दाफाश ठाणे पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स सेल ने 12 अप्रैल 2016 को किया था और जिसमें 80 लाख रुपये की ड्रग्स जब्त की गई थी।

### हरियाणा में चिकित्सकों की हड़ताल, सेवाएं ठप

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी चिकित्सकों ने मांगें पूरी न होने के विरोध में गुरुवार को हड़ताल शुरू कर दी जिससे सरकारी अस्पतालों में सेवाएं ठप रहीं। हरियाणा सिविल चिकित्सा सेवाएं संगठन के नेतृत्व में चिकित्सक हड़ताल कर रहे हैं। यह संगठन राज्य के सरकारी चिकित्सकों का प्रतिनिधित्व करता है। ये चिकित्सक विशेषज्ञ कैडर का गठन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों की सीधी भर्ती नहीं, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए बांड राशि कम करने आदि मांग कर रहे हैं।

# महाराष्ट्र: बारिश से 15 की मौत, सेना तैनात

## मुख्यमंत्री शिंदे ने दिए बचाव कार्य करने निर्देश, उपमुख्यमंत्री पवार ने क्षेत्र का किया दौरा

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में 24 घंटों के दौरान पुणे, मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश से हुए हादसों में 15 लोगों की जान चली गई। बचाव अभियान में नागरिक एजेंसियों की सेना मदद कर रही है।

पुणे बाढ़ से डूब गए हैं। बाढ़ में फंसे लोगों की मदद के लिए नावें तैनात हैं और स्कूल बंद कर दिए गए हैं। बचाव कार्य में फायर ब्रिगेड, पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें लगी हैं। पुणे में, भिड़े ब्रिज, होलकर ब्रिज, संगम ब्रिज और गरवारे कॉलेज के पास खिल्लरे कॉम्प्लेक्स, पीएमसी कार्यालय के प्रमुख मार्ग बंद हैं, क्योंकि नदियां उफान पर है। अन्य जगहों पर खंडाला-लोनावाला, पिंपरी-चिंचवाड़, मुलशी, खेड़, भोर, मावल, हवेली, बारामती और अन्य स्थानों के जुड़वां हिल-स्टेशनों के साथ फैशनेबल और लवासा शहर में 24 घंटों में 300 मिमी से अधिक बारिश हुई। वहीं मुंबई में भी बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया है, जिससे यातायात और लोकल ट्रेन सेवा प्रभावित है। बृहन्मुंबई महानगर पालिका ने विद्यालयों के अवकाश घोषित किए।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि जरूरत पड़ी तो पुणे में बारिश से प्रभावित लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जाए। उन्होंने पुणे के जिलाधिकारी और नगर निकाय प्रमुखों से बात की है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया।



महाराष्ट्र के पुणे शहर में भरा बारिश का पानी। ● एजेंसी

### कुल्लू में बाढ़ से 4 परिवार बेघर, एनएच-3 बंद

**शिमला/मनाली।** हिमाचल के कुल्लू जिले में बादल फटने से आई बाढ़ में तीन घर बहने और एक क्षतिग्रस्त होने से 4 परिवार बेघर हो गए हैं। मनाली एसडीएम रमन शर्मा ने बताया कि चारों परिवारों को 15-15 हजार की वित्तीय सहायता दी है। बादल फटने से मनाली को लेह से जोड़ने वाले एनएच-3 पर धुंडी और पलचान पुल के बीच के हिस्से को बंद किया गया है।

# बिहार विधानसभा में हंगामा, विपक्ष ने नीतीश सरकार में जताया अविश्वास

पटना, एजेंसी

बिहार विधानसभा में उस समय हंगामा होने लगा जब विपक्षी सदस्यों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली सत्तारूढ़ सरकार में अविश्वास व्यक्त करते हुए सदन के बीचों-बीच समानांतर कार्यवाही संचालित करने का प्रयास किया।

एक दिन पहले सदन में महिला विधायकों के प्रति मुख्यमंत्री के व्यवहार तथा राजग सरकार के खिलाफ मार्च निकाल रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को विपक्षी महिला विधायक काली पट्टी बांधे थीं। विपक्षी सदस्य हंगाम कर रहे थे। अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने प्रश्नकाल चलाने का फैसला किया। उन्होंने फर्नीचर को पलटने की कोशिश कर रहे विपक्षी नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि आपके कृत्यों से कोई घायल होता है, तो मैं कार्रवाई के लिए बाध्य हो जाऊंगा। प्रश्नकाल समाप्त होने तक विपक्षी विधायक सदन में डटे रहे लेकिन बाद में उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी आवाज नहीं सुनी जा रही है और वह सदन से बहिर्गमन कर गये।

विपक्षी सदस्यों की अनुपस्थिति के बीच शून्यकाल के संचालन के बाद अध्यक्ष ने कार्यवाही स्थगित कर दी। ऊपरी सदन में भी महिला विधायकों के प्रति मुख्यमंत्री के व्यवहार का मुद्दा विपक्षी सदस्यों ने उठाया, जिससे कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद सभापति अवधेश कुमार सिंह को विधान परिषद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। प्रतिपक्ष की नेता राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री और मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश कुमार का आरोप है कि विपक्ष की महिला विधायकों को कुछ भी पता नहीं है या वे कुछ भी नहीं समझती हैं।



- समानांतर कार्यवाही के संचालन व फर्नीचर पलटने की कोशिश
- अध्यक्ष ने चेताया- कोई घायल हुआ तो कार्रवाई को होंगे बाध्य

## यूपीएससी, एसएसी परीक्षाओं में पेपर लीक की सूचना नहीं : जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** दो वर्षों के दौरान संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) की ओर से आयोजित भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने की कोई घटना सामने नहीं आई है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि हाल में एनटीए ने पांच मई 2024 को ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में नीट (यूजी) परीक्षा आयोजित की। कथित अनियमितताओं के मामले सामने आए। मामले को 22 जून को जांच सीबीआई को सौंपा गया था। दो वर्षों में संघ लोक सेवा, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान की ओर से आयोजित परीक्षाओं में पेपर लीक की सूचना नहीं है।

# श्लोक पढ़ने से रोकने के आरोप में प्रधानाचार्य के खिलाफ केस

गुना, एजेंसी

मध्य प्रदेश के गुना में निजी स्कूल की प्रधानाचार्य के खिलाफ विद्यार्थियों को श्लोक पढ़ने से रोकने के आरोप में मामला दर्ज हुआ है। प्रधानाचार्य ने इस मामले में माफी मांग ली है।

15 जुलाई को वंदना कॉन्वेंट स्कूल में सुबह की सभा में तीन विद्यार्थियों ने सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया का पाठ किया। आरोप है कि प्रधानाचार्य सिस्टर कैथरीन ने उनसे माइक छीना और कहा कि स्कूल में ऐसे श्लोक बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। दो दिन बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्कूल में हंगामा किया, जिस पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। परिषद ने प्रधानाचार्य पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस के आग्रह पर सिस्टर वहां पहुंचीं और माफी मांगीं। प्रधानाचार्य ने कहा कि वह दिन अंग्रेजी के लिए आरक्षित था और इसीलिए रोका गया। वह सभी धर्मों का सम्मान करती हैं और अगर उन्होंने किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है तो उन्हें खेद है।

- निजी स्कूल की प्रधानाचार्य ने इस मामले में मांगी माफी

## नासिक पुलिस ने मृत शिवसेना नेता के खिलाफ मामला किया दर्ज

**नासिक।** नासिक पुलिस ने दो दिन पहले हुए आंदोलन में हिस्सा लेने के आरोप में मृत नेता शोभा मगर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला की नवंबर 2023 में मौत हो चुकी है। मंगलवार को मुंबई-आगरा मार्ग पर घोटी टोल प्लाजा पर प्रदर्शन में शिवसेना (यूबीटी) की पूर्व विधायक निर्मला गावित सहित 24 के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। शिवसेना की पूर्व जिला संयोजक शोभा का भी नाम इसमें है। इस चूक पर अधिकारी ने बताया कि कुछ महिलाएं प्रदर्शन में थीं, पुलिस को लगा कि शोभा उनमें से एक हैं। उनका नाम हटा दिया गया है।

# उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहें जवान : द्विवेदी

श्रीनगर, एजेंसी

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को एलओसी पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात जवानों से उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहने का आह्वान किया। सेना प्रमुख (सीओएएस) का पदभार संभालने के बाद उन्होंने अपनी पहली कश्मीर यात्रा में उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के अग्रिम इलाकों का दौरा किया।

उन्होंने क्षेत्र में हमलों में वृद्धि के बीच सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने एक्स पर पोस्ट किया कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी सीओएएस ने चिनार कॉर्प्स के अग्रिम ठिकानों का दौरा किया और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कमांडरों और सैनिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने पेशेवरता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए सभी रैंकों की सराहना की। उन्हें उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहने के लिए प्रेरित किया।



- एलओसी पर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा, पद संभालने के बाद पहला कुपवाड़ा के अग्रिम इलाकों का दौरा

# ऑस्कर नामित फिल्म में दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर होने पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को फिल्म निर्माता निशा पाहुजा और नेटफ्लिक्स पर कार्रवाई का अनुरोध करने वाली उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा, जिसमें कानून का उल्लंघन करते हुए सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग की पहचान उजागर करने का आरोप है।

झारखंड के गांव को केंद्र में रख कर बनाई टू किल ए टाइगर एक ऐसे व्यक्ति की पीड़ा बयान करती है जो अपनी 13 वर्षीय बेटी के लिए न्याय की लड़ाई लड़ता है। उसकी बेटी का तीन लोगों ने यौन उत्पीड़न किया था। इस साल 96वें अकादमी पुरस्कारों में फिल्म को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फीचर श्रेणी में नामित किया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की पीठ ने तुलिर चैरिटेबल ट्रस्ट की याचिका पर केंद्र के साथ एमी पुरस्कार के लिए नामित हो चुकीं फिल्म निर्माता पाहुजा और फिल्म को स्ट्रीम करने वाले ओटीटी प्लेटफॉर्म को नोटिस जारी किया है। पीठ में न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला भी शामिल थे। पीठ ने यह देखते हुए इस स्तर पर फिल्म की वर्तमान स्वरूप में स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया कि यह मार्च से ही यहां जनता के लिए उपलब्ध है।

- दिल्ली हाईकोर्ट से फिल्म निर्माता निशा पाहुजा और नेटफ्लिक्स पर कार्रवाई का अनुरोध

## नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी 3 साल बाद गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में 12 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को तीन साल बाद गिरफ्तार किया गया। ईटानगर के एसपी रोहित राजबीर सिंह के अनुसार, आरोपी निताई रॉय को 2021 में राजीव गांधी विश्वविद्यालय परिसर स्थित लेबर कॉलोनी में नाबालिग से बलात्कार करने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ महिला थाने में मामला दर्ज हुआ था।

# नीट-यूजी : ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य उप-प्रधानाचार्य व सूत्रधार में साठगांठ

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक के सूत्रधार पंकज कुमार ने हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाधार्य के साथ सांठगांठ कर पांच मई को परीक्षा शुरू होने से कुछ घंटे पहले प्रश्नपत्र हासिल किया और उसे हल कर उन उम्मीदवारों को भेजा जिन्होंने पैसे दिए थे। सीबीआई ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सीबीआई ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक की गई जांच की जानकारी देते हुए बताया कि कुमार ने ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के जिला समन्वयक एहसानुल हक और उप-प्रधानाचार्य व केंद्र अधीक्षक इम्तियाज आलम के साथ सांठगांठ कर अपराध को अंजाम दिया। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीबीआई ने बताया कि वह पटना के छात्रावास से बरामद आधे जले कागजों के आधार पर केंद्र की पहचान कर सकती है। नीट यूजी 2024 प्रश्नपत्रों वाले बक्सों को स्कूल में लाया गया और पांच मई की सुबह नियंत्रण कक्ष में रखा गया। प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाचार्य ने सूत्रधार को कमरे में जाने की अनुमति दी। परीक्षा की सुबह हजारीबाग में एम्स पटना, रिम्स रांची और भरतपुर के मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के समूह ने प्रश्नपत्र हल किया।

- सीबीआई ने मामले में अब तक की गई जांच के अनुसार किया खुलासा



# पेरिस ओलंपिक 2024



**आज से शुरू होगा पेरिस ओलंपिक, हिस्सा लेंगे 117 खिलाड़ी, पिछले तोक्यो ओलंपिक में भारत ने जीते थे अब तक के सबसे ज्यादा सात पदक**

# खेलों के महाकुंभ में पदकों की दहाई का लक्ष्य

पेरिस, एजेंसी

मंच सज चुका है और दुनिया भर के खिलाड़ियों की तरह भारत के 117 खिलाड़ी भी शुक्रवार से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं जहां उनका लक्ष्य पदकों की संख्या को दोहरे अंक में पहुंचाना होगा।

भारत ने तोक्यो ओलंपिक में सात पदक जीते थे जो उसका ओलंपिक खेलों में अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है और भारतीय खिलाड़ी इसमें सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भले ही उन पर इसके लिए अपेक्षाओं का बोझ भी है लेकिन कुश्ती को छोड़कर किसी भी अन्य खेल के खिलाड़ी अपनी तैयारी को लेकर किसी तरह की शिकायत नहीं कर सकते हैं। खिलाड़ियों को चाहे विदेश में अभ्यास करवाना हो या उन्हें सर्वश्रेष्ठ सुविधा उपलब्ध करानी हो, किसी भी तरह से कोई कसर नहीं छोड़ी गई है और अब परिणाम देना खिलाड़ियों का काम है, लेकिन इस हकीकत से भी मुंह नहीं मोड़ा जा सकता है कि तोक्यो ओलंपिक के सात पदकों की संख्या की बराबरी करना भी आसान नहीं होगा क्योंकि भाला फेंक में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा को छोड़कर कोई भी अन्य खिलाड़ी पदक का प्रबल दावेदार नहीं है।

ट्रैक और फील्ड एथलीटों, विशेषकर अविनाश साबले ने हाल में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अपने वैश्विक प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में उनका प्रदर्शन उन्हें पदक के दावेदारों में शामिल करने के लिए पर्याप्त नहीं लगता है। स्टीपलचेजर साबले लगातार अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर कर रहे हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8:09.94 है, लेकिन सात अंतर्राष्ट्रीय धावक हैं जिन्होंने उनसे बेहतर समय निकाला है। ऐसे में उनका फाइनल में पहुंचना भी बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। भारत की पदक की उम्मीदें नीरज तथा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की फॉर्म में चल रही बैडमिंटन जोड़ी पर टिकी हैं। नीरज भले ही अभी तक 90 मीटर की दूरी तक भाला नहीं फेंक पाए हैं लेकिन उन्होंने निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया है।

इससे पहले पहलवान सुशील कुमार (2008 और 2012) तथा सिंधु (2016 और 2021) ही यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं। सात्विक और चिराग की जोड़ी जिस तरह से अच्छा प्रदर्शन कर रही है उसे देखते हुए वह निश्चित तौर पर पदक की प्रबल दावेदार है। हॉकी में भारत में पिछले ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीत कर 41 वर्ष के लंबे इंतजार को खत्म किया था लेकिन हाल में टीम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ मुश्किल ग्रुप में रखा गया है। ऐसे में टीम को छोटी गलती भी भारी पड़ सकती है।

निशानेबाजी में भारत के 21 खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिनमें मनु भाकर और सौरभ चौधरी भी शामिल हैं जिन्हें पदक का दावेदार माना जा रहा है। इनके अलावा सिफत कौर समारा (50 मीटर थ्री पोजिशन), संदीप सिंह (10 मीटर एयर राइफल) और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरुषों की 50 मीटर राइफल) ने भी निशानेबाजी में पदक का 12 साल का इंतजार खत्म करने का माद्दा दिखाया है। वर्तमान में भारतीय दल के प्रमुख गगन नारंग 2012 लंदन खेलों में 10 मीटर एयर राइफल कांस्य पदक जीतकर पोडियम पर पहुंचने वाले आखिरी भारतीय निशानेबाज थे। कुश्ती में भारत ने पिछले चार ओलंपिक खेलों में पदक जीता है लेकिन इस बार भारतीय कुश्ती महासंघ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के कारण खिलाड़ियों की तैयारी अनुकूल नहीं रही हैं। इसके बावजूद अंशु मलिक, अंतिम पंघाल और अमन सहरावत को भारत का सबसे अच्छा दावेदार माना जा रहा है।

### कई स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद तय

भारत के 117 सदस्यों के दल में तीन खेलों एथलेटिक्स (29), निशानेबाजी (21) और हॉकी (19) के आधे खिलाड़ी शामिल हैं। इन 69 खिलाड़ियों में से 40 खिलाड़ी पहली बार ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। अन्य खेलों में भी कमोबेश यही स्थिति है और इस तरह से देखा जाए तो भारत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी पदार्पण करने वाले खिलाड़ियों पर होगी। भारतीय दल में हालांकि कुछ अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्हें अपना खेल का स्तर बढ़ाना होगा। इन खिलाड़ियों में बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना, टेबल टेनिस के दिग्गज शरत कमल और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश भी शामिल हैं जो निश्चित तौर पर अपना अंतिम ओलंपिक खेल रहे हैं। हॉकी टीम की ओलंपिक खेलों से पहले फॉर्म बहुत अच्छी नहीं रही जबकि मुक्केबाजों और पहलवानों को प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने का कम मौका मिला। निशानेबाजों ने भी ओलंपिक से पहले मिश्रित परिणाम हासिल किए।





धीरज बोम्मादेवरा

# अंकिता और धीरज ने चलाए जीत के तीर

**महिला और पुरुष तीरंदाजी टीमें क्वार्टरफानइल में पहुंचीं**

पेरिस, एजेंसी

भारतीय तीरंदाजों की महिला और पुरुष टीम गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक 2024 के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है। आज यहां लेस इनवालिडेस गार्डेंस में क्वालिफिकेशन राउंड में भारतीय पुरुष टीम 2013 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही है। क्वार्टर फाइनल में भारत का मुकाबला तुर्की और कोलंबिया के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम से होगा।

पुरुष वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा पुरुष रैंकिंग राउंड में चौथे स्थान पर रहे। धीरज 681 अंक के साथ चौथे नंबर पर रहे। व्यक्तिगत स्पर्धा में उनका मुकाबला 61वें नंबर पर रहने वाले खिलाड़ी से होगा। इस मुकाबले में तरुणदीप राय 674 स्कोर के साथ 14वें स्थान पर रहे। उनका मुकाबला 51वें नंबर के तीरंदाज से होगा। प्रवीण रमेश जाधव 658 के स्कोर के साथ 39वें हासिल किया। उनका मुकाबला 26वें नंबर के खिलाड़ी से होगा। पुरुष तीरंदाजों ने 72 में से 36 तीर निशाने पर लगा दिए हैं। इस स्पर्धा में तरुणदीप राय 337 स्कोर के साथ 14वें स्थान पर हैं। उनका प्रदर्शन अब तक सबसे अच्छा रहा है। वहीं, धीरज 335 स्कोर के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अच्छी शुरुआत हुई, लेकिन वे इसे जारी नहीं रख पाये। प्रवीण जाधव 328 स्कोर के साथ 37वें स्थान पर हैं।



क्वालीफिकेशन में निशाने लगातीं अंकिता भकत (मध्य में) व अन्य खिलाड़ी।

महिलाओं की हुई व्यक्तिगत रैंकिंग राउंड में अंकिता 666 के अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 11वें स्थान हासिल किया, भजन 659 के स्कोर के साथ 22वें तथा दीपिका 658 के स्कोर के साथ 23वें स्थान पर रहीं। कोरिया की सिहयोन 694 के स्कोर के साथ पहले और सुहयोन नाम 688 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान हासिल किया तथा चीन की जियाओलेई यांग 673 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अंकिता भक्त, भजन कौर और दीपिका कुमारी ने टीम स्पर्धा में 1983 के स्कोर के साथ सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम रैंकिंग राउड में चौथे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम फ्रांस और नीदरलैंड के विजेता से खेलेगी। दक्षिण कोरिया 2046 के रिकॉर्ड स्कोर के साथ पहले स्थान पर, 1996 के स्कोर के साथ चीन दूसरे और 1986 के स्कोर के साथ मेक्सिको ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## स्पेन ने की जीत से शुरुआत, अर्जेंटीना पहला मैच हारा



मैच के बाद स्पेन के खिलाड़ी।

**पेरिस।** यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने उज्बेकिस्तान को 2-1 से हराकर ओलंपिक खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की लेकिन लियोनेल मेस्सी के बिना खेल रहे विश्व चैंपियन अर्जेंटीना को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। उज्बेकिस्तान ने स्पेन को कड़ी चुनौती दी और इसलिए दर्शकों का उन्हें भरपूर समर्थन भी मिला। पेरिस ओलंपिक खेलों का पहला गोल स्पेन के राइट बैक मार्क पबिल ने 29वें मिनट में किया। एल्डोर शोमुरोदोव ने पहले हाफ के आखिर में पेनल्टी के जरिए अपना 41वां अंर्राजष्ट्रीय गोल करके बराबरी की, जिसका उज्बेकिस्तान के प्रशंसकों ने जमकर जश्न मनाया। स्पेन की तरफ से सर्जियो गोमेज ने 62वें मिनट में निर्णायक गोल किया। इन खेलों में मेस्सी के बिना खेल रहे कोपा अमेरिका चैंपियन अर्जेंटीना को अपने पहले मैच में मोरक्को से 2-1 से हार झेलनी पड़ी। मोरक्को की तरफ से दोनों गोल स्ट्राइकर सौफियाने रहीमी ने किए। मोरक्को की जीत जब सुनिश्चित लग रही थी तब अर्जेंटीना की तरफ से दूसरे हाथ के इंजरी टाइम मे क्रिस्टियन मदीना ने बराबरी का गोल कर दिया। मोरक्को के प्रशंसक मैदान पर उतर आए जिससे खेल खत्म होने से कुछ समय पहले मैच स्थगित कर दिया गया। इसके बाद 2 घंटे तक खेल रुका रहा और जब खेल शुरू हुआ तो उससे कुछ देर पहले वीडियो प्रणाली से अर्जेंटीना का गोल ऑफ साइड होने के कारण अमान्य करार दे दिया गया। अन्य मैचों में इजरायल ने कड़ी सुरक्षा के बीच खेले गए मैच में माली को 1-1 से बराबरी पर रोका जबकि मेजबान फ्रांस ने अमेरिका को 3-1 से हराया।



## नागल के लिए मुश्किल ड्रा, फ्रांस की जोड़ी से भिड़ेंगे बोपन्ना-बालाजी



**पेरिस।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान फ्रांस के मोटेट कोरेंटिन के खिलाफ शुरू करेंगे जिसे वह अप्रैल में हरा चुके हैं और अगर वह पहले दौर का मुकाबला जीत जाते हैं तो उनका सामना ऑस्ट्रेलिया के छठे नंबर के एलेक्स डि मिनौर से हो सकता है। विश्व रैंकिंग में 80वें स्थान पर काबिज नागल का मोटेट के खिलाफ रिकॉर्ड 2-2 से बराबरी का है। मोटेट एटीपी एकल चार्ट में उनसे 12 पायदान ऊपर हैं। पहले दौर की बाधा पार करने के बाद नागल दूसरे दौर में विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे डि मिनौर से भिड़ सकते हैं। पुरुष युगल में रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी का सामना फ्रांस के फैबियन रेबॉल और एडोआर्ड रोजर वासेलिन की जोड़ी से होगा।

## एंडी मरे एकल से हटे, सिर्फ युगल में खेलेंगे

पेरिस। दो बार के ओलंपिक टेनिस स्वर्ण पदक विजेता एंडी मरे ने गुरुवार को पेरिस खेलों की एकल स्पर्धा से हटने का फैसला किया और वह डैन इवांस के साथ केवल युगल स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। ब्रिटेन के 37 साल के मरे ने कहा कि ये ओलंपिक उनके करियर का अंतिम टूर्नामेंट होंगे। उन्होंने इस महीने विंबलडन की एकल स्पर्धा से भी हटने का फैसला किया था और युगल स्पर्धा में भी अपने बड़े भाई जैमी के साथ एक ही मैच खेला था। मरे ने गुरुवार को कहा मैंने डैन के साथ युगल स्पर्धा पर ध्यान लगाने के लिए एकल से हटने का फैसला किया है। हमारा अभ्यास शानदार रहा है और हम एक दूसरे के साथ अच्छा खेल रहे हैं। मरे के हटने की घोषणा ओलंपिक टेनिस स्पर्धा के ड्रा से कुछ देर पहले ही हुई।



## कर्बर ओलंपिक के बाद संन्यास लेंगी

**पेरिस।** तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंजेलिक कर्बर ने गुरुवार के घोषणा की कि वह पेरिस ओलंपिक में खेलने के बाद संन्यास ले लेंगी। जर्मनी की इस 36 साल की खिलाड़ी ने रोलां गैरो में फ्रेंच ओपन को छोड़कर सभी ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं और वह लाल बजरी पर पेरिस ओलंपिक खेलने के बाद ही खेल को अलविदा कर देंगी। पेरिस ओलंपिक में वह शुरूआती दौर में जापान की चार बार की मेजर विजेता नाओमी ओसाका से भिड़ेगी। कर्बर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, ओलंपिक खेल शुरू होने से पहले मैं कह सकती हूं कि मैं कभी भी पेरिस 2024 को नहीं भूल पाऊंगी क्योंकि बतौर टेनिस खिलाड़ी ये मेरा अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट होगा। कर्बर ने 2016 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन जीता है जिसके बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थीं। दो साल बाद उन्होंने विंबलडन ग्रैंडस्लैम अपने नाम किया।

## हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं: हरमीत

**पेरिस।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी हरमीत देसाई का मानना है कि भारतीय पुरुष टीम के पास पेरिस ओलंपिक में किसी भी टीम को हराने का माद्दा है जिससे उसके पास सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का मौका है। पेरिस ओलंपिक शुक्रवार को उद्घाटन समारोह से शुक्रवार को शुरू होंगे। हरमीत ने अल्टीमेट टेबल टेनिस को दिए साक्षात्कार में कहा अगर हम किसी दिन लय में हैं तो मुझे लगता है कि हमारे पास किसी भी टीम को हराने का अच्छा मौका है। हम पहले भी दुनिया की शीर्ष टीम के खिलाफ जीत चुके हैं और इस बार संभव है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।



## उद्घाटन में हो सकती है बारिश

**पेरिस।** सीन नदी पर पेरिस ओलपिक के अनूठे उद्घाटन समारोह के दौरान मौसम की गाज गिर सकती है क्योंकि मौसम विभाग ने शुक्रवार को बारिश का अनुमान जताया है। फ्रांस के मौसम विभाग मेटियो फ्रांस ने शुक्रवार की सुबह बारिश की भविष्यवाणी की है। दोपहर को मौसम साफ रहेगा लेकिन शाम को बारिश हो सकती है जिस समय उद्घाटन समारोह होना है। बारिश होने पर भी उद्घाटन समारोह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा। आम तौर पर खिलाड़ी पारंपरिक रूप से स्टेडियम में मार्च करते हुए प्रवेश करते हैं लेकिन पेरिस ओलंपिक में 10,500 खिलाड़ी 90 से अधिक नावों पर सवार होकर सीन नदी पर छह किलोमीटर की परेड करेंगे। इस दौरान सीन नदी के किनारे सैकड़ों की संख्या में दर्शक उनकी हौसलाअफजाई के लिये मौजूद रहेंगे।

## दूसरे दौर में भिड़ सकते हैं जोकोविच और नडाल





**पेरिस।** शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच पेरिस ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल के दूसरे दौर में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी राफेल नडाल से भिड़ सकते हैं। गुरुवार को जारी किए गए ड्रॉ के अनुसार जोकोविच अपने अभियान की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के खिलाफ करेंगे जबकि नडाल का सामना मार्टन फुकसोविक्स से होगा। इन मैच में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी दूसरे दौर में एक दूसरे का सामना करेंगे। नडाल ने अपने 22 ग्रैंड स्लैम खिताब में से 14 खिताब फ्रेंच ओपन के रूप में जीते हैं। उन्होंने 2008 में बीजिंग में एकल जबकि 2016 में रियो में मार्क लोपेज के साथ मिलकर युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। फ्रेंच ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ का सामना पहले दौर में लेबनान के खिलाड़ी हैदी हबीब से होगा।

## प्रणव सूरमा ने विश्व रिकॉर्ड के साथ किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** प्रणव सूरमा ने दृढ़ संकल्प के साथ अपने शानदार कौशल का प्रदर्शन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए पेरिस पैरालिंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। बेंगलुरू में हाल ही में आयोजित ट्रायल में प्रणव ने एफ51 श्रेणी के क्लब थ्रो में 37.23 मीटर थ्रो फेंक यह उपलब्धि हासिल की, जो कि पिछले विश्व रिकॉर्ड 36.22 मीटर से एक मीटर से अधिक है।

इस उपलब्धि के बाद प्रणव ने कहा, मई में कोबे में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में पदक नहीं जीत पाना निराशाजनक था। मेरे कोच सिंह और मैंने कड़ी मेहनत की। पेरिस जाते समय इस प्रदर्शन ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया है। कोच नवल सिंह ने कहा प्रणव हमेशा से ही मेहनती रहा है, लेकिन कभी-कभी बाहर का शोर खिलाड़ी की एकाग्रता को तोड़ सकता है।

# हैट्रिक बनाने को तैयार हैं पीवी सिंधु

पेरिस, एजेंसी



- रियो में रजत और तोक्यो में कांस्य जीतने के बाद स्वर्ण की तैयारियों में जुटीं हैं भारतीय बैडमिंटन स्टार

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु लगातार तीसरे ओलंपिक खेलों में पदक जीतकर इतिहास रचने के लिए किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ रही हैं और उन्होंने अपना यह लक्ष्य हासिल करने के लिए पिछले कुछ महीनो में अलग-अलग तरीकों से कड़ा अभ्यास किया है।

सिंधु ने रियो ओलंपिक में रजत और तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। अगर वह पेरिस ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचने में सफल रहती है तो फिर वह पदकों की हैट्रिक पूरी करने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बन जाएंगी। सिंधु पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में नहीं चल रही है लेकिन उन्होंने कहा कि पिछले आठ महीने प्रकाश पादुकोण के साथ बिताने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वह लगातार तीसरा पदक जीतने के लिए तैयार है। सिंधु ने पोर्टे डे ला चैपल एरिना में अभ्यास सत्र के बाद कहा, निश्चित रूप से पदक जीतना मेरा लक्ष्य है। यह पहला हो या दूसरा या फिर तीसरा यह मायने नहीं रखता। मैंने दो पदक जीते हैं और मैं तीसरे पदक के बारे में सोच कर खुद पर दबाव नहीं बनना चाहती हूं। जब भी मैं ओलंपिक में भाग लेती हूं तो वह मेरे लिए नया ओलंपिक होता है। इसलिए मैं जब भी ओलंपिक में खेलने के लिए उतरती हूं तो मेरा लक्ष्य पदक जीतना होता है। उम्मीद है कि मैं जल्द ही हैट्रिक पूरी करूंगी।

पेरिस आने से पहले सिंधु ने जर्मनी के सारब्रुकेन में स्पोर्टकैंपस सार में अभ्यास किया जहां की समुद्र तल से ऊंचाई, मौसम और परिस्थितियां फ्रांस की राजधानी के समान हैं। परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए वहां उन्होंने अपने कमरे में एक हाइपोक्सिक चैंबर (कम ऑक्सीजन) बनाया और कुछ दिनों तक वहीं सोईं। हाइपोक्सिक चैंबर खिलाड़ी के शरीर को अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर खेलने के लिए तैयार करने में मदद करते हैं। मेरे पास बहुत अधिक समय नहीं था और इसलिए मैंने सोचा कि कहीं और जाने से बेहतर होगा कि यहीं उस तरह की परिस्थितियां तैयार की जाएं।

**महिला एशिया कप**

## सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ प्रबल दावेदार भारत

**दाम्बुला।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां एशिया कप सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी जिसमें शेफाली वर्मा की निगाहें आक्रामक प्रदर्शन करने पर लगी होंगी जबकि स्मृति मंधाना भी बड़ा स्कोर बनाने के लिए बेताब होंगी।

शेफाली ने अभी तक 158 रन बनाए हैं जिससे वह टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। निगार सुल्ताना की टीम के खिलाफ शेफाली को अच्छी शुरूआत करानी होगी क्योंकि विपक्षी टीम के पास धीमी गति के गेंदबाजों की भरमार है। भारत ने सभी तीनों मुकाबलों में प्रतिद्वंद्वी टीम को मात दी है। इसलिए बांग्लादेश की टीम टूर्नामेंट के इस चरण में खतरनाक टीम हो सकती है। यह मैच दोपहर दो बजे शुरू होगा।

# पंत और सैमसन में से एक का चयन कोच गंभीर के लिए बड़ी चुनौती

कोलंबो, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए ऋषभ पंत और संजू सैमसन में से किसी एक का चयन करना चुनौतीपूर्ण होगा।छोटे प्रारूप से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली को छोड़कर टी20 विश्व कप विजेता टीम के अधिकतर खिलाड़ी श्रीलंका दौरे पर आए हैं और ऐसे में पंत और सैमसन में से किसी एक का चयन करना आसान नहीं होगा क्योंकि यह दोनों ही आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं।

भारतीय बल्लेबाजी क्रम में भले ही दो स्थान खाली हैं लेकिन फिर भी इन दोनों में से किसी एक को बल्लेबाज के रूप में उतारना भी आसान नहीं होगा। पंत ने टी-20 विश्व कप में 171 रन बनाए जबकि सैमसन को एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला जबकि वह टीम का हिस्सा थे।



भारत और श्रीलंका के बीच यह शृंखला भारतीय टीम के लिए इसलिए महत्वपूर्ण बन गई है क्योंकि गंभीर की मुख्य कोच के रूप में यह पहली शृंखला है जबकि टीम के नए कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। गंभीर के पिछले रिकार्ड को देखते हैं तो यह निश्चित है कि टीम संयोजन में उनकी बात को अधिक तवज्जो दी जाएगी।

### चोट के कारण तुषारा टी-20 शृंखला से बाहर

**पालेकल।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा अभ्यास के दौरान हाथ में चोट लगने के कारण भारत के खिलाफ तीन मैच की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला से बाहर हो गए हैं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी के बुधवार को अभ्यास सत्र के दौरान बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी। श्रीलंका ने तुषारा की जगह एक अन्य तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को टीम में शामिल किया है। तुषारा की चोट श्रीलंका के लिए बड़ा झटका है क्योंकि यह तेज गेंदबाज शानदार फॉर्म में था। उन्होंने पिछले महीने टी-20 विश्व कप में श्रीलंका की तरफ से सर्वाधिक आठ विकेट लिए थे। उनका इकोनॉमी रेट भी 5 .62 था। तुषारा चोटिल होने के कारण इस शृंखला से बाहर होने वाले श्रीलंका के दूसरे तेज गेंदबाज हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## करगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर देशभर में पर्व जैसा माहौल, शहीदों को याद कर हुए भावुक

# मातृभूमि की रक्षा को अंतिम सांस तक डटे रहे थे जांबाज


यादों के झरोखों से...वर्ष 1999 में टाइगर हिल पर तिरंगा लहराते जवान।

मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने जीवन का अनुपम बलिदान देने वाले वीर जवानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनकी शहादत को राष्ट्र सदैव याद रखेगा। कारगिल युद्ध लगभग 50 दिन चला और भारतीय सैनिकों ने सीमित हथियारों के साथ दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया। पूरा भारत सेना के साथ एकजुट खड़ा हुआ और पाकिस्तान को अपनी राष्ट्रभक्ति की मिसाल दिखाई। आज भारत में बने युद्ध स्मारकों में ही नहीं बल्कि दूसरे देशों में बने युद्ध स्मारकों में भी भारतीय जवानों के नाम अंकित हैं। कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को देश के सैन्यकर्मी यादकर भावुक हो गए।



### भारत ने रक्षा क्षेत्र में जबरदस्त ताकत हासिल की : मलिक



जनरल (सेवानिवृत्त) वीपी मलिक ने कहा कि 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए कारगिल युद्ध के बाद से भारत ने रक्षा क्षेत्र में जबरदस्त ताकत हासिल की है। युद्ध के दौरान सेना प्रमुख रहे जनरल मलिक ने कहा कि कुछ कमज़ोरियों के कारण ही 1999 में पाकिस्तानी घुसपैठिए सीमा के इस पार घुसपैठ कर पाए थे। हमारे अधिकारियों और जवानों की बहादुरी के बल पर हमने पाकिस्तान के खिलाफ़ कारगिल युद्ध जीता था और पराजय के लिए विवश कर दिया गया।

### कारगिल युद्ध के बहादुरों का सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा: सीडीएस



प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि कारगिल युद्ध में बहादुर सैनिकों द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। जनरल चौहान ने कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर सशस्त्र बलों के सभी रैंकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा यह न केवल सैनिकों बल्कि देश के युवाओं की भावी पीढ़ियों को भी प्रेरित करता रहेगा। युद्ध की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए सीडीएस ने कहा कि कारगिल युद्ध में न केवल सेना के लिए बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सभी लोगों के लिए सबक थे।

### शहीदों की याद में पूर्व महिला सेना अधिकारी ने 160 किमी दौड़ लगाई



**मुंबई।** करगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर एक पूर्व महिला सेना अधिकारी ने श्रीनगर से द्रास तक 160 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) वर्षा राय ने चार दिन के अंदर 160 किलोमीटर की दूरी दौड़ते हुए पूरा की। उन्होंने कहा मैंने उन बहादुरों के सम्मान में दौड़ लगाई है जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल राय श्रीनगर से द्रास सेक्टर तक दौड़ लगाते हुए करगिल युद्ध स्मारक पहुंची। उन्होंने 19 जुलाई को अपनी यात्रा शुरू की थी और यह 22 जुलाई को समाप्त हुई। उनके साथ चिनार वारियर्स मैराथन टीम भी थी।



### मोदी आज जाएंगे कारगिल, विश्व की सबसे ऊंची सुरंग के लिए विस्फोट करेंगे



प्रधानमंत्री कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कारगिल क्षेत्र का दौरा करेंगे। वह लद्दाख में वीडिया कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विश्व की सबसे ऊंची शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट करेंगे। इस दौरान प्राणों की आहुति देने वाले शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शिंकुन ला सुरंग परियोजना में 4 .1 किलोमीटर लंबी दोहरी सुरंग प्रणाली का निर्माण किया जाएगा। यह सुरंग निमू-पदुम-दारचा मार्ग पर लगभग 15,800 फुट की ऊंचाई पर बनायी जा रही और इससे लेह के लिए हर मौसम में आवागमन की सुविधा होगी।

## एक नजर

### तुर्की में 72 आईएस संदिग्ध पुलिस हिरासत में

**तुर्की।** यहां की पुलिस ने आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट में शामिल होने के संदेह में 72 लोगों को हिरासत में लिया है। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। येरलिकाया ने सोशल मीडिया पर कहा आईएस के खिलाफ एक अभियान में 13 प्रांतों से 72 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

### कोलंबिया में फुटबॉल मैदान पर ड्रोन हमले, 10 की मौत

**बोगोटा।** दक्षिण-पश्चिम कोलंबिया के काउका विभाग में एक फुटबॉल मैदान पर मंगलवार रात हुए ड्रोन हमले में एक नाबालिग सहित 10 लोगों की मौत हो गई। काउका में आर्मी स्पेसिफिक कमांड के प्रमुख जनरल फेडेरिको मेजिया के अनुसार यह हमला अर्गेलिया शहर के एल प्लैटेडो जिले में कोलंबिया विद्रोही समूह के निष्क्रिय हो चुके क्रांतिकारी सशस्त्र बलों के असंतुष्टों द्वारा किया गया।

### सिंगापुर में आतंकवादी हमले का खतरा

**सिंगापुर।** इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बाद से सिंगापुर में संभावित आतंकवादी हमले का खतरा बना हुआ है। सिंगापुर आतंकवाद खतरा आकलन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बाद से आतंकवाद का खतरा बढ़ गया है। साथ ही, क्षेत्रीय चरमपंथी तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर सिंगापुर विरोधी बयानबाजी के भी मामले बढ़े हैं।

### गाजा से पांच इजरायली बंधकों के शव बरामद

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर से पांच इजरायली बंधकों के शव बरामद किए। सेना ने बताया कि जिन लोगों के शव बरामद किये गये हैं उनका पिछले अक्टूबर में हमास आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था और तब से वे गाजा में कैद थे।

# एलएसी पर शांति के बिना संबंध नहीं होंगे सामान्य

### आसियान देशों की बैठक में जयशंकर ने चीनी विदेश मंत्री के समक्ष रखी बात

लाओस, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को यहां अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की और बीजिंग के साथ द्विपक्षीय संबंधों में स्थायित्व लाने और पुनर्बहाली के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) तथा पिछले समझौतों का पूर्ण सम्मान सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। यह जयशंकर और वांग की इस महीने दूसरी मुलाकात थी।

दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) की बैठकों में भाग लेने के लिए लाओस की राजधानी में मौजूद दोनों नेताओं ने मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मजबूत मार्गदर्शन देने की आवश्यकता पर भी सहमति व्यक्त की। जयशंकर ने यहां आसियान विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान वांग से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया सीपीसी (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना) पोलित ब्यूरो सदस्य और (चीन के) विदेश मंत्री वांग यी से आज वियनतियान में मुलाकात की। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को लेकर चर्चा जारी रही। सीमा की स्थिति निश्चित रूप से हमारे संबंधों की स्थिति पर प्रतिबिंबित होगी। भारत का कहना है कि जब तक सीमा क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते।


आसियान देशों के नेताओं के साथ बैठक करते विदेश मंत्री जयशंकर। एजेंसी

### पिछले चार साल से दोनों सेनाओं के बीच गतिरोध

मई 2020 से भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच गतिरोध है तथा सीमा विवाद का पूर्ण समाधान अभी तक नहीं हो पाया है, हालांकि दोनों पक्ष टकराव वाले कई बिंदुओं से पीछे हटे हैं। गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी गिरावट आई थी। गतिरोध को हल करने के लिए दोनों पक्षों के बीच अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की वार्ता हो चुकी है। भारत चीन पर देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों से पीछे हटने का दबाव बनाता रहा है।

## बांग्लादेश को ममता की शरण संबंधी टिप्पणी पर आपत्ति, पत्र भेजा

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि की कि उसे बांग्लादेश से एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें हिंसा प्रभावित लोगों को शरण देने संबंधी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणी पर आपत्ति जताई गई है। विदेश मंत्रालय ने बनर्जी की टिप्पणियों को अस्वीकार करते हुए कहा कि किसी विदेशी देश के साथ संबंधों का मामला केंद्र सरकार का एकमात्र विशेषाधिकार है।

बनर्जी ने कोलकाता में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में अपने संबोधन में हिंसा प्रभावित बांग्लादेश का जिक्र करते हुए कहा था कि वह पड़ोसी देश से संकट में फंसे लोगों के लिए पश्चिम बंगाल के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण देंगी। बांग्लादेशी मीडिया में ऐसी खबरें थीं कि ढाका ने राजनयिक माध्यमों से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की टिप्पणियों पर अपनी नाराजगी नई दिल्ली को बता दी है।

कुछ सप्ताह पहले शुरू हुई झड़पों में 100 से अधिक लोग मारे गए थे। बांग्लादेश में कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने देशव्यापी कर्फ्यू लगा दिया था।

# मोदी की रूस यात्रा के समय को लेकर अमेरिका निराश



- अमेरिकी सांसदों ने भारत-रूस के बढ़ते संबंधों पर चिंता जताई

वाशिंगटन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐसे समय रूस की यात्रा करने को लेकर अमेरिका निराश है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन यहां नाटो शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे थे। यह बात अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उन सांसदों से कही, जिन्होंने भारत-रूस के बढ़ते संबंधों को लेकर चिंता जाहिर की थी।

मोदी ने 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन के निमंत्रण पर 8-9 जुलाई को रूस की आधिकारिक यात्रा की थी। यह यूक्रेन संघर्ष की शुरुआत के बाद से मोदी की पहली रूस यात्रा थी। भारत ने 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की अभी तक निंदा नहीं की है और लगातार बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के समाधान की वकालत की है। दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने यहां संसदीय बैठक में अमेरिकी सांसदों से कहा मैं मोदी की मॉस्को यात्रा के प्रतीकवाद और समय को लेकर हमारी निराशा के बारे में आपसे पूरी तरह सहमत हूं। हम अपने भारतीय मित्रों के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा यदि मैं उस यात्रा के संदर्भ पर कुछ प्रकाश डालूं तो संभव है कि आप कुछ आश्वस्त हों।

### भारत का दो टूक जवाब रूस से संबंध दीर्घकालिक

**नई दिल्ली।** भारत ने मोदी की रूस यात्रा और रूस के साथ उसके संबंधों पर अमेरिकी मंत्री डोनाल्ड लू की टिप्पणियों को खारिज करते हुए कहा कि भारत और रूस के संबंध दीर्घकालिक हैं और बहुध्रुवीय विश्व में इसकी सराहना करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि विश्व में सभी देशों को चयन की स्वतंत्रता है। अमेरिकी कांग्रेस में कार्यवाही के दौरान लू ने प्रधानमंत्री के रूस दौरे के समय को लेकर सवाल खड़ा किया और कहा कि भारत सस्ते हथियारों के लिए रूस पर निर्भर है।

## भारत से सभी समुदायों से समान व्यवहार पर बातचीत जारी : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार को कहा कि उसने सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों से समान व्यवहार के महत्व पर भारत के साथ चर्चा की है। कुछ राज्यों के ढाबा, होटल मालिकों को अपने भोजनालयों में नाम प्रदर्शित करने के लिए मजबूर करने संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने संवाददाताओं से कहा हमने ऐसी खबरें देखी हैं।

हमने उन खबरों को भी देखा है कि भारत के उच्चतम न्यायालय ने 22 जुलाई को उन निर्देशों के कार्यान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी। मिलर ने कहा इसलिए वे (निर्देश) वास्तव में अब प्रभावी नहीं हैं। सामान्य तौर पर, जैसा कि हम हमेशा कहते हैं, दुनिया में कहीं भी सभी धर्म और विश्वास की स्वतंत्रता के अधिकार के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देने और सम्मान देने को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा हमने सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों के लिए समान व्यवहार के महत्व पर अपने भारतीय समकक्षों के साथ बातचीत की है।

# कनाडा खालिस्तान समर्थक तत्वों के खिलाफ करे कार्रवाई

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कनाडाई अधिकारियों के समक्ष उठाया मुद्दा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय नेताओं और राजनयिकों को धमकी देने वाले खालिस्तान समर्थक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं करने को लेकर भारत ने कनाडा की आलोचना की। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को ऑनलाइन धमकी देने वाले दो लोगों के खिलाफ वहां के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई किये जाने के कुछ दिन बाद, भारत ने यह टिप्पणी की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा जब कोई लोकतंत्र कानून के शासन और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लागू करने के लिए अलग-अलग मानदंड अपनाता है, तो यह केवल उसके अपने दोहरे मापदंड को ही उजागर करता है।

### बार-बार हो रही हिंसा

जायसवाल ने कहा हम चाहते हैं कि हमारे खिलाफ दी जाने वाली धमकियों पर भी कानून के तहत कड़ी कार्रवाई हो। कनाडा के एडमोंटन में एक मंदिर में तोड़फोड़ की खबरों पर जायसवाल ने कहा कि भारत ने इस मामले को ओटावा के समक्ष जोरदार तरीके से उठाया है।

## दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स मिला

काठमांडू। नेपाल में एक दिन पहले दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है और यह जांच टीम को सौंप दिया गया है। दुर्घटना में एक बच्चे सहित 18 लोग मारे गए थे। सौर्य एयरलाइंस का पोखरा जा रहा बॉम्बार्डियर सीआरजे-200' विमान बुधवार को त्रिभुवन अतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। घटना में विमान में सवार 18 लोगों की मौत हो गई और पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया।

**कॉकपिट अलग होने से बच गया था पायलट :** दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में एक मात्र जिंदा बचा व्यक्ति विमान के पायलट कैप्टन मनीष हैं जो विमान में आग लगने से पहले कॉकपिट के अलग होने से सुरक्षित निकलने में सक्षम हुए।

# लोकतंत्र को बचाने के रास्ते में कोई बाधा नहीं आ सकती : बाइडेन

- बाइडेन का राष्ट्र के नाम संबोधन, चुनावी मैदान से हटने के कारण बताए

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देश में राष्ट्रपति पद के लिए होने जा रहे चुनाव की दौड से हटने के बाद व्हाइट हाउस ओवल ऑफिस से राष्ट्र के नाम संबोधन में चुनाव से चार महीने से भी कम का समय रहने के बीच मैदान से हटने के कारण के बारे में बताया। बाइडेन ने बुधवार रात को 11 मिनट के प्राइम-टाइम भाषण में कहा हमारे लोकतंत्र को बचाने के रास्ते में कोई बाधा नहीं आ सकती। इसमें व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा भी शामिल है। राष्ट्रपति ने 27 जून को बहस में खराब प्रदर्शन के बाद उनकी उम्र और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ गईं, जिसके कारण 30 से अधिक डेमोक्रेटिक सांसदों ने सार्वजनिक रूप से उनसे पद छोड़ने का आग्रह किया। बाइडेन ने कहा इसलिए मैंने निर्णय किया है कि आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि मशाल को नयी पीढ़ी के हाथों सौंप दिया जाये। यह हमारे राष्ट्र को एकजुट करने का सबसे अच्छा तरीका है। अमेरिकी अब जो निर्णय लेते हैं, वे आने वाले दशकों के लिए राष्ट्र और दुनिया का भाग्य निर्धारित करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित करने के लिए अपना पूरा समर्थन दिया है। साथ ही उन्होंने डेमोक्रेट्स से रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को हराने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। हैरिस ने बहुत जल्दी ही डेमोक्रेटिक पार्टी के कई नेताओं का समर्थन हासिल कर लिया।

## कमला हैरिस शासन करने के योग्य नहीं : डोनाल्ड ट्रंप

- चुनावी रैली को संबोधित करते हुए डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी पर किया तीखा हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस देश में शासन करने के योग्य नहीं हैं। हैरिस के संभावित उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार अपनी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी पर यह तीखा हमला किया। राष्ट्रपति जो बाइडेन (81) ने बीते सप्ताहांत में राष्ट्रपति पद की चुनावी दौड़ से अपना नाम वापस लिए जाने के बाद कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन किया था। हैरिस (59) अब संभावित डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हैं और अगस्त में ''डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में उन्हें आधिकारिक तौर पर पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। ट्रंप ने कहा कमला हैरिस अमेरिकी इतिहास की सबसे उदार निर्वाचित राजनीतिज्ञ हैं। वह एक अति-उदारवादी राजनीतिज्ञ हैं। वह बर्नी सैंडर्स से भी ज़्यादा उदार हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने आरोप लगाया अगर वह कभी सत्ता में आईं तो वह इस देश को बहुत तेज़ी से नष्ट कर देंगी।

## बॉलीवुड हलचल



# बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती हैं सोनम

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री और अनिल कपूर की पुत्री सोनम कपूर फिर से बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती है। सोनम कपूर ने वर्ष 2018 में बिजनेसमैन आनंद आहूजा के साथ शादी की और वर्ष 2022 में मां बनी। सोनम कपूर लंबे अरसे से फिल्मों से दूर है।सोनम कपूर ने बताया है कि वह जल्द ही फिल्मों में कमबैक करने वाली हैं। सोनम कपूर ने बताया, मैं फिर से एक्टिंग शुरू करने वाली हूं, चाहे लोग मुझे चाहें या ना चाहें। सोनम ने बताया कि उन्हें अब भी जो रोल ऑफर हो रहे हैं वो 20 साल की उम्र वाले किरदार हैं। सोनम कपूर ने अपनी कजिन सिस्टर्स जान्हवी कपूर और खुशी कपूर का उदाहरण देते हुए कहा, मैं जान्हवी या खुशी जितनी यंग नहीं दिखती, लेकिन मैं इस बात के लिए बहुत खुश हूं कि लोग मुझे एक ऐसे इंसान के रूप में देखते हैं जिसकी उम्र ज्यादा नहीं है। भले ही मेरा एक बच्चा हो।

## श्रद्धा ने की तमन्ना की तारीफ



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने तमन्ना भाटिया की तारीफ करते हुये कहा है कि उन्होंने इतनी हसीन स्त्री, कभी नहीं देखी है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं।इस फिल्म का पहला गाना रिलीज कर दिया है। इस गाने में तमन्ना भाटिया नजर आ रही है। आज की रात गाने की रिलीज के बाद से तमन्ना भाटिया सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही हैं। तमन्ना भाटिया ने स्त्री 2 के इवेंट का लुक अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जहां फैंस ने जमकर उनकी तारीफ की।

### लव रंजन की एक्शन फिल्म में काम करेंगे अजय देवगन

**मुंबई।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन, फिल्मकार लव रंजन की एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। अजय देवगन ने लव रंजन की सुपरहिट फिल्म दे दे प्यार दे में काम किया है। अजय इन दिनों लव रंजन फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम कर रहे है। अजय देवगन एक और फिल्म में लव रंजन के साथ काम करने जा रहे हैं।यह एक हाई बजट एक्शन फिल्म होगी। कहा जा रहा है कि इस एक्शन फिल्म का निर्देशन जगन शक्ति कर रहे हैं।

**खगोल विज्ञान** — नई जानकारी को वैज्ञानिकों ने वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी का नाम दिया

# शुक्र के वातावरण में तैर रही अम्लीय बादल की दीवार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** शुक्र ग्रह के वातावरण में एक नए बदलाव की जानकारी आई है। वैज्ञानिकों ने इसे वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी यानी शुक्र बादल विच्छेदन नाम दिया है। यह अम्लीय बादलों का बड़ा जखीरा है, जो ऊंची दीवार के रूप मे शुक्र के वातावरण से गुजर रही है।

इटली के एमेच्योर वैज्ञानिक लुइगी मोरोन ने पिछले सप्ताह इसका पता लगाया है। वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी अपेक्षाकृत नई तरह की अलग खोज है। जिसके संकेत 2016 में जापान के वीनस ऑर्बिटर अकात्सुकी से मिल गए थे। बादलों का यह विशाल जखीरा शुक्र के भूमध्य रेखा को लंबवत रूप से काटती हुई जा रही है, जो लगभग 5000 मील तक फैली हुई है। यह लगभग 200 मील प्रति घंटे की गति से शुक्र की परिक्रमा कर रही है। यह वायुमंडलीय व्यवधान शुक्र पर मौसम के संदर्भ में नई घटना है। किसी अन्य ग्रह पर इस तरह की घटना अभी तक नही देखी गई है। बहरहाल शुक्र के इस विचित्र बदलाव के कारण का अभी पता नही चल पाया है। ज्ञातब्य हो शुक्र का वातावरण वायुमंडल बेहद घना है। माना जाता है कि वह पृथ्वी के वायुमंडल से लगभग 90 गुना अधिक विशाल है। इसके वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड गैस 96 फीसद है। नाइट्रोजन की मात्र सिर्फ 3 प्रतिशत है। सल्फ्यूरिक एसिड बादलों की एक मोटी परत इसके वातावरण में तैरती है। शुक्र का रंग पीला नजर आता है।


कुछ तरह का है शुक्र ग्रह का वातावरण का काल्पनिक चित्र।

### क्यों बदल गया वातावरण

शुक्र ग्रह का वातावरण कैसे बदल गया ? यह ऐसा प्रश्न है, जिसका उत्तर आज तक नही मिल सका है। अत्यधिक कार्बन डाइऑक्साइड के साए में घिरे शुक्र का पारा निरंतर बढ़ रहा है। माना जाता है कि कभी पृथ्वी के समान शुक्र की जलवायु हुआ करती थी। सागर व नदिया बहा करती थी। मगर ऐसा क्या हुआ, हो जो सब गायब हो गया और एसिड की बारिश इसके ऊपरी वातावरण में होने लगी।

### प्राचीन काल में ही हो गई थी शुक्र ग्रह की पहचान

**नैनीताल।** शुक्र ग्रह चन्द्रमा के बाद आकाश मे हमारा सबसे निकटतम पड़ोसी है। आसमान मे सबसे ज्यादा चमकने वाला ग्रह भी। रोमन लोग इसे वीनस, यूनानी कुप्रोस जिसका लैटिन रूप सिप्रिस जिसका अर्थ है शुक्र कहते थे। वहीं ऋग्वेद मे वेन शब्द को आकाश की चमकीली ज्योति कहा गया है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का मत था कि वेन, वीनस, कुप्रिस और शुक्र शब्द एक ही अर्थ के घोतक हैं। चार हजार वर्ष पूर्व जब यूनानियों और भारतीय आर्यो के पूर्वज एक स्थान पर रहते थे, तब वे शुक्र को पहचानकर इसका नामकरण कर चुके थे।